WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2| छत्तीसगढ़ 4| अभिव्यक्ति 8| छत्तीसगढ़ 11| देश विदेश

बिलासपुर, गुरूवार, 27 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 217 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भारत को मिली कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी, अहमदाबाद में होंगे गेम्स

ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक में आईओए की प्रेसिडेंट पीटी ऊषा ने ऑफिशियल डॉक्यूमेंट में किया साइन

ओलिंपिक गेम्स 2036 की दावेदारी मजबूत होगी

नई दिल्ली/ए.। भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिल गई है। बुधवार को स्कॉटलैंड के ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को होस्ट सिटी घोषित किया गया। भारत 15 साल के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 2010 में नई दिल्ली इन गेम्स का आयोजन किया गया था। तब भारतीय खिलाड़ियों ने 38 गोल्ड समेत 101 मेडल जीते थे।

कॉमनवेल्थ की टीम दो बार गुजरात का दौरा कर चुकी: अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्य ■ शेष पृष्ठ 6

20 साल बाद भारत में कोई मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट

- 20 साल के बाद भारत में कोई मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट होने जा रहा
- पहले 2010 में नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन
- सीडब्ल्यूसी के अलावा, भारत 1951 और 1982 एशियन गेम्स की मेजबानी कर चुका
- 2003 में हैदराबाद में एफ्रो-एशियन कप का आयोजन भी हुआ था

ओलिंपिक-2036 की दावेदारी मजबूत होगी

कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने से ओलिंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी मजबूत होगी। भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले की से इसका ऐलान किया था। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी।

अहमदाबाद के अलावा अबुजा भी था दौड़ में शामिल

पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद में इन खेलों के आयोजन की सिफारिश की थी। अब ग्लास्गो में हुई आमसभा की बैठक में इसे अंतिम मंजूरी मिल गई है। अहमदाबाद के अलावा नाइजीरिया का अबुजा मेजबानी की दौड़ में शामिल था, लेकिन भारत बाजी मारने में सफल रहा। राष्ट्रमंडल खेल को 2030 में 100 साल भी पूरे होने जा रहे हैं, ऐसे में इस ऐतिहासिक मौके पर भारत में इन खेलों का आयोजन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

आज बेबाक

बंगाल में एसआईआर से वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बौरा गई हैं। वहां से रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए डर कर भाग रहे हैं। इससे ममता दीदी का वोट बैंक खत्म हो रहा है और उनकी राजनीतिक दुकानदारी के बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। नतीजतन दीदी अब दादागिरी पर उतर आई है। उन्होंने सीधे केन्द्र सरकार को धमकी दी है कि एसआईआर से उनके वोट बैंक पर आंच आई तो वे पूरे भारत देश को हिलाकर रख देंगी। इस तरह की गीदड़भभकी देने वाली दीदी यह समझ लें कि भीगी बिल्लियों के छींकने से पहाड़ नहीं गिरा करते।

राज्य वीरता पुरस्कार: बहादूर बच्चों को छत्तीसगढ़ सराकर देगी 25 हजार नकद इनाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के बच्चों को किसी विशेष घटना में प्रदर्शित उनके अदम्य साहस, बुद्धिमत्ता और वीरता के सम्मान में 'राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2025' प्रदान करने जा रही है। इस पुरस्कार के अंतर्गत 5 बालक/बालिकाओं को 25 हजार रुपए नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार से संबंधित ज्यादा जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जी. ई. रोड, रायपुर स्थित कार्यालय के सूचना पटल पर 20 दिसंबर तक देखी जा सकती है। इच्छुक आवेदक अपनी प्रविष्टियां 20 दिसंबर 2025 तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रस्तुत कर सकते हैं।

कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

नई दिल्ली/ए.। देश की मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (38) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार दीप्ति का शव ड्रेसिंग रूम के पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें लेकर अस्पताल गए, जहां दीप्ति को मृत घोषित कर दिया गया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने अपने पति के साथ विवाद का जिक्र किया है। दीप्ति ने डायरी में लिखा, 'अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर उस रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है।

विदेश भेजने वाले पैसे से 10% से ज्यादा नहीं काट सकते टीडीएस :सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि यदि संबंधित देश के साथ भारत का डबल टैक्स एडवांस एग्रीमेंट है तो अनिवासी भारतीय या विदेशी कंपनियों को भेजी जाने वाली धनराशि पर टीडीएस 10% से अधिक काटा जा सकता। यह फैसला उन मामलों पर लागू होगा, जहां विदेशी प्राप्तकर्ता डीटीएए के लाभ लेने के योग्य हैं। अदालत ने कहा कि यदि डीटीएए में अधिकतम टैक्स 10' तय है, तो आयकर विभाग 20' टीडीएस की मांग नहीं कर सकता भले ही विदेशी कंपनी या प्राप्तकर्ता ने पैन उपलब्ध न कराया हो।

केन्द्रीय कैबिनेट : दुर्लभ धातुओं पर सरकार का बड़ा कदम

मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने 7,280 करोड़ की मंजूरी

नई दिल्ली/आईएएनएस। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कुल 19,919 करोड़ रुपये की चार बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें 7,280 करोड़ की दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट निर्माण योजना शामिल है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा क्षेत्र के लिए अहम मानी जा रही है।

इसके अलावा, पुणे मेट्रो विस्तार के लिए 9,858 करोड़, देवभूमि द्वारका (ओखा)-कनालस रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए 1,457 करोड़ और बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,324 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बक योजना के लिए 7,280 करोड़

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को होने वाली बैठक में दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट के लिए एक नई प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए करीब 7,280 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित है, जो पहले के 2,500 करोड़ रुपये के अनुमानित पैकेज से लगभग तीन गुना अधिक है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब चीन ने निर्यात नियंत्रण कड़े कर दिए हैं। चीन वैश्विक दुर्लभ पृथ्वी कच्चे माल का 60-70%और प्रोसेसिंग का 90% हिस्सा नियंत्रित करता है।

क्यों है यह योजना अहम?

केंद्रीय सरकार ने दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बक निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह की पहली योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य सिंटर किए गए आरईपीएम के उत्पादन के लिए एकीकृत विनिर्माण सुविधाएं विकसित करना है, जिसमें दुर्लभ मृदा ऑक्साइड को धातुओं में, धातुओं को मिश्रधातुओं में और आखिर में मिश्रधातुओं को तैयार चुम्बकों में बदलने की प्रक्रिया शामिल होगी। योजना पर लगभग 7,200 करोड़ का निवेश होगा। इसके तहत 1,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की क्षमता का सृजन और 1,200 एमटीपीए क्षमता वाली इकाइयों की स्थापना की जाएगी। योजना की अवधि कुल 7 वर्ष होगी, जिसमें विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 2 वर्ष का समय निर्धारित है। दुर्लभ पृथ्वी तत्वों का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा उत्पादन में होता है। भारत में इस क्षेत्र को अभी पर भी सीमित फंडिंग, ■ शेष पृष्ठ 6



चीन का दबाव और भारत की रणनीति

एक रिपोर्ट के अनुसार चीन ने भारत में उपयोग के लिए दुर्लभ पृथ्वी मैग्नेट के निर्यात के शुरुआती लाइसेंस जारी किए हैं, लेकिन भारतीय कंपनियों को अब तक कोई लाइसेंस नहीं मिला है। भारत की वार्षिक मांग लगभग 2,000 टन ऑक्साइड की है, इसे पूरा करने के लिए कई वैश्विक सप्लायर रुचि दिखा रहे हैं। सरकार सिंक्रोनस रिलक्टेंस मोटर्स पर अध्ययन को फंड कर रही है, ताकि भविष्य में दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के मामले में देश के बाहर से होने वाले आयात पर निर्भरता कम की जा सके।

इन परियोजनाओं को हरी झंडी

- 7,280-रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट निर्माण योजना
- 1,457-देवभूमि द्वारका (ओखा) - कनालस रेलवे लाइनकादोहरीकरण
- 9,858-पुणे मेट्रो का विस्तार
- 1,324- बदलापुर - कर्जत तीसरी और चौथी रेलवे लाइन

19,919-सभी परियोजनाओं पर कुल आवंटन, राशि आवंटन (करोड़)

रेल मंत्री वैष्णव से मिलकर मुख्यमंत्री साय बोले

47000 करोड़ की परियोजनाओं को समय पर पूरा करना जरूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के मुद्दे पर मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। सीएम साय ने राज्य की लोगों, उद्योग और व्यापार जगत की जरूरतों को ध्यान में रखकर पहले से मंजूर 47447 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करने की आवश्यकता जताई। रेल मंत्री वैष्णव ने भरोसा दिया कि छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को मजबूत करना रेल मंत्रालय की प्राथमिकता है।

रेल विकास अब स्वर्णिम युग

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का रेल विकास अब स्वर्णिम युग में प्रवेश कर चुका है। रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस की शुरुआत से पर्यटन, व्यापार और शिक्षा के विकास में मदद मिली है। वर्ष 2014 से 2030 के बीच राज्य में रेल लाइन का विस्तार दोगुना होने जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6

राज्य में चल प्रमुख परियोजनाएं

छत्तीसगढ़ जल्द देश के प्रमुख रेल कॉरिडोर का केंद्र बनेगा। राज्य में 47447 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसमें खरसिया-नवा रायपुर-परमालकसा, गेवरा-पेंड्रा, रावघाट-जगदलपुर, खरसिया-धरमजयगढ़ और बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई मिलेगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग सहित प्रदेश के 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक पुनर्विकास भी तीव्र गति से जारी है। इससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी।

माओवाद को बड़ा झटका, 41 कैडरों ने छोड़ी बंदूक, मुख्यधारा में लौटे

आत्मसमर्पण करने वालों में कई बड़े नाम

पीएलजीए बटालियन-1 के 5 सदस्य, 3 एरिया कमेटी मेंबर, कई प्लाटून कमांडर, मिलिशिया कमांडर और जनताना सरकार के बड़े पदाधिकारी शामिल है।

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बुधवार को माओवादियों को करारा झटका लगा। कुल 41 माओवादी कैडरों ने हथियार डाल दिए और समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। इन पर कुल 1 करोड़ 19 लाख रुपये का इनाम था। इनमें 12 महिलाएं और 29 पुरुष हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में कई बड़े नाम शामिल हैं। इनमें पीएलजीए बटालियन-1 के 5 सदस्य, 3 एरिया कमेटी मेंबर, कई प्लाटून कमांडर, मिलिशिया कमांडर और जनताना सरकार के पदाधिकारी हैं। ज्यादातर (39) दक्षिण सब-जोनल ब्यूरो के हैं, जबकि कुछ तेलंगाना स्टेट कमेटी और धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ डिवीजन से भी हैं। सबसे बड़े इनामी कैडरों में पति-पत्नी पण्डरू हपका उर्फ मोहन और बण्डी हपका शामिल हैं, ■ शेष पृष्ठ 6

ट्रक-स्कॉर्पियो में भिड़ंत

2 जवान समेत 5 की मौके पर हुई मौत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है। नेशनल हाइवे 49 पर सुकली के पास ट्रक और स्कॉर्पियो की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 2 भारतीय सेना के जवान भी शामिल हैं। इनमें 1 जवान की 8 दिन पहले शादी हुई थी। हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा सभी बारात में शामिल होकर वापस नवागढ़ लौट रहे थे। दुर्घटना मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे हुई है। सुकली के पास रायगढ़ की ओर बिलासपुर जा रही ट्रक और जांजगीर से नवागढ़ की दिशा में जा रही कार आपस में टकरा गई।

डीजीपी- आईजीपी कॉन्फ्रेंस: नवा रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक बड़ी गाड़ियों पर प्रतिबंधित

राज्य और केंद्र के बीच समन्वय और सूचना साझा करने पर रहेगा विशेष जोर

इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश जारी कर दिया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक डीजीपी- आईजीपी कॉन्फ्रेंस होगा। कांफ्रेंस के दौरान सुबह 5 से रात्रि 12 बजे तक नवा रायपुर के सभी मार्गों में मध्यम और भारी वाहन का प्रवेश और आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। कांफ्रेस में देशभर के सभी राज्यों के पुलिस प्रमुख, नक्सल ऑपरेशन से जुड़े अधिकारी, केंद्रीय सुरक्षा बलों और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राज्य और केंद्र के ■ शेष पृष्ठ 6

नक्सलवाद खात्मे पर रहेगा जोर

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि अगले साल मार्च में देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। देश में अकेला छत्तीसगढ़ राज्य देश के अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों में शामिल है जहां इसका सबसे अधिक प्रभाव है। यही कारण है कि राज्य में होने वाली नक्सल वारदातों पर केंद्र की नजर भी रहती है। यहां होने वाली डीजी कांफ्रेस में नक्सलवाद के खात्मे पर चर्चा और मंथन होना तय माना जा रहा है।

संविधान राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ, विश्व के लिए उदाहरण: राष्ट्रपति मुर्मु

भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए उदाहरण

नई दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान को राष्ट्रीय अस्मिता और पहचान का ग्रंथ बताते हुए कहा है कि बीते दशक में हमारी संसद ने इसके मूल्यों पर चलते हुए जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अनेक कार्य किये हैं। मुर्मु ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में अपने अभिभाषण में कहा कि संविधान सभा ने संसदीय प्रणाली को अपनाने के पक्ष में जो ठोस तर्क दिये गए थे वे आज भी प्रासंगिक हैं। विश्व के विशालतम लोकतन्त्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा ,' हमारे संविधान निर्माता ■ शेष पृष्ठ 6

संविधान दिवस: मोदी ने नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सबसे पहले रखने पर दिया जोर

भारत अब 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संविधान दिवस के मौके पर नागरिकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को सबसे पहले रखें क्योंकि भारत अब एक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। श्री मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नागरिकों को पत्र लिखकर 1949 में संविधान को ऐतिहासिक रूप से अपनाए जाने का स्मरण करते हुए राष्ट्र की प्रगति में इसकी स्थायी भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में सरकार ने इस पवित्र दस्तावेज़ के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया था। श्री मोदी ने इस बात का उल्लेख किया कि कैसे संविधान ने साधारण पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को उच्चतम स्तर पर ■ शेष पृष्ठ 6

संविधान में आस्था रखकर आगे बढ़ रहा भारत : मुख्यमंत्री साय

संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 75वें संविधान दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित टाउन हॉल में आयोजित हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने उपस्थित जनसमूह के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने संविधान पर आधारित लघु फिल्म भी देखी और जनप्रतिनिधियों के साथ इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सेल्फी ली। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत सदैव संविधान में आस्था रखते हुए आगे बढ़ रहा है। संविधान प्रत्येक ■ शेष पृष्ठ 6

नक्सल पुनर्वास केंद्र सुकमा में 25 लोगों को बांटे गए 5जी स्मार्टफोन

■ आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिला नया जीवन पथ

■ 25 आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिला 5जी स्मार्टफोन

■ डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सुकमा दौरे के दौरान आधुनिक 5जी मोबाइल उपलब्ध कराने के दिए थे निर्देश

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार आत्मसमर्पित नक्सलियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण 5जी स्मार्टफोन बांट रही है। इसी कड़ी में पुनर्वास एवं मुख्यधारा से जुड़ने के सरकारी प्रयासों को मज़बूती देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में पुनर्वास केंद्र सुकमा में 25 आत्मसमर्पित नक्सलियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण 5जी स्मार्टफोन प्रदान किए गए। यह वितरण कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में किया गया।

गौरतलब है कि, 22 नवंबर को अपने सुकमा प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुनर्वास केंद्र में रह रहे सभी लोगों को आधुनिक 5जी मोबाइल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, ताकि वे तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें और समाज की मुख्यधारा में सुगमता से जुड़ सकें।

इसी कड़ी में मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर मधु तेता एवं डीएसपी मोनिका श्याम द्वारा 25 पुनर्वासित युवाओं को सैमसंग गैलेक्सी एम06 5जी मोबाइल प्रदान किए गए, जिनमें 50 मेगापिक्सल डुअल कैमरा तथा 5000 एमएएच की फास्ट-चार्जिंग सपोर्ट बैटरी जैसी उन्नत विशेषताएँ मौजूद हैं।

इस पहल से पुनर्वास प्रक्रिया में मिलेगी मदद

इस पहल को नक्सलवाद विरोधी अभियान में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य पुनर्वासित व्यक्तियों को न केवल समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है, बल्कि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार करना भी है। अब ये आत्मसमर्पित व्यक्ति ऑनलाइन शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, छोटे व्यवसाय शुरू करने की विधियों और अन्य स्वरोजगार के अवसरों को तलाशने में मदद करेगा। यह पुनर्वास प्रक्रिया को न केवल व्यावहारिक बल्कि मानवीय स्पर्श भी प्रदान करता है।

जो बच गए उन्हें भी जल्द मिलेगा स्मार्ट फोन

जिला प्रशासन के द्वारा बताया गया कि, शेष पुनर्वासित लोगों को भी शीघ्र ही 5जी स्मार्टफोन उपलब्ध करा दिए जाएंगे। यह पहल न केवल बेहतर संचार और तकनीकी सुविधा उपलब्ध कराएगी, बल्कि इन युवाओं को रोजगार, शिक्षा एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

संत ज्ञानेश्वर के बच्चों ने जीता बेस्ट क्राफ्टमेनशिप अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय में बीते दिनों आयोजित साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता 4.0 में एयर पॉल्यूशन और फ्लोइजी का वर्किंग मॉडल बनाकर महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय बेस्ट क्राफ्ट मेनशिप अवार्ड अपने नाम कर लिया बतादें कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझते हुए कार्यात्मक मॉडल तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में प्रस्तुत मॉडल वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों, नवाचारी सोच और वर्तमान चुनौतियों के रचनात्मक समाधानों पर आधारित थे। विभिन्न विभागों के छात्र पर्यावरण, सतत विकास, कृषि, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, सामुदायिक कल्याण और सामाजिक विकास जैसे विविध विषयों पर अपने मॉडल प्रदर्शित किया। स्कूल की शिक्षिका रीता संभलकर ने बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता 4.0 का आयोजन बीते दिनों किया गया था। जिसमें हमारे विद्यालय की दो टीम ने हिस्सा लिया था। पहली टीम में दीपिका अग्रवाल और प्रियंका सोनवानी शामिल थीं। इन्होंने अपने मॉडल एयर पॉल्यूशन पर प्रस्तुत किया। दूसरी टीम में गौरांश साहू, पूर्वी साहू और वर्षा परीडा शामिल थे। इन्होंने अपने नवाचारी मॉडल फ्लोइजी को प्रस्तुत किया। इस मॉडल ने प्रतियोगिता में बेस्ट क्राफ्ट मेनशिप अवार्ड जीता। इस टीम को 5000 रुपये की नकद राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति ने स्न्रद्यश्च2श्च्ड्डह्यद्ग मॉडल की विशेष सराहना की और घोषणा की कि उनकी टीम हमारे विद्यार्थियों की इस मॉडल का पेटेंट दर्ज कराने में सहायता करेंगे। बच्चों को स्कूल की शिक्षिक नीदा सुल्तान लेकर गई थी।

नियमों की अनदेखी पर उठे गंभीर सवाल !

धान घोटाले के आरोपी कर्मचारी को फिर मिली जिम्मेदारी

कोरिया/नवप्रदेश। सुराजपुरब जिले में धान खरीदी और परिवहन व्यवस्था में करोड़ों रुपए के गबन और अनियमितताओं का आरोप झेल चुके कंप्यूटर ऑपरेटर दीपेश साहू को कोरिया जिले के धान खरीदी समिति जामपारा में नियुक्ति का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। सूरजपुर जिले के विस्तृत जांच रिपोर्टों में सामने आए धांधली के तथ्य, धान की फर्जी एंट्री, परिवहन आदेशों में हेराफेरी और सरकारी खाद्यान्न के गबन के बावजूद दीपेश साहू को बैकुंठपुर जामपारा समिति में दोबारा पदस्थ कर दिया गया है। इस निर्णय ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर नियमों को दरकिनार कर किस आधार पर ऐसे कर्मचारी को दोबारा जिम्मेदारी दी जा रही है।

जांच प्रतिवेदन के अनुसार सूरजपुर जिले में धान परिवहन और संग्रहण केंद्रों में 2017 से लेकर 2020 तक विभिन्न केंद्रों पर भारी अनियमितताएँ पाई गईं। कई मौकों पर धान की एंट्री एक ही दिन में दो-दो बार की गई, ट्रकों की फर्जी रसीदें बनाकर धान को कहीं और भेजा गया, तथा वास्तविक स्टॉक और ऑनलाइन रिपोर्ट में भारी अंतर पाया गया। रिपोर्टों के अनुसार 18,95,62,900 रुपए का धान कम पाया गया, जबकि कुल गड़बड़ी की राशि लगभग 20 करोड़ से अधिक आंकी गई है।इतने बड़े घोटाले में दीपेश साहू की भूमिका जांच में प्रमाणित होने के बावजूद, उसे निलंबित करने या सेवा से पृथक करने के बजाय पुनः जिम्मेदारी सौंप दी गई। यह निर्णय न केवल शासन के नियमों के विपरीत है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विभागीय स्तर पर गंभीर अनियमितताओं को किस तरह दबाया जा रहा है।

क़ानून विशेषज्ञों के अनुसार, सरकारी खाद्यान्न के गबन या फर्जीवाड़े के मामलों में भारतीय दंड संहिता (ढ्ढक्क्) की धारा 409 (लोकसेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 467-468 (फर्जी दस्तावेज तैयार करना), तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13 लागू होती हैं। इन धाराओं के तहत दोषी पाए जाने वाले अधिकारी या कर्मचारी को न केवल सेवा से निलंबित किया जाता है, बल्कि विभाग में पुनः पदस्थ करने पर पूर्ण प्रतिबंध होता है।

इसके बावजूद विभाग द्वारा दीपेश साहू को कोरिया जिले के जामपारा समिति में फिर से नियुक्त करना यह दर्शाता है कि या तो मामले को हल्के में लिया जा रहा है, या फिर किसी राजनीतिक अथवा प्रशासनिक दबाव में निर्णय लिया गया है।स्थानीय किसानों और सामाजिक संगठनों ने इस निर्णय पर कड़ा विरोध दर्ज करते हुए कहा है कि जब करोड़ों की गड़बड़ियां सामने हैं तो ऐसे कर्मचारी को पुनः जिम्मेदारी देना सरकारी तंत्र पर अविश्वास की स्थिति पैदा करता है।

मंत्रालयीन अधिकारियों को भारत के संविधान उद्देशिका का कराया सामूहिक वाचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव श्री विकासशील ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारियों को आज 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक रूप से वाचन कराया। मुख्य सचिव ने भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया कि ''हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई. को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है।''इस मौके पर मुख्य सचिव ने भारत के संविधान की उद्देशिका के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, माननीय मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, प्रमुख सचिव विधि विभाग श्रीमती सुषमा सावंत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी.दयानंद, नगरीय प्रशासन एवं मुख्यमंत्री के सचिव श्री बसवराजू एस.,सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

अयोध्या के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

■ नगरी के 31 भक्त रामलला दर्शन के लिए रवाना

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगरी से रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान पूरा माहौल श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो उठा। कुल 31 रामभक्तों की टोली विशेष रूप से व्यवस्था की गई बस से रायपुर जायेंगे। इसके बाद सभी श्रद्धालु विशेष तीर्थयात्रा ट्रेन से अयोध्या धाम पहुँचेंगे। जहां पर वे भगवान श्री रामलला के दर्शन करेंगे। वहीं चार दिवसीय पवित्र यात्रा में अयोध्या के साथ ही काशी और अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। रवानगी से पहले सभा हाल में सभी श्रद्धालुओं का आरती उतारकर पारंपरिक रूप से सम्मान किया गया। आयोजन स्थल पर उत्साह, भक्ति और आनंद का ऐसा वातावरण था कि, हर कोई भावविभोर दिखाई दिया। समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, यह तीर्थयात्रा न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगी, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश देगी। भक्ति, उल्लास और राम नाम के जयघोषों के बीच श्रद्धालुओं का जत्था अपनी पावन यात्रा पर प्रस्थान कर गया।

बाबा काशी विश्वनाथ के भी करेंगे दर्शन

इस चार दिवसीय धार्मिक यात्रा में श्रद्धालु न केवल अयोध्या राम मंदिर की दिव्य अनुभूति प्राप्त करेंगे, बल्कि काशी विश्वनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर तथा अन्य महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थलों के भी दर्शन करने का सौभाग्य पाएंगे। धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर यह जत्था आगामी 30 तारीख को नगरी लौटेगा।

सड़क निर्माण में हुई गड़बड़ी को लेकर सीएम से की गई शिकायत

रायगढ़/नवप्रदेश। गांव में आधी-अधूरी सीसी सड़क निर्माण कर लाखों रुपए डकारने की शिकायत ग्रामीणों ने सीएम जनदर्शन में की है। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि सितंबर माह में काम पूरा बताकर राशि निकाल लिया है। जबकि जितने दूरी के लिए सड़क निर्माण होना था उतना हुआ ही नहीं है। उक्त मामला खरसिया के ग्राम मौहापाली की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया ब्लॉक अंतर्गत मौहापाली के ग्रामीणों ने सीएम जनदर्शन में शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत मौहापाली में 2024-25 में सांसद मद से 8 लाख बदन घर से जीतराम घर तक सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ था। जिसमें निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत मौहापाली है। उन्होने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में एजेंसी द्वारा अनियमितता बरतते हुए कुछ मीटर ही सड़क का निर्माण किया गया है। साथ ही15 सितंबर 2025 को सड़क को पूर्ण बताते हुए राशि का आहरण कर लिया गया है। इसी तरह मौहापाली में ही 2024-25 में देवस्थल से नाला पार तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 15 वें वित्त से 6 लाख की राशि स्वीकृत हुआ था। जिसे ग्राम पंचायत मौहापाली एजेंसी ने कराया है।16 सितंबर को सड़क पूरा बता दिया गया है, मगर सड़क आधा-अधूरा है। ऐसे में ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

बैंक खातों के जरिए साइबर फ्रॉड का खुलासा, 16 गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। मोहन नगर पुलिस ने साइबर ठगी में उपयोग किए जा रहे म्यूल अकाउंट के बड़े फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ करते हुए 16 खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। इन खातों का इस्तेमाल देशभर में सक्रिय साइबर ठगों ने धोखाधड़ी से अर्जित राशि को खपाने और आगे बढ़ाने के लिए किया था।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कार्रवाई भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से मिले इनपुट के आधार पर की गई। पोर्टल से मिली जानकारी में कर्नाटक बैंक, मोहन नगर शाखा के 22 खातों में करीब 11 लाख रुपए की संदिग्ध राशि जमा पाए जाने की बात सामने आई थी।

जांच में पुष्टि हुई कि ये रकम विभिन्न ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग और साइबर ठगी गतिविधियों से प्राप्त की गई थी, जिसे खाताधारकों ने निकाला, खर्च किया या अन्य खातों में ट्रांसफर कर आगे बढ़ाया।

सभी आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने व्यापक तलाश के बाद कलविंदर सिंह, चौहान जीवन, निधि बघेल, लालकृष्ण साहू, राहुल यादव, पंकज चौबे, अक्षय सोनी, पायल सोनी, राज सिंह, राहुल कुमार जयसेल, उज्जवल सिंह, पंकज टंडन, हेमंत दलाई, रामअवतार यदु, मुकुंद सेन और राम दुबे को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ धारा 317(2), 317(4), 318(4), 111, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

कैसे काम करता था गैंग?

एएसपी ने बताया कि आरोपी थोड़े पैसे के लालच में अपने बैंक खाते साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे। इसी के जरिए ठग धोखाधड़ी की रकम को वैध लेन-देन की तरह दिखाकर एक खाते से दूसरे खाते में खपाते थे। इस प्रक्रिया में खाताधारक स्वयं भी अपराध में सहभागी हो जाते थे।

कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में उमड़ा उत्साह

■ आनंद कुमार और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने युवाओं को दिया सफलता का मंत्र

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के पहल पर सरिया में आयोजित कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में सुपरङ्क30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार ने हजारों युवाओं को प्रेरणा से भर दिया। स्कूल मैदान में 3 हजार से अधिक युवा, शिक्षक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। पूरा मैदान युवाओं की तालियों और फ्लैशलाइट की रोशनी से गूंज उठा। मुख्य अतिथि आनंद कुमार ने छात्रों से कहा कि जीवन में बड़ा सपना देखें और उसे पूरा करने के लिए संकल्प और निरंतर मेहनत करें। उन्होंने कहा कि ÷जीवन में जितनी मुश्किलें आएंगी, सफलता उतनी बड़ी होगी। पढ़ाई मेहनत से होती है, पैसे से नहीं। शिक्षक नौकरी समझकर नहीं, बल्कि यज्ञ और जिम्मेदारी की भावना से पढ़ाएं। अपनी संघर्ष यात्रा बताते हुए उन्होंने कहा कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में चयन होने के बाद भी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे नहीं जा पाए।

मासूम को अमानवीय सजा बिलासपुर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

■ हाई कोर्ट ने जताई चिंता, शिक्षा सचिव से मांगा शपथपत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से सोमवार को शिक्षकों का अमानवीय व्यव्हार सामने आया था। यहां के निजी स्कूल की शिक्षिकाओं ने बच्चे को सजा देते हुए पेड़ पर कपड़े के सहारे ही लटका दिया था। मामले में बिलासपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे चिंताजनक बताया है। कोर्ट ने मामले में सख्ती दिखाते हुए शिक्षा सचिव से 9 दिसम्बर तक शपथपत्र मांगा है।

यह पूरा मामला हंस वाहिनी विद्या मंदिर नारायणपुर, आमापारा का है। जहां का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि, एक बच्चे को शिक्षकों ने पेड़ पर कपड़े के सहारे लटकाकर सजा दी है। बच्चा बेचारा उसी हालत में घूम रहा है। वहीं बच्चे को ऐसी सजा क्यों दी गई इसका कारण अब तक सामने नहीं आया है।

अभिभावकों में आक्रोश

वीडियो के वायरल होते ही अभिभावकों में भारी आक्रोश है। सभी ने मामले में संज्ञान लेकर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग रखी है ताकि ऐसी घटना दोबारा दोहरे न जा सके। वहीं शिक्षा के मंदिर में ऐसी क्रूरता ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है।

स्कूल संचालक को यह सजा मामूली लग रही है उनका कहना है कि, बच्चा पढ़ता नहीं था और उसको डराने के लिए ऐसा किया गया है। बरहाल ऐसी तस्वीरें सामने आना कहीं ना कहीं विभाग के ऊपर भी कई सवाल खड़े करती है। ऐसे स्कूलों को जहां पर स्कूल संचालक करने की मूलभूत आवश्यकताओं के ना होते हुए भी मान्यता कैसे मिल जाती है। जांच के दौरान निजी स्कूलों में निम्न अनुसार मानकों में सही नहीं पाए जाने पर मान्यता रद्द कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 32 निजी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है।

दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्यवाही

वहीं कई बच्चों ने शिक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा था कि, मैडम कुएं में लटका देती है। यह आरोप बेहद चिंताजनक है। वहीं घटना की वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल शिक्षा विभाग के अधिकारी को मौके पर भेजा। फिलहाल विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई थी। उन्होंने बताया कि, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

होमवर्क पूरा न करने पर पेड़ पर लटकाया था

बालक नर्सरी क्लास में पढ़ाई करता है, उसने अपना होमवर्क पूरा नहीं किया था। जिसके बाद शिक्षिकाओं ने रस्सी के सहारे सजा के तौर पर पेड़ में घण्टों तक लटका दिया। जिस वक्त बच्चे को पेट से लटकाया गया था किसी ग्रामीण ने इसका वीडियो बना सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा स्कूल पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर विरोध जताया।

अब बढ़ेगी ठंड, मौसम विभाग ने दी शीतलहर की चेतावनी

अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर बढ़ने की संभावना, स्वास्थ्य अमला अलर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में आज से ठंड बढ़ने की संभावना है। अनुमान है कि 2 से 3 डिग्री तक पारा गिर सकता है और उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया गया है। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है, इसलिए शीतलहर के दौरान अनावश्यक बाहर न निकलें, बेहद जरूरी हो तभी यात्रा करें और पूरी तरह गर्म कपड़ों का उपयोग करें।

इस बदलते मौसम के बीच मैदानी इलाकों की स्थिति पर नजर डालें तो दुर्ग सबसे ठंडा रहा, हालांकि पिछले कुछ दिनों में यहां तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है। न्यूनतम तापमान तीन दिनों में 10 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 15.2डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं रायपुर में भी न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर करीब 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में राज्य का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.7डिग्री सेल्सियस दंतेवाड़ा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.5डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड हुआ। खास बात यह है कि पांच दिन पहले अंबिकापुर का तापमान 6डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जो पिछले दस वर्षों में नवंबर में पहली बार दर्ज किया गया इतना कम स्तर है। नवंबर का महीना आमतौर पर छत्तीसगढ़ (और आस-पास के इलाकों) में खुले और साफ मौसम वाला होता है। कभी-कभी आसमान थोड़ा बादलों से ढका भी रहता है। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ने लगती है, वैसे-वैसे दिन का तापमान कम होने लगता है यानी दिन हल्के ठंडे हो जाते हैं। इस समय हवाएं आमतौर पर धीमी और हल्की चलती हैं। अगर इस महीने बारिश होती भी है, तो वह सामान्यतः किसी चक्रवात या निम्न दबाव के कारण होती है जो अधिकतर बंगाल की खाड़ी या अरब सागर में बनकर इस क्षेत्र की ओर आते हैं। आम तौर पर नवंबर का महीना तूफानों और ओलावृष्टि जैसी घटनाओं से लगभग मुक्त रहता है। इसलिए यह शांत और स्थिर मौसम का महीना माना जाता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मौसम में मलेरिया फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। पिछले कुछ दिनों से रायपुर में दिन का तापमान लगातार प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा है। वहीं सूरज ढलते ही तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। ऐसे में ऑफिस जाने वाले, स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े साथ रखने चाहिए। ताकि अचानक तापमान गिरने का असर तबीयत पर न पड़े।

नवंबर महीने में ठंड का रिकॉर्ड

नवंबर महीना छत्तीसगढ़ में आमतौर पर ठंड की शुरुआत का समय होता है, लेकिन मौसम विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि कभी यह महीना कड़कड़ाती ठंड लेकर आया तो कभी तेज गर्मी और बारिश का गवाह भी रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के पुराने आंकड़ों के अनुसार 2 नवंबर 1935 को अब तक का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35.6डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, 22 नवंबर 1883 को सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था जो अब तक नवंबर महीने की सबसे ठंडी रात मानी जाती है। नवंबर में सबसे ज्यादा बारिश 1924 में हुई थी, जब पूरे महीने में 138.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। इतना ही नहीं, 2 नवंबर 1930 को 24 घंटे के भीतर 70.4 मिमी बारिश हुई थी जो इस महीने के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय वर्षा रिकॉर्ड है।

न्यूज गैलरी

नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। नाबालिग से छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को सीपत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार पीडिता अपने पिता के साथ 25 नवंबर को थाना उपस्थित रिपोर्ट दर्ज कराया कि पीड़िता 23 नवंबर के दोपहर करीब 02.30 बजे घर में सोई थी उसी समय ग्राम धनिया के योगेश शर्मा के द्वारा घर अंदर घुस कर गलत नियत से पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने कि रिपोर्ट पर थाना सीपत में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया, मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को हालात से अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा छेडखानी के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश पर, थाना प्रभारी सीपत के द्वारा टीम तैयार कर आरोपी की पता साजी कर आरोपी योगेश शर्मा को गिरफ्तार किया कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही में सीपत पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

डीपी विप्र और कृषि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई गई

संविधान को दैनिक जीवन में अपनाने और उसके सिद्धांतों पर चलने युवाओं को दी गई प्रेरणा

बिलासपुर/नवप्रदेश। डीपी विप्र कॉलेज बिलासपुर में 26 नवंबर को संविधान दिवस बड़े ही उत्साह, गरिमा और प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, स्वयंसेवक, प्राध्यापक और कॉलेज प्रशासन शामिल हुए। समारोह की शुरुआत भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई, जिसके बाद पूरे सभागार में राष्ट्रगान की गूंज ने देशभक्ति का भाव जगाया।

संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया और संविधान सभा की भूमिका को अत्यंत सरल और प्रभावशाली शब्दों में समझाया। मौलिक अधिकारों, विशेष रूप से समानता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को विद्यार्थियों के सामने स्पष्ट किया। सामाजिक न्याय के संवैधानिक आदर्शों और आज के समाज में उनके व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं युवाओं को संविधान को दैनिक जीवन में अपनाने और उसके सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा दी। हमारे राष्ट्र के मूल चरित्र, उद्देश्य और आदर्शों का संक्षिप्त लेकिन अत्यंत गहरा घोषणापत्र है। प्रस्तावना न केवल संविधान की प्रस्ताविक भूमिका निभाती है, बल्कि यह उस भावना, दर्शन और संकल्प को भी व्यक्त करती है, जिसके आधार पर भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक राष्ट्र का निर्माण हुआ है। यह नागरिकों को यह समझाती है कि भारत किन मूल्यों पर स्थापित है और राज्य का उद्देश्य अपने नागरिकों के लिए कैसा समाज निर्मित करना है। प्रस्तावना की शुरुआत 'हम, भारत के लोग...' शब्दों से होती है, जो यह स्पष्ट करती है कि भारत में सर्वोच्च शक्ति जनता के पास है।

बर्जेस अंग्रेजी शाला में मनाया गया संविधान दिवस

संविधान हमें अपने कर्तव्यों के साथ जीवन के आदर्श मूल्यों को सिखाता है भारत का संविधान अखंड भारत की नींव है जिसमें सभी वर्ग के लोग स्वतंत्रता के साथ मिलजुलकर रहते है उक्त संबोधन शाला की प्राचार्या निशिता हंसा दास ने कहा। स्थानीय बर्जेस अंग्रेजी शाला में संविधान दिवस पर विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय संविधान पर चर्चा हुई और बच्चों से प्रश्नोत्तरी की गई । इस अवसर पर शाला के बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से संविधान की जानकारी दी गई शाला की शिक्षिका आर एम नायडू, एफ बैपटिस्ट , व्ही ओ कोनर , पी थांपसन, नंदिता पोपट , रीमा मसीह आदि ने अपने विचार व्यक्त किया और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

कृषि महाविद्यालय में अधिष्ठाता डॉ. चौरे ने संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर में अधिष्ठाता डॉ. एन.के. चौरे के मुख्य आतिथ्य में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया । मुख्य अतिथि डॉ. चौरे ने सभी उपस्थित जनों को भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा रखने तथा संविधान में वर्णित कर्तव्य एवं अधिकारों के निर्वहन की शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में डॉ. चौरे ने कहा कि इस दिन को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की संविधान के प्रति अमूल्य योगदान को सम्मानित करने और संविधान के महत्व को समझाने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भारतीय संविधान के सिद्धांतों जैसे की न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति जन- जागरूकता बढ़ाना है। संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देश के हर नागरिक को हो, इसलिए इस दिन को मनाया जाता है। डॉ. चौरे ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका पुण्यस्मरण किया। आज के आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

हाईकोर्ट ने कहा-बेटी की कन्यादान करना हिंदू पिता की नैतिक जिम्मेदारी

■ अविवाहित बेटी को पिता से गुजारा भत्ता मांगने का अधिकार, शिक्षक पिता की अपील खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि अविवाहित बेटी की देखभाल, भरण-पोषण और शादी का खर्च उठाने से पिता पीछे हट नहीं सकता। कोर्ट ने साफ कहा कि बेटी का पालन-पोषण, शिक्षा और शादी का खर्च उठाना पिता का पवित्र कर्तव्य है, जिससे वह इनकार नहीं कर सकता। कन्यादान हिंदू पिता का नैतिक जिम्मेदारी है।

इस आदेश के साथ ही हाईकोर्ट ने शिक्षक पिता की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उसने फैमिली कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। फैमिली कोर्ट ने बेटी को हर माह 2500 रुपए भरण-पोषण और शादी के लिए 5 लाख रुपए देने का आदेश दिया था। दरअसल, सूरजपुर की 25 वर्षीय युवती ने फैमिली कोर्ट में फैमिली कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसमें बताया कि गया था कि मां की मौत के बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली। अब वह अपनी पहली बेटी का ध्यान नहीं रखते। पिता सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं और हर महीने 44,642 रुपए वेतन पाते हैं। बेटी ने कोर्ट से हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 20 और 3(बी) के तहत आवेदन कर भरण-पोषण और विवाह खर्च की मांग की। कोर्ट ने उसके तर्क सुनने के बाद 2 सितंबर 2024 को आदेश दिया कि पिता बेटी की शादी होने तक हर महीने 2500 रुपए भरण-पोषण दें।

अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता पिता : हाईकोर्ट

हाईकोर्ट ने पूनम सेठी खिलाफ संजय सेठी केस में दिए गए फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि एक पिता अपनी अविवाहित बेटियों की देखभाल की अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। भरण-पोषण करने और उनके खर्चों। जिसमें उनकी शिक्षा और विवाह पर खर्च का ध्यान रखने का कर्तव्य और दायित्व है। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट में पिता की ओर से आश्वासन दिया गया कि हर माह भरण-पोषण देगा और शादी के लिए 5 लाख 3 माह के भीतर जमा कर देगा।

जिला पंचायत की बैठक 1 दिसम्बर को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत की बैठक 1 दिसम्बर को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में खनिज विभाग, महिला बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

डीएलएस में किया गया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कार्यक्रम में महाविद्यालय की चेयरमैन निशा बसंत शर्मा की उपस्थिति में प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय के द्वारा संविधान के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए उसकी प्रस्तावना का वाचन कराया गया। इस अवसर पर विनायक शर्मा, सतीश शर्मा, सचिव उमेश जाधव, सीईओ राकेश दीक्षित, कार्यक्रम अधिकारी शेख अफरीदी (बालक वर्ग), हिमानी तिवारी (बालिका वर्ग), डॉ. सुनीता द्विवेदी, डॉ. नेहा बेहार, डॉ. संजय दुबे, डॉ. विजय, वैष्णब, डॉ. क्षमा त्रिपाठी, राजेश सिंह, डॉ. प्रीती मिश्रा, नाजनीन खान, डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ मुक्ता कुमारी, श्वेता जायसवाल, चैतन्या जाधव, आकांक्षा शर्मा, वर्षा श्रीवास, डॉ सुमित दुबे, मिनी गुप्ता, मिठु अधिकारी, स्वाति श्रीवास, महिमा जाधव, श्रद्धा कश्यप, आकाश कुमार, स्वाति श्रीवास, सुशील यादव, सुशील पटेल, मोती लाल पटेल, अजय चन्द्रा, तूलिका ओझा, अनुव्रत शर्मा, यदुवीर, समीक्षा, मोनिका, तेजेश्वर, कृष, पायल, राधिका, रॉनीत,ओ म,सलमान, मनीष आदि के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

धान खरीदी : समर्थन मूल्य से किसानों को मिल रही राहत

धान उपार्जन केंद्रों में बेहतर व्यवस्था से किसानों में उत्साह

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के कोटा विकासखण्ड के रानीगांव उपार्जन केंद्र में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत ने किसानों के बीच उत्साह और विश्वास का नया माहौल तैयार किया है। सुव्यवस्थित व्यवस्था, पारदर्शी प्रक्रिया और किसान हितैषी नीतियों के कारण किसानों के चेहरों पर संतोष झलक रहा है। रानीगांव के किसान कोमल प्रसाद गहवई ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णयों से अब किसानों के जीवन में समृद्धि आ रही है।

कोमल प्रसाद गहवई आज अपने 18 क्विंटल धान के साथ रानीगांव उपार्जन केंद्र पहुँचे। उन्होंने बताया कि मंडी में प्रवेश से लेकर तौल-कांटा तक की पूरी प्रक्रिया तेज, साफ-सुथरी और व्यवस्थित रही। पर्याप्त बारदाना, सटीक तौल, कर्मचारियों का सहयोगी रवैया था। उपार्जन केंद्र को विशेष रूप से किसान सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। स्वच्छ पेयजल, छाया में बैठने की व्यवस्था, भीड़ और अव्यवस्था पर नियंत्रण, इन सुविधाओं ने किसानों की थकान और चिंता दोनों कम की हैं। उन्होंने कहा कि कतारें पहले की तुलना में कम थीं क्योंकि ऑनलाईन टोकन सुविधा के कारण हर किसान को उसके क्रम के अनुसार बुलाया जा रहा है। इसी तरह रानीगांव के एक और किसान ध्रुव कुमार गहवई ने कहा कि वे छोटे किसान हैं इस वर्ष उन्होंने 11 क्विंटल धान बेचा है। धान बेचने में उन्हें किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।

साढ़े 7 लाख का अवैध धान जब्त

बिलासपुर /नवप्रदेश। जिला प्रशासन की अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला आज भी जारी रहा। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जांच टीम ने पांच स्थलों पर छापामार कार्रवाई कर 7.44 लाख रूपए के अवैध धान जब्त किये। इन सभी आरोपियों के विरूद्ध मण्डी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि पांचो संस्थानों के कब्जे से 533 बोरी (240 क्विंटल) धान बरामद किया गया है। राजस्व विभाग के नेतृत्व में खाद्य एवं मण्डी विभाग के अधिकारियों से बनी टीम द्वारा छापे की कार्रवाई की गई। इनमें बिल्हा के रूपचंद किराना स्टोर्स से 113 बोरी (45 क्विंटल) धान, ग्राम बरतोरी के ओम ट्रेडर्स से 188 बोरी (75 क्विंटल), कोटा में गुप्ता ट्रेडर्स संस्थान से 110 बोरी (44 किवंटल) धान, रतनपुर के गंगाराम की दुकान पर 77 बोरी धान (30 किवंटल) तथा रानीगांव के दुर्गा ट्रेडर्स से 115 बोरी (46) क्विंटल अवैध रूप से भण्डारित किये गये धान जब्त किया गया है। इसे मिलाकर जिले में अब तक लगभग 20 लाख रूपए मूल्य के अवैध धान जब्त किए गए हैं। अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

सुविधा

यात्रियों को अधिक सुगम, सुरक्षित व आरामदायक यात्रा अनुभव करने स्टेशन पुनर्विकास कार्य प्रगति पर

स्टेशन का द्वितीय प्रवेश द्वार व बुकिंग काउंटर आज से अस्थायी रूप से रहेगी बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे स्टेशन को लगभग 400 करोड़ रुपए की लागत से विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। यात्रियों को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने हेतु स्टेशन पुनर्विकास कार्य चरणबद्ध रूप से प्रगति पर है।

बिलासपुर मंडल रेल प्रशासन द्वारा सूचित किया जाता है कि स्टेशन पुनर्निर्माण एवं यात्री सुविधाओं के उन्नयन कार्यों को गति देने के उद्देश्य से बिलासपुर स्टेशन का द्वितीय प्रवेश द्वार एवं वहाँ स्थित बुकिंग काउंटर को 27 नवम्बर से अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। पुनर्विकास कार्य के इस चरण में द्वितीय प्रवेश द्वार से स्टेशन को जोड़ने वाली फुट ओवरब्रिज में मॉडिफिकेशन का कार्य किया जाएगा, जिससे यात्रियों की आवाजाही को और बेहतर बनाया जा सके। इस अवधि के दौरान यात्रियों से अनुरोध है कि वे मुख्य प्रवेश द्वार सहित उपलब्ध वैकल्पिक प्रवेश द्वारों एवं अन्य बुकिंग काउंटरों का उपयोग करें तथा स्टेशन परिसर में लगाए गए दिशा-सूचक बोर्डों और रेलवे कर्मियों के मार्गदर्शन का पालन करें। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली संभावित असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है एवं उनसे सहयोग की अपेक्षा करता है।

बिलासपुर मंडल में पेन्शन अदालत 15 दिसम्बर को

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पेन्शन अदालत का आयोजन वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी सभाकक्ष बिलासपुर में 15 दिसम्बर (सोमवार) को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। मंडल के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपने आवेदन दो प्रति में पूर्ण दस्तावेज के साथ (जिसमें पी.एफ.नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि, पी.पी.ओ.नम्बर एवं पता लिखना अनिवार्य है) 5 दिसम्बर (शुक्रवार) तक या इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (पेंन्शन अदालत) को आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। पेन्शन अदालत में पेन्शन से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। अगर किसी सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाला बकाया निपटान एवं पेन्शन भुगतान संम्बन्धी कोई भी शिकायत है तो वे अवश्य आवेदन करें, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

सुविचार

सत्य को सब जानना चाहते हैं लेकिन जीना कोई नहीं चाहता क्योंकि जानना आसान है जीना मुश्किल। - अज्ञात

प्रवक्तओं की बद्‌जुबानी ने डुबोई नईया

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार के कारणों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस सहित उनके अन्य सहयोगी दल लगातार मंथन कर रहे हैं। यह बात अलग है कि वे महागठबंधन की पराजय के लिए एसआईआर और ईवीएम को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं लेकिन वे इस हकीकत से भली भांति परिचित हैं कि उनसे भी बड़ी चूक हुई है। जिसकी वजह से इस बार के विधानसभा चुनाव में एक तरह से महागठबंधन का सुपड़ा ही साफ हो गया है। तेजस्वी यादव ने तो विधानसभा चुनाव के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के समर्थन में बनाये गये और गाये गये गानों की पड़ताल भी शुरू करा दी है। गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान राजद के समर्थन में जो गाने बजाए जा रहे थे उसमें कट्टा, दुपट्टा और रंगदारी जैसे आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया गया था। इस तरह के गानों ने भी बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के खिलाफ मौहाल बनाया था अब तेजस्वी यादव ऐसे गानों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का मन बना रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल की दो महिला प्रवक्ताओं ने भी राष्ट्रीय जनता दल की लुटिया डुबोने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। विभिन्न खबरिया चैनलों पर डिबेट के दौरान राजद की ये प्रवक्ता बद्‌तमीजी की सारी सीमाएं लांघ जाती थी। कोई भी पार्टी प्रवक्ता अपनी पार्टी का प्रतिबिंब होता है और उसे शालीनता से अपना पक्ष रखना होता है। वह भी तत्थों और तर्कों के साथ किन्तु राजद की ये दो प्रवक्तर सिर्फ बकवास करती थी यहां तक की गाली गलौज पर भी अमादा हो जाती थी। जिसकी वजह से अन्य पार्टी के प्रवक्ताओं और चैनलों के एंकरों के साथ भी उनकी बहस होती थी। इन दोनों प्रवक्ताओं के कारण भी बिहार के मतदाताओं तक यह संदेश पहुंचा था कि यदि महागठबंधन की सरकार बनी तो बिहार में फिर से जंगलराज वापस आ जाएगा। इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी अनुराग भेदारिया और राजकुमार भाटी जैसे प्रवक्ता बहस कम और बकवास ज्यादा करते हैं। उनके कारण भी आने वाले उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को अपने प्रवक्ताओं की बकलोली का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बहरहाल बिहार में महागठबंधन की नैया डुबोने वाले प्रवक्ताओं को अब डिबेट में नहीं भेजा जा रहा है। यह महागठबंधन के हित में ही है कि वे बद्‌जुबान प्रवक्ताओं को टीवी डिबेट के बाहर ही रखे अन्यथा पार्टी की बची कूची साख पर भी बट्टा लग जाएगा।

ममता बनर्जी की गिदड़भभकी

बिहार के बाद चुनाव आयोग उत्तरप्रदेश और बंगाल सहित बारह राज्यों में एसआईआर करा रहा है जिसका बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार विरोध कर रही हैं। उन्होंने पहले तो निर्वाचन आयोग को चिट्ठी लिखी लेकिन जब उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वे एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन करने के लिए सड़क पर उतर आई हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार को गिदड़भभकी दी है कि यदि बंगाल में एसआईआर के नाम पर उनके समर्थकों के वोट काटे गये तो इसे वे खुद पर हमला मानेगी और पूरे देश को हिलाकर रख देंगी। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग ने एसआईआर के नाम पर बिहार में खेला कर दिया है लेकिन ये बिहार नहीं बंगाल है। यदि यहां ऐसी कोशिश की गई तो वे इसका जमकर विरोध करेंगी और बिहार विधानसभा चुनाव के बाद पूरे देश का दौरा करके भाजपा को खत्म कर देंगी। ममता बनर्जी की यह बौखलाहट इस बात का सबूत है कि बंगाल में लाखों की संख्या में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिये भरे पड़े हैं जिन्हें ममता बनर्जी की सरकार ने तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करा कर अपना वोट बैंक बना रखा है। इसका प्रमाण उस समय मिला जब एसआईआर के दौरान बंग्लादेश से लगे बंगाल के कई जिलों में वोटरों की संख्या में 65 प्रतिशत से भी ज्यादा का इजाफा देखने को मिला। जब इनकी पड़ताल होने लगी तो ये घुसपैठिए अपना घर बार छोड़कर वापस बांग्लादेश जाने के लिए बॉर्डर पर एकत्रित हो गये हैं और उनमें से कई बंग्लादेश पहुंच भी गए हैं। ममता दीदी को अपना वोट बैंक दरकता नजर आ रहा है और इसीलिए उन्होंने चुनाव और केन्द्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रहा है और अब वे धमकी चमकी पर उतर आई हैं लेकिन एसआईआर का काम तो हर हाल में होगा सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर के काम में कोर्ट हस्तक्षेप नहीं करेगा। बेहतर होगा कि ममता बनर्जी इस तरह की धमकी देना बंद करें और एसआईआर के काम में सहयोग दें।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ परमात्मा का सबसे पसंदीदा चीज है सर्शष्ट का विस्तार। ठाकुर जी को सबसे अच्छा लगता है सर्शष्ट विस्तारित हो इसलिए स्त्री-पुरुष का निर्माण किया पर अपनी मूल सहज स्वरूप में स्त्री-पुरुष हो तब वो सर्शष्ट संगीत की लहरी बनती है और अपने मूल प्रकृति से अलग हो गए हो तब वो डिजास्टर बन जाता है, आपदा बन जाती हैं। वस्तु का उपभोग करना बुरा नहीं है, वस्तु में सुख का कारण है ये मान लेना तुम्हारे दुर्भाग्य का कारण है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1815 पोलैंड साम्राज्य ने संविधान अपनाया। 1838 पेस्ट्री युद्ध में फ़्रैंक बलों द्वारा मेक्सिको पर आक्रमण किया गया। 1888 अंतर्राष्ट्रीय डेल्टा डेल्टा डेल्टा सोरोरिटी की स्थापना बोस्टन विश्वविद्यालय में की गयी। 1889 क्लेमसन विश्वविद्यालय दक्षिणी कैरोलिना में स्थापित किया गया। 1905 जापान और कोरिया ने ईलासा संधि पर हस्ताक्षर किये। 1912 अल्बानिया ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया। 1953 अमरीका के विख्यात ड्रामा लेखक पूजीन ओ नील का 65 वर्ष की आयु में निधन हुआ। 1966 उरुग्वे ने संविधान अपनाया। 1971 सोवियत रूस के 'मार्स ऑर्बिटर' द्वारा मंगल ग्रह पर उतारा गया।1978 कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी, जो एक स्वायत्त कुर्द राज्य के गठन पर तुर्की के साथ संघर्ष में थी, की स्थापना की गई थी। 1978 सैन फ्रांसिस्को के मेयर जॉर्ज मॉस्कॉन और खुले तौर पर समलैंगिक पर्यवेक्षक हार्वे मिल्क की हत्या सुपरवाइजर डैन व्हाइट ने की थी।

श्रमेव जयते! आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधार

डॉ. मनसुख मांडविया
केंद्रीय श्रम रोजगार एवं खेल मंत्री

वे निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देती हैं और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करती हैं। ये संहिताएं ऑडियो-विजुअल श्रमिकों और गिग तथा प्लेटफॉर्म श्रमिकों को औपचारिक मान्यता प्रदान करती हैं। ये अखिल भारतीय ईएसआईसी कवरेज को सक्षम बनाती हैं, 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करती हैं, जिनमें पहले बाहर रखे गए बागान श्रमिक भी शामिल हैं। साथ ही, ये राज्यों में असमानताओं को कम करने के लिए सभी श्रमिकों के लिए वैधानिक न्यूनतम वेतन की गारंटी देती हैं। अनिवार्य नियुक्ति पत्र, पक्की पे स्लिप और सवेतन वार्षिक अवकाश जैसे प्रावधान हर श्रमिक को अधिक स्थिरता, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करते हैं। कॉन्ट्रैक्ट आधारित रोज़गार के एक प्रगतिशील विकल्प के रूप में, संहिताओं में फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट यानी निश्चित अवधि के रोजगार की शुरुआत की गई है।

कई दशकों तक भारत कमज़ोर आर्थिक विकास, गहरे भ्रष्टाचार और रोज़गार सृजन व श्रमिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के अभाव से जूझता रहा। राजनीतिक उद्देश्यों से होने वाले घेराव और बंदी ने बार-बार औद्योगिक गतिविधियों को बाधित किया, निवेश को रोका और व्यवस्था में विश्वास को कम किया। यह दुख की बात है कि पिछली सरकारों ने श्रमिक कल्याण को केवल नारों तक सीमित कर दिया और श्रमिकों के वास्तविक मुद्दों को गंभीरता से लेने में विफल रहीं।

इस जड़ता को तोड़ने के लिए देश के नेतृत्व में एक बड़ा बदलाव जरूरी था। लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'श्रमेव जयते' का आह्वान किया और कहा कि भारत की विकास यात्रा के केंद्र में श्रम की गरिमा यानी मजदूरों का सम्मान होना चाहिए।

यह केवल एक नारा नहीं था, बल्कि एक नई राष्ट्रीय सोच की शुरुआत थी, जिसमें नीतियां बनाते समय श्रमिकों को केंद्र में रखा गया। ऐसे बदलाव की जरूरत बहुत समय से महसूस की जा रही थी। भारत के ज़्यादातर श्रम कानून 1920 से 1950 के बीच बने थे और उनमें औपनिवेशिक सोच की झलक रहती थी। दूसरी ओर, दुनिया में काम करने का तरीका पूरी तरह बदल चुका था। गिग और प्लेटफ़ॉर्म अर्थव्यवस्था का बढ़ना, डिजिटल कामकाज, लचीली कार्य संरचनाएं और नए प्रकार के उद्यम तेजी से उभर रहे थे। लेकिन भारत के पुराने श्रम कानून समय के साथ नहीं बदले, और आधुनिक कार्यबल या प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे थे। एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पंच प्रण के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमें औपनिवेशिक मानसिकता छोड़कर भविष्य की जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। पुराने कानून इसलिए नहीं बने रहे क्योंकि वे अच्छे थे, बल्कि इसलिए क्योंकि पिछली सरकारों में उन्हें बदलने का राजनीतिक साहस, इच्छा शक्ति और दूरदृष्टि की कमी थी। बदलती परिस्थितियों और देश की जरूरतों के अनुसार उन्हें आधुनिक बनाने की हिम्मत किसी ने नहीं दिखाई।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का वैश्विक कद अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। दुनिया मानती है कि भारत अब भविष्य को आकार देने में केवल भाग नहीं ले रहा है, बल्कि उसे परिभाषित करने में भी मदद कर रहा है। लेकिन इस ऐतिहासिक क्षण का सही अर्थों में लाभ उठाने और संभावनाओं को दीर्घकालिक समृद्धि में बदलने के लिए, भारत

औपनिवेशिक काल के उस श्रम ढांचे से बंधा नहीं रह सकता जो सशक्तिकरण के बजाय नियंत्रण के लिए बनाया गया था।

इसलिए, बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन, औपचारिकता का विस्तार और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक बदलाव आवश्यक था। इस राष्ट्रीय आवश्यकता को समझते हुए, मोदी सरकार ने स्वतंत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक को लागू किया। पहले के 29 बिखरे हुए श्रम कानूनों को मिलाकर चार सरल और स्पष्ट श्रम संहिताएं बनाई गईं : वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता।

21 नवंबर 2025 को ये श्रम संहिताएं लागू हो गईं। ये संहिताएं मिलकर एक आधुनिक श्रम ढांचा स्थापित करती हैं, जो श्रमिक-समर्थक और विकास-समर्थक दोनों है, और यह दिखाता है कि भारत अब तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार है।

संसद द्वारा 2019 और 2020 में श्रम संहिताओं को पारित किया गया था, कई राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, श्रमिक संघों और उद्योग निकायों ने उनके प्रगतिशील इरादे का स्वागत किया है। उनकी खूबियों को पहचानते हुए, सभी राजनीतिक दलों के राज्यों ने संहिताओं के अनुसार से अपने श्रम कानूनों में बदलाव किए। उदाहरण के लिए, जिन राज्यों ने महिलाओं को उनकी सहमति और पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ रात में काम करने की अनुमति दी है, वहाँ कुल महिला रोजगार में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

सभी क्षेत्रों के स्टेकहोल्डर्स ने एक पुरानी हो चुकी श्रम प्रणाली से आगे बढ़ने की आवश्यकता को पहचाना है। उनके योगदान ने एक संतुलित ढाँचा तैयार करने में मदद की है जो श्रमिकों की सुरक्षा करता है और साथ ही अर्थव्यवस्था को विकसित होने में भी सक्षम बनाता है।

श्रमिकों और इंडस्ट्री लीडर्स के साथ मेरी बातचीत में जो बात हमेशा सामने आई है वह कार्यस्थल पर स्पष्टता, निष्पक्षता और सम्मान की आवश्यकता पर बल देती है। इसी मार्गदर्शक सिद्धांत ने हमारे सुधारों को आकार दिया है, जिसने एक जटिल और बिखरे हुए सिस्टम को एक ऐसे सिस्टम से बदल दिया है जो सरल, पारदर्शी और हर श्रमिक की सुरक्षा करने वाला है। श्रम संहिताएं अपने मूलभाव और अक्षरशः रूप में, नियोक्ताओं की अपेक्षाओं को संतुलित करते हुए श्रमिकों के हितों को प्राथमिकता देती हैं। वे निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देती हैं और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करती हैं।

ये संहिताएं ऑडियो-विजुअल श्रमिकों और गिग तथा प्लेटफॉर्म श्रमिकों को औपचारिक मान्यता प्रदान करती हैं। ये अखिल भारतीय ईएसआईसी कवरेज को सक्षम बनाती हैं, 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करती हैं, जिनमें पहले बाहर रखे गए बागान श्रमिक भी शामिल हैं। साथ ही, ये राज्यों में असमानताओं को कम करने के लिए सभी श्रमिकों के लिए वैधानिक न्यूनतम वेतन की गारंटी देती हैं। अनिवार्य नियुक्ति पत्र, पक्की पे स्लिप और सवेतन वार्षिक अवकाश जैसे प्रावधान हर श्रमिक को अधिक स्थिरता, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करते हैं। कॉन्ट्रैक्ट आधारित रोज़गार के एक प्रगतिशील विकल्प के रूप में, संहिताओं में फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट यानी निश्चित अवधि के रोजगार की शुरुआत की गई है।

एक राष्ट्रीय संकल्प: संपूर्ण सरकार और समाज साझा रूप से बाल विवाह मुक्त भारत की ओर अग्रसर

- अन्नपूर्णा देवी
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

एक ऐसे देश में जहाँ महिलाएँ और बच्चे एक अरब से ज़्यादा जीवनों का आधार हैं, उनका सशक्तिकरण महज़ एक नीतिगत विकल्प नहीं है, बल्कि यह भारत की नियति का मार्ग है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी शासन में, भारत एक ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुज़र रहा है, जो वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को मानव-केंद्रित प्रगति के साथ जोड़ रहा है। नए भारत की कहानी केवल आर्थिक उपलब्धियों और बढ़ते वैश्विक कद में ही नहीं, बल्कि उन कक्षाओं में भी आकार ले रही है, जहाँ युवा मन विकसित होते हैं, उन आंगनवाड़ी केंद्रों में जहाँ हमारे बच्चों का पालन-पोषण होता है, और उन घरों में जहाँ आकांक्षाएँ पनपती हैं।

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के प्रति प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन गई है, जो विकसित भारतञ्च2047 के लिए हमारे सामूहिक मिशन को भी आगे बढ़ा रही है। इसी सफर में एक अहम पड़ाव पिछले वर्ष 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू हुआ है।

अपनी साहसिक और अटल दृष्टि के साथ, हमने वर्ष 2030 तक बाल विवाह को खत्म करने की अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक बार फिर दोहराई है, ताकि हर बालिका और बालक सुरक्षित रूप से बड़े हो सकें, अपनी शिक्षा जारी रख सकें और गर्व तथा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य को आकार दे सकें। शुरू से ही, हमने 'संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज' के नज़रिए को अपनाया है, लिहाज़ा हम मानते हैं कि इस चुनौती का हल महज़ नीतियों से नहीं किया जा सकता। इसके लिए सामूहिक एकता की ज़रुरत है, जिसमें परिवार, समुदाय, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता, संस्थान और सरकार कंधे से कंधा मिलाकर, सदियों पुरानी प्रथा को तोड़ने और हर बच्चे की आकांक्षाओं की रक्षा करने के लिए एक साथ खड़े हों। हमारे साझा संकल्प के एक शक्तिशाली प्रतिबिंब के रूप में, गाँवों और कस्बों के करोड़ों लोग बाल विवाह को समाप्त करने का संकल्प लेने के लिए आगे भी आए हैं।

हमारी नीतियां और पहल, संवेदनशील कारणों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर अधिकार, देश के सबसे दूरस्थ गाँव और बस्तियों में सबसे कमजोर बच्चे के जीवन पर सकारात्मक असर डालते हुए अंतिम छोर तक पहुँचे। सरकार की हर योजना महिलाओं और बच्चों को जोखिम के हर चरण में सहारा देने के लिए तैयार की गई है, ताकि अजन्मे बच्चे से लेकर किशोरी तक, उनके जीवन के हर चरण की सुरक्षा, प्राथमिकता और सशक्तिकरण हो।

पोषण ट्रैकर और पोषण भी पढ़ाई भी से लेकर समग्र शिक्षा अभियान तक, और राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति कार्यक्रम से लेकर प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना तक, हर पहल एक सुरक्षा कवच और हर बच्चे के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान भविष्य की ओर एक मार्ग के रूप में कार्य करती है।

समावेशन के उत्प्रेरक के रूप में तकनीक की मदद से, मंत्रालय का प्रमुख डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, पोषण ट्रैकर, 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को स्तनपान कराने वाली माताओं, छह साल से कम उम्र के बच्चों और किशोरियों से सहजता से जोड़ता है। इसने देश भर में 10.14 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के लिए एक मज़बूत सुरक्षा तंत्र तैयार कर दिया है। इस डिजिटल सक्षमता के साथ पोषण भी पढ़ाई भी, एक बदलावकारी प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा पहल के रूप में तैयार हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक पूर्व-प्राथमिक बच्चे को समग्र, उच्च-गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक प्रोत्साहन मिले, जो आजीवन सीखने की भावना की नींव रखता है।

हमारी नीतियाँ न केवल इरादे, बल्कि ज़मीनी स्तर पर कार्रवाई को भी दर्शाती हैं। निरंतर बजटीय प्रतिबद्धताओं और लक्षित निवेशों में सुधारों को शामिल करते हुए, मोदी सरकार ने यह साफकर दिया है कि बाल विवाह जैसी गंभीर समस्याओं से बच्चों की रक्षा करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनी हुई है। राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति कार्यक्रम, जिसके लिए केवल 2025-26 के लिए 1,827 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण स्कूल न छोड़े, जो बाल विवाह के सबसे अहम कारणों में से एक है। इस बीच, प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली युवतियों को ज़रुरी वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

बाल विवाह मुक्त भारत के लिए 'पूरी सरकार' एकजुट

बाल विवाह हमारे देश में पीढ़ियों से चली आ रही सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह अक्सर उन समुदायों में दिखती है, जहाँ शिक्षा, संसाधनों और जागरूकता की सीमित पहुँच है। अभाव और असमान अवसरों के कारण पैदा हुई ये कमियाँ, इस प्रथा को जारी रखने में मदद करती हैं, जिससे अनगिनत बच्चे अपने उज्ज्वल भविष्य को साकार करने से वंचित रह जाते हैं।

वर्तमान में बेहतरी के लिए प्रयास: मोदी सरकार के तहत, हम उन जड़ों को खत्म कर रहे हैं, जिन्होंने कभी इस प्रथा को पोषित किया था। स्पष्ट नीतिगत दिशा, विचार विमर्श कर तैयार की गई योजनाओं और शासन में समुदायों के नए विश्वास के साथ, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय उन परिस्थितियों को खत्म करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिनके कारण बाल विवाह की प्रथा अब तक जारी रही। आज हम जो प्रगति देख रहे हैं, वह सुनियोजित ढंग से तैयार की गई योजनाओं की वजह से हैं, जिनके तहत महिलाएं और बच्चे राष्ट्रीय विकास के केंद्र में हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बिंदास अंदाज़



बिंदास अंदाज़ मैं जीते जाना है... आये कोई तूफ़ान बस बढ़ते जाना है... गिराते है लोग उन्हीं को जिसमें चलने का हौसला मुझे तो हर कदम पर यूँ ही सम्भलते जाना है... छू लूँगी आसमां मैं भी बस एक दिन.... ईमान के लहजे से दिखना और एहसासों के साथ अपने अंदाज में निखरते जाना है... कि हूबहू आईने में कभी समय से मिले भी ना मेरी शक्ल मगर मेरी रुह के अंदाज़ से लोगो ने मुझे पहचाना हैं...और मुझे बस चलते जाना है...!!

- नंदिता तनूजा

छेड़ दी तान फिर

छेड़ दी तान फिर इक नयी क्या करें खल्क में मच गई खलबली क्या करें ढल गयी रात इक महकते ख्वाब में बात सब रह गयी अनकही क्या करें दिल लगाया बहुत शायरी में मगर सब्र की हर लहर छल गयी क्या करें शब चुरा ले गयी चांद - तारें कहीं हर सुबह कर गई दिल्लगी क्या करें ना मिला ज़ीस्त की रहगुज़र का पता छान डाली मगर हर गली क्या करें।

- रामकिशोर उपाध्याय

पोथी पढ़-पढ़ रट्टू होगें फेर सत् के

पोथी पढ़-पढ़ रट्टू होगें फेर सत् के पहिचान नहीं काला कहिथें गरब के रद्दा तेकरो बिल्कुल ज्ञान नहीं बस लकीर के फक़ीर बनगे हें देख कथित विद्वान मन तब सत्-अंजोर कइसे पावयँ इँकर भरोसा आम-जन। **- सुशील भोले**

अजब सी बेक़रारी हो गई

अजब सी बेक़रारी हो गई है। मुहब्बत दिल पे तारी हो गई है ।। ज़रा से आप क्या नज़दीक आए। ग़ज़ब हालत हमारी हो गई है।। न जीते हैं, न मरते हैं वफ़ा में। तबीयत भारी भारी हो गई है।। तुम्हें जिस दिन से देखा क़सम से। पिए बिन ही ख़ुमारी हो गई है।। मुहब्बत हो गई संजय तुम्हें भी। ये सबको जानकारी हो गई है।। **- संजय कुमार गिरि**

खुले बंधन सधे चितवन अडिग संकल्प

खुले बंधन सधे चितवन अडिग संकल्प दृढ़ मन में धरा होगी मेरी अपनी खुलेंगें पँख गगन-वंदन में !! पल्लवित पुष्प डारी-डारी कूकती कोकिला उपवन में बस रहा राग मधुर निर्झर मुक्त-हृदय के कण-कण में !! चिरैया उड़ चली ले कर अटल विश्वास अनंत मन में दीप्त होंगी अभिलाषा भरे जो स्वप्न हैं नभ-नयन में!!

- अंजू डोकानिया

कुछ लोग मिलते हैं और ज़िंदगी

"कुछ लोग मिलते हैं और ज़िंदगी में रंग भर देते हैं। दूर होकर भी यादों की महक छोड़ जाते हैं।" लोग भी फूलों जैसे होते हैं कुछ लोग रंग बन जाते हैं! महकते हैंज याद बनकर! फूल भीज और लोग भी! जो मिलें तो रंगज बिछड़ें तो महक! - **रेनु सिंघल**

जब भी मैं देखता हूँ, मुस्कुराती

जब भी मैं देखता हूँ, मुस्कुराती हुई अपनी तस्वीर को तब-तब वह मुझसे कहती है- "तुम जो मुझमें मुस्कुरा रहे हो ना वह तुम्हारी असली मुस्कान नहीं है बनावटी है खोखली है तुम मेरे द्वारा दूसरों को यह जताने की कोशिश में लगे हो कि मैं बहुत खुश हूँ" और ऐसा कहते हुए मेरी बनावटी मुस्कान के पीछे हँसती है और मुझे मुँह चिढ़ाने लगती है मेरी तस्वीर। - **भाऊराव महंत**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी, जिससे आपको बिजनेस को एक नई राह में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

वृष: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने किसी लेनदेन से संबंधित मामले पर पूरा ध्यान देना होगा।

मिथुन: आज आपके कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी। यदि किसी काम को लेकर आप लंबे समय से परेशान थे, तो वह पूरा हो सकता है।

कर्क: आज आप अपने खर्चो को कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपके मनमौजी स्वभाव के कारण आपके खर्चे बढ़ेंगे।

सिंह: आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आज आपका मन काम को लेकर परेशान रहेगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी नौकरी में अपने बॉस से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी।

तुला: आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको धैर्य और साहस से काम लेने की आवश्यकता है।

धनु: आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

मकर: आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी अपने किसी परिजन से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा।

मीन: आज आप परोपकार के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और आप परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे।

सूर्योदय : 06:48, सूर्यास्त : 17:40, चन्द्रोदय: 9 11:36, चन्द्रास्तः 9 22:48, अयन : दक्षिणायन, ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) 9 5127, मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल तिथि : षष्ठी (22:56 से सप्तमी), नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : ध्रुव, प्रथम करण : कौलव (11:33 तक), द्वितीय करण : तैतिल (24:01+ तक)

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मकर, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पूर्व, मार्गी), बुध : तुला (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) तंबाकू उद्योग में भारत का स्थान क्या है?

2) डेजर्ट नाइट नामक त्रिपक्षीय वायु युद्ध अभ्यास में किन देशों ने भाग लिया?

3) प्रयागराज में 2025 के महाकुंभ के प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश में नव घोषित जिले का नाम क्या है?

4) हाल ही में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने बौद्ध भिक्षुओं और विद्वानों का सम्मेलन किस शहर में आयोजित किया?

5) रुशिकोंडा बीच, जो हाल ही में खबरों में था, किस राज्य में स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दूसरा (2) भारत, ग्रीस और संयुक्त अरब अमीरात (3) महाकुंभ मेला (4) कोलंबो, श्रीलंका (5) आंध्र प्रदेश

कार्टून

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री साय ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित अंबेडकर चौक में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। डॉ. अंबेडकर के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि समानता, न्याय और सामाजिक समरसता के अटूट स्तंभ भी रहे हैं। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश मूणत, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में उपस्थित आमजन ने संविधान दिवस पर डॉ. अंबेडकर के अप्रतिम योगदान को याद किया तथा संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का मूल आधार है। डॉ. अंबेडकर ने दूरदर्शिता और गहन अध्ययन के साथ संविधान के प्रारूप निर्माण में योगदान दिया है। भारत का संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमें जागरूक भी करता है।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने भी विविधता में एकता की भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाने तथा संवैधानिक मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

राजभवन सचिवालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन

रायपुर/नवप्रदेश। संविधान दिवस के अवसर पर राजभवन सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 1949 को हमारे संविधान को अंगीकृत किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर प्रसन्ना, विधिक सलाहकार श्री भीष्म प्रसाद पाण्डेय सहित सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसंबर तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अदम्य साहस, शौर्य, वीरता और बुद्धिमत्ता का परिचय देने वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु प्रतिष्ठित ÷राज्य वीरता पुरस्कार÷ के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बालक-बालिकाओं को समर्पित है, जिन्होंने किसी विशेष घटना में निःस्वार्थ भाव से किसी जीवन को बचाने या गंभीर क्षति से संरक्षित करने का साहसिक कार्य किया हो। पुरस्कार के लिए पात्रता में आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम होना अनिवार्य है तथा घटना की अवधि 1 जनवरी 2025 से 15 दिसंबर 2025 के बीच की होनी चाहिए। चयनित बच्चों को 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 20 दिसंबर 2025 तक संबंधित जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.cgwcd.gov.in पर उपलब्ध है।

आंबेडकर अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग में किडनी मरीजों का होगा इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। आंबेडकर अस्पताल में नेफ्रोलॉजी विभाग चालू किया जाएगा। थर्ड लोर में ओपीडी में मरीजों का इलाज किया जाएगा। मेडिसिन आईसीयू के हिस्से में मरीजों को भर्ती किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने डीकेएस से 10 डायलिसिस मशीनों की मांग की है, ताकि जिन मरीजों की किडनी फेल है, उनका डायलिसिस शुरू किया जा सके।

वर्तमान में डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में नेफ्रोलॉजी विभाग है। वहां पर दो नेफ्रोलॉजिस्ट व एक जनरल फिजिशियन सेवाएं दे रहे हैं। तीनों डॉक्टर संविदा वाले हैं। आंबेडकर अस्पताल में खुलने वाले विभाग में एक नेफ्रोलॉजिस्ट सेवाएं देंगे। अस्पताल व कॉलेज प्रबंधन विभाग खोलने के लिए जरूरी रूपरेखा बना रहा है। प्रदेश में किडनी के मरीजों की संया अच्छी खासी है। मनमर्जी से पेनकिलर खाने, लाइफस्टाइल व खानपान के कारण लोगों की किडनी खराब हो रही है। डीकेएस अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट खोलने की भी योजना है।

डिजिटल वीडियो-ड्रोन का शादियों में बढ़ा क्रेज, गेस्ट संग शादियों में सिनेमेटिक लुक देने बनवा रहे डिजिटल एलबम

'एक जमाना था. जब सामान्य कैमरों में कैद की जाने वाली तस्वीरों का एक वैवाहिक एलबम चनता था। इसे देखने के लिए शादी के बाद जान-पहचान के लोगों का आगमन शुरू होता था। समय के साथ शादियों में होने वाली फोटोग्रॉफी व वीडियो शूटिंग में बपयोग होने वाली तकनीक का भी स्वरूप बदला। अब हाईप्रोफाइल शादियों में सिनेमेटिक और डिजिटल वीडियो के साथ ही प्री-वेडिंग और वेडिंग शूट के लिए 5 से 10 लाख रुपए तक खर्च करने के साथ ही आउटडोर शूटिंग के लिए बेस्ट लोकेशन पर जाने का खर्च वहन करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। डिजिटल एलबम और बुके का भी तेज हैं।'

संजय नायक

रायपुर/नवप्रदेश। तीन से चार दशक पहले लोग विवाह सम्पन्न होने के बाद तैयार किए गए वीडियो कैसेट और एल्बम देखकर खुश होते थे। आकर्षक एलबम तैयार करने पर 5 से 10 हजार खर्च करना अपनी शान सम्झते थे। अब नए दौर में लोग इससे बहुत आगे निकल चुके हैं। फिल्मों की शूटिंग में इस्तेमाल होने वाली डिजिटल तकनीक का भी उपयोग प्री-वेडिंग और वेडिंग शूट के लिए किया जाने लगा है। इसके लिए लोग प्रदेश के अलग लोकेशन पर जाने के साथ ही दूसरे बड़े शहरों की ओर भी रूख करने लगे हैं। शहर के सितारा होटलों में होने वाली हाईप्रोफाइल शादियों में डीएसएलआर स्टील लेंस का उपयोग होने लगा है। जयमाला से लेकर रिसेप्शन तक

हर लम्हे को कवर करने के लिए 5 से 6 डिटिजल कैमरों के साथ ही ड्रोन भी उड़ाए जा रहे हैं। इसके लिए लोग प्रोफेशनल कैमरामैन की टीम का खर्च वहन किया जाता है।

बुकिंग कराने वाले करते हैं खर्च

प्राइवेट वीडियो शूट के फोटोग्राफर ने बताया कि शहर

की हाईजेफॉइल शादियों में एफएक्स 3 व रेंज के सिनेमेटिक कैमरों से लोना छूट कराने लते है। इस हाई तकनीक से पिक्चर क्लीयर आने के सथ ही गुणवत्ता मी काष्ठी बेहतर होती है। प्री-वेडिंग से रिसेप्सन तक को भूटिंग कराने वाले लौं को 5 लाख में काम करके देते हैं। इसमें तकनीकी टीम के आने जाने और खाने का खर्च भी शामिल वहीं होता। इस वर्च को बुकिंग करने वाले लोगों को ही वहन करना पड़ता है। केवल प्री-वेडिंग शूट कराने का डेढ़ से दो लाख खर्च आता है।

वीडियो एलबम के साथ बनवा रहे बुके

एक फोटोग्राफर ने बताया कि शादी और प्री-वेडिंग की फोटोग्राफी के बजाय लोग डिजिटल बुके तैयार कराने में रुचि लेते हैं। इसे मोबाइल स्क्रीन पर आसानी से देखा जा सकता है। इसको संबंधित लोगों को आसानी से भेज सकते हैं। इससे शादी का डिजिटल एलबम देखने घर आने की जरूरत नहीं है। घर पर बैठकर इसे देखने के साथ ही अपने लैपटॉप में सुरक्षित भी रख सकते हैं। इससे मैनुअल एलबम तैयार करने का चलन पहले की अपेक्षा अब कम होने लगा है। ज्यादातर लोग डिजिटल बुके की डिमांड करते हैं। इसके लिए लोग खर्च करने तैयार होते हैं।

आउटडोर शूटिंग की दूरी के लिहाज से खर्च

कुछ एक लोग प्रदेश के बाहर पुरी, गोवा, विशाखापट्टनम में आउटडोर प्री-वेडिंग शूट के लिए आर्डर करते हैं, उन्हें इस काम के लिए 10 लाख और शादी की कम्पलीट शूटिंग के लिए बुकिंग करने पर 15 लाख तक खर्च करना पड़ता है। हालांकि इस तरह की बुकिंग रेयर ही मिलती है, लेकिन लोगों में डिजिटल तकनीक के उपयोग को लेकर जिज्ञासा बढ़ने लगी है। इस विधा से जुड़े गुलफाम खान ने बताया कि समय के साथ वीडियो और फोटोशूट के लिए हाई तकनीक के साथ स्पेशल लेंस वाली किट का इस्तेमाल किया जाता है। इससे शूटिंग पर होने वाला खर्च भी बढ़ जाता है।

संविधान दिवस पर टाउन हॉल में गरिमामय कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में हुआ प्रस्तावना का वाचन

रायपुर/नवप्रदेश। संविधान दिवस के अवसर पर आज टाउन हॉल, शास्त्री चौक में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया, जिसमें सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने संविधान की महत्ता, उसके मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों पर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार स्तंभ है। श्री साय ने कहा कि, आज सौभाग्य का विषय है कि हम सब 75 वां संविधान दिवस मनाने एकत्र हुए हैं। आप सभी लोगों को संविधान दिवस की बहुत बधाई व शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयघोष के साथ बाबासाहब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि देश का संविधान किताब नही, ग्रंथ है जो सभी भारतवासियों को स्वतंत्रता से जीने का अधिकार देता है और अपनी बातों को मर्यादा के साथ समाज के बीच रखने की स्वतंत्रता भी देता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, यह हमारे संविधान की महत्ता है कि एक सामान्य व्यक्ति भी देश के सर्वोच्च पद पर पहुँच सकता है। संविधान में आज सभी वर्गों के विकास की व्यवस्था समाहित है और सबका समुचित विकास हो रहा है।

कलिंगा विश्वविद्यालय ने कानूनी उद्यमिता, एआई और मानवाधिकार प्रमुख चर्चा के केंद्र में वैश्विक संवाद की शुरुआत की

रायपुर/नवप्रदेश। ग्लोबल कॉन्फ्रेंस 2025 का उद्घाटन मुख्य अतिथि एडवोकेट रिजू राज जमवाल, अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट ऑफ़इंडिया तथा मैनेजिंग पार्टनर, छ्रश्रष्ठ × पार्टनर्स, नई दिल्ली, और विशिष्ट अतिथि एडवोकेट अमीशन हुसैन एवं एडवोकेट दिव्यांश मिश्रा, संस्थापक, व्हाइट बैंड लीगल सर्विसेज तथा उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं के विचारोत्तेजक संबोधनों के साथ हुआ। उन्होंने कानूनी उद्यमिता की अपनी उल्लेखनीय यात्रा साझा की और कानूनी सेवाओं के प्रदाय, पेशेवर नैतिकता तथा न्याय प्रणाली में नवाचार के बदलते परिदृश्य पर चर्चा की। उनके संबोधन ने उभरते कानून के छात्रों को प्रेरित किया कि वे आज के गतिशील कानूनी परिवेश में सफल होने के लिए शैक्षणिक कठोरता और व्यावहारिक कौशल – दोनों को अपनाएँ।

समारोह की बौद्धिक गहराई को और समृद्ध करते हुए, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट रॉडनी डी. राइडर, फ़ाउंडिंग पार्टनर, स्क्रिबोर्ड, नई दिल्ली, ने कानून, तकनीक और नीति के संगम पर एक प्रभावशाली मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने साइबर लॉ, डिजिटल प्राइवेसी, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे उभरते क्षेत्रों को समझने की कानूनी पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला, साथ ही तेजी से बदलते डिजिटल कानूनी पारिस्थितिकी तंत्र में पेशेवर अनुकूलनशीलता के महत्व को भी रेखांकित किया।

वनांचल की दिव्यांग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उपमुख्यमंत्री ने दिलाई स्कूटी

■ **सुनीता बोली ट्रायसायकल के पैडल ओटते दुखता था हाथ, स्कूटी के रूप में मुझे नया हौसला मिला है**

रायपुर/नवप्रदेश। जन्म से ही पैरों से लाचार वनांचल गांव धामिनडीह की आदिवासी युवती सुश्री सुनीता धुर्वे जो कि नित्य ही की अनेकानेक कठिनाइयों के बाद भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तौर पर गांव की सेवा करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं, उन्हें स्कूटी प्रदान कर उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा के स्थानीय विधायक श्री विजय शर्मा ने बड़ा हौसला दिया है। सुनीता ने गत 16 नवम्बर को रेंगाखार पहुंचे श्री शर्मा को अपनी शारीरिक स्थिति और दैनिक जीवन की कठिनाइयों से अवगत कराते हुए स्कूटी दिलाने के लिए एक

आवेदन सौंपा था। ठीक 10 दिन बाद ही उन्हें नई स्कूटी मिल गई। बुधवार 26 नवंबर को कवर्धा विधायक कार्यालय में उपमुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक श्री विजय शर्मा ने जब स्कूटी प्रदान की तो सुनीता धुर्वे की खुशी का ठिकाना नहीं था। सुनीता ने कहा कि वे जन्म से ही दिव्यांग हैं और अपने पैरों से चलने में असक्षम हैं। विगत 9 वर्षों से विकासखंड बोड़ला के ग्राम धामिनडीह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें अपने कार्य करते वक्त आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था। जहां किसी योजना की रिपोर्टिंग हो या कोई मीटिंग उन्हें गांव से 40 किमी की दूरी पर स्थित चिल्फी परियोजना कार्यालय तक दूसरों की सहायता से जाना पड़ता था। एक महिला होने के नाते सहायता के लिए दूसरों पर निर्भर रहना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया था।

कार्रवाई | दुर्ग जिला प्रशासन ने की त्वरित कार्रवाई

विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

■ **छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ने की जिला प्रशासन की कार्रवाई की सराहना, सौंपा धन्यवाद ज्ञापन**

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) पर हमला किए जाने की गंभीर घटना सामने आई है। प्रशासन और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को

गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की कठोर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

25 नवंबर 2025 को विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के बूथ क्रमांक 117 में कार्यरत बीएलओ श्री रूपेश कुमार पर आरोपी जावेद हुसैन ने शराब के नशे में अनायास हमला कर दिया। यह हमला राष्ट्रीय महत्व के शासकीय कार्य मेंं बाधा उत्पन्न करने वाला पाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने घायल बीएलओ को तत्काल सुपेला अस्पताल में भर्ती कराया, बाद में उनका उपचार जिला अस्पताल दुर्ग में किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह अस्पताल पहुंचकर श्री रूपेश जोशी से मुलाकात की और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुलिस को सभी क्षेत्रों में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग हेतु आदेश दिए। बीएलओ श्री रूपेश की स्वास्थ्य स्थिति अब सामान्य है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल बीएलओ कार्य से मुक्त किया गया और उनके स्थान पर अन्य कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई। जिले में समस्त बीएलओ की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश पुलिस को प्रदान किए गए हैं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। फेडरेशन ने आश्वस्त किया कि सभी शिक्षक एसआईआर जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

'सुप्रजा' कार्यक्रम से मातृ-शिशु स्वास्थ्य में हो रहा है उल्लेखनीय सुधार

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत वर्ष 2023-25 में संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित 'सुप्रजा' कार्यक्रम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की समग्र देखभाल, पोषण, सुरक्षा और स्वास्थ्य संवर्धन को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

राज्य के विभिन्न जिलों की कुल 40 आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफको केंद्र सरकार

की गाइडलाइन के अनुरूप प्रशिक्षण देते हुए नियमित सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की प्रतिमाह जांच, नवजात शिशुओं के विकास परीक्षण, तथा गर्भवती महिलाओं को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रखने हेतु आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सुप्रजा कार्यक्रम के तहत उत्तम एवं स्वस्थ संतान प्राप्ति के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित गर्भसंस्कार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

किसानों की मेहनत और फसलों की रंगत उपार्जन केंद्रों में बिखेर रही है खुशियां

■ **महावीर चौक के किसान श्री बाबूलाल के चेहरे की मुस्कान दे रही प्रदेश सरकार की सफलता**

नारायणपुर/नवप्रदेश। किसानों के खेतों की मेहनत और फसलों की रंगत अब धान खरीदी केंद्रों में दिखने लगी है। पिछले छह माह में बीज से पौधे व पौधों से तैयार हुई धान की बालियों की पूरी-पूरी कीमत अपने श्रमवीर किसानों को प्रदेश सरकार चुका रही है। गत वर्ष की भांति वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से छत्तीसगढ़ सरकार कृषकों से धान का क्रय कर रही है, जिसकी झलक उनकी संतुष्टि और मुस्कान के पीछे देखी जा सकती है। जिले के महावीर चौक निवासी किसान श्री बाबूलाल देवांगन ने अपनी मेहनत और लगन से बेहतर उपज प्राप्त कर इस वर्ष माहका धान उपार्जन केन्द्र में 40 क्विंटल धान बेचा है। किसान श्री देवांगन ने बताया कि उनकी 2 एकड़ कृषि भूमि में

परंपरागत तरीके से धान की फसल ली जाती है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में 4 बेटे बहू है पत्नी खेती-किसानी में हाथ बंटाती हैं, वहीं उनके पुत्र कार्य कर परिवार का सहयोग करते है।

किसान श्री बाबूलाल देवांगन ने कहा कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी ने किसानों को बड़ी राहत दी है। समय पर खरीदी, सुविधाजनक व्यवस्था और किसानों की मेहनत का उचित दाम मिलने से जीवन में खुशहाली आई है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा- ÷धान बेचकर प्राप्त पैसे से अपने परिवार की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने के साथ खेती को और बेहतर व उन्नत बनाने की कोशिश रहेगी।÷ इस प्रकार राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहलाने वाली कृषि और किसानों के अथक परिश्रम का मूल्य देने में छत्तीसगढ़ सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। प्रदेश के किसानों के चेहरे पर आत्मसंतुष्टि और मुस्कान लाने सरकार का भगीरथ प्रयास सफल हो रहा है।

खाद्य आयोग अध्यक्ष ने स्कुली बच्चों संग किया न्यौता भोज

कांकेर/नवप्रदेश। बुधवार को संदीप शर्मा अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा छ.ग.राज्य खाद्य आयोग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय नंदनमारा में बच्चों को न्योता भोजन दिया गया साथ ही प्रधान मंत्री पोषण एवं शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत मध्यान भोजन का अवलोकन किया गया।अवलोकन के दौरान संदीप शर्मा अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा छ.ग.राज्य खाद्य आयोग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा मध्यान भोजन एवं शाला की प्रशंसा की गई।इस अवसर पर डीईओ रमेश निषाद जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश सेन सहायक संचालन के. आर.सिन्हा खंड शिक्षा अधिकारी नन्द कुमार अटभैया संकुल समन्वयक प्रवीण नायर दुर्गा नेताम निलिमा गौतम उपस्थित रहे।

टीबी मुक्त कांकेर की ओर बढ़ते कदम में टीम अंतागढ़ का एक और सराहनीय पहल

अंतागढ़/नवप्रदेश। 26 नवंबर को अनुविभाग स्तरीय बैठक अतिरिक्त कलेक्टर अंतागढ़ के द्वारा आयोजित किया गया। बैठक में निक्षय मित्र बनने के लिए सभी अधिकारियों को निक्षय मित्र बनने के लिए चर्चा किया गया। आज बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर अंतागढ़ श्री अंजोर सिंह पैकरा द्वारा स्वयं निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीज को फूड बकेट देना था, किन्तु मरीज के ना आ पाने के कारण बैठक उपरांत अतिरिक्त कलेक्टर अंतागढ़ के साथ राजस्व विभाग से श्री अंजोर सिंह पैकरा एडीएम (एसडीएम), विरेन्द्र सिंह नेताम तहसीलदार, शुभम तिवारी एसडीओ पुलिस, सुश्री स्वेता साहू जनपद पंचायत सीईओ, डॉ बीके रामटेके बीएमओ, नोमेत कुमार गावड़े बीपीएम एवं युवराज सर्फे एसटीएस के द्वारा टीबी मरीज अलबत्ती पटेल सेमरापारा अंतागढ़ को उनके घर जाकर उन्हें फूड बकेट प्रदाय किया गया। बीएमओ अंतागढ़ द्वारा बताया गया, कि टीबी मरीज के दौरान उन्हें स्वास्थ्य की अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है, उस दौरान उन्हें अधिक प्रोटीन युक्त आहार की आवश्यकता होती है। इसलिए निक्षय मित्र बनने हेतु टीबी मरीज को रू 500 का प्रोटीन युक्त फूड बकेट दिए जाने हेतु बैठक में चर्चा की गई। जिसमें प्रतिमाह प्रति मरीज 500 रूपये या उतने ही राशि की प्रोटीन युक्त फूड बकेट (फूड बकेट में मुंगफली, दुध पावडर, तेल, सोयाबीन बड़ी, दाल, फल) देकर किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि आदि के द्वारा भी एक मरीज को गोद लेकर 6 माह तक प्रदाय किया जा सकता है।

संविधान दिवस पर केरलापाल में जागरूकता का संदेश

नारायणपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत केरलापाल में संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत एवं स्थानीय विद्यालय के संयुक्त प्रयास से किया गया, जिसमें पिरामल फाउंडेशन ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। समारोह में जनपद सदस्य श्री राकेश कावड़े, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, ग्राम सचिव, पंचगण, पिरामल फाउंडेशन से वर्षा मिश्रा, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर जनपद सदस्य श्री राकेश कावड़े ने उपस्थित जनों को संविधान की शपथ दिलाई और संविधान के मूल्यों, विशेषताओं तथा नागरिकों के कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की। बच्चों और समुदाय ने महत्वपूर्ण विषयों पर गहरी रुचि दिखाई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने संविधान पर आधारित गीत, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही पूर्व में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम ने बच्चों और समुदाय में संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। आयोजन ने ग्राम पंचायत, विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय और सहभागिता की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

आत्मसमर्पित एवं नक्सल पीड़ित 79 प्रशिक्षणार्थियों को नई राह

कौशल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर कलेक्टर ने किया 10 लाख 33 हजार 965 रूपये का चेक वितरण

■ **प्रशिक्षणार्थियों को पैसों का सदुपयोग कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का आग्रह किया**

नारायणपुर/नवप्रदेश। आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला प्रशासन द्वारा नक्सलवादी आत्मसमर्पित, पीड़ित राहत पुनर्वास नीति 2025 के अंतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास और आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं लाईवलीहुड कॉलेज नारायणपुर द्वारा जिले के सबसे सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों सोनपुर, अबूझमाड़ और कोंडागांव के 79 आत्मसमर्पित नक्सलियों को विभिन्न ट्रेडस में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

पिछले तीन महीनों से ड्राइविंग, प्लंबिंग, सिलाई, तथा अन्य आजीविका उन्मुख प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इन 79 प्रशिक्षणार्थियों को आज कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा 10 लाख 33 हजार 965 रूपये का प्रोत्साहन राशि के रूप में चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ममगाई ने सभी को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर शुभकामनाएं देते हुए जीवन में एक नई शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को चेक की राशि का उपयोग सार्थक कार्यों में करने की सलाह दी, जिसमें परिवार की आवश्यक जरूरतें, बच्चों की शिक्षा तथा कृषि एवं आजीविका संबंधी गतिविधियाँ शामिल हैं। कलेक्टर ने कहा कि अब जब सभी प्रशिक्षित हो चुके हैं, तो उन्हें अपने गांव में रहकर खेती-किसानी, मकान बनाने और उस कौशल के अनुरूप कार्य शुरू करना चाहिए, जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को उन्होंने स्व सहायता समूहों से जुड़कर अपने कार्य को संगठित तरीके से आगे बढ़ाने, उत्पादन बढ़ाने तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनने का आग्रह किया। वहीं प्लंबर प्रशिक्षणार्थियों को जिले के विभिन्न ग्रामों में नलकूप स्थापना, मरम्मत एवं जलसुविधा से जुड़े कार्यों में सहभागी बनने की बात कही, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को भी बेहतर सुविधा मिल सकें।

कलेक्टर ने उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक समय में बढ़ते ऑनलाइन धोखाधड़ी और स्कैम से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आजकल ठग लालच देकर मोबाइल पर ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी लेकर खातों से पैसे निकाल लेते हैं। ऐसे किसी भी कॉल, लिंक, संदेश या ऑफर पर विश्वास न करें और कभी भी अपना ओटीपी, एटीएम पिन या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें।

संविधान दिवस पं.विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी में प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आज पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल, कांकेर में भारतीय संविधान के महत्व और इसकी मूल भावना को स्मरण करते हुए संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान में निहित मूल्यों न्याय स्वतंत्रता समता एवं बंधुत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपने मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी प्रदान करना रहा।व्याख्याता पवन कुमार सेन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ की गई। इसके बाद विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।इस अवसर पर प्राचार्य आर.पी.एस.ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमारे देश की आत्मा है जो हमें एकता समानता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देती है। विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।प्राचार्य ने आगे कहा कि प्रस्तावना वाचन से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक चेतना विकसित होती है और वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग बनते हैं।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में शाला परिवार के कांता कोरेटी हेमलाल साहू, सुनीता मिश्रा अर्चना मंडावी, सुनीता सिंह, रेखा दुबे, नलिनी मिश्र अलका शेट्टी, हेमंत गंजीर रोशनी नेताम, आबिद खान शशि कला सलाम, कुसुम सोम खूबचंद साहू भुनेश्वरी गौतम ज्ञान प्रकाश मिश्र आदि उपस्थित थे।

पैराडाइज़ स्कूल में शुरू हुआ वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम

■ **लगभग 900 छात्र छात्राएं विभिन्न खेलकूद में ले रहे बढ़चढ़ कर हिस्सा**

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ 26 नवंबर 2025 को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। यह कार्यक्रम कुल चार दिनों तक आयोजित किया जाएगा। वार्षिक खेलकूद प्रारंभ प्राचार्य रश्मि रजक के द्वारा मशाल प्रज्वलित कर स्कूल के छात्रों द्वारा पैराडाइज स्कूल भण्डारीपारा से लेकर पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा तक पहुँचाकर एवं मुख्य अतिथि रमेश निषाद (डीइओ) विशिष्ट अतिथि दुर्गेश शोरी सहायक संचालक एवं अनिल कुमार दहीवेले (डीएसओ) के द्वारा खेल ध्वज फहरा कर परेड की सलामी लेते हुये किया गया। खेल का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा डिस्कस थ्रो से प्रारंभ किया गया।

चार दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न एथलेटिक्स एवं टीम प्रतियोगिताओं का संचालन किया जा रहा है प्रथम दिवस विभिन्न खेल प्रतियोगिता की शुरूआत के साथ छात्रों में जोश और उमंग देखने को मिली। पहले दिन के खेल जिसमें जूनियर एवं सिनियर ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, शॉर्ट पुट, लम्बी कूद, ऊँची कूद, शतरंज, कैरम, कबड्?डी, रिले रेस आदि खेलों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिये। सब जूनियर ग्रुप के लिये खो-खो, सैंक रेस, स्किप रोप कराया गया। मिनी जूनियर ग्रुप को म्यूजिकल चेयर खेल इन्चार्ज टीचर द्वारा कराया गया। दूसरे पहर में आयोजित विभिन्न खेल के खिलाडियों को प्रोत्साहित करने विशिष्ट अतिथि के रूप में बी.एड कॉलेज के प्राचार्य डॉ.ओ.पी मिश्रा प्रोफेसर डॉ.पूर्वा शर्मा एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. कृष्णा मूर्ति शर्मा उपस्थित रहे।स्कूल के चार हाउसेस रेड हाउस ग्रीन हाउस येलो हाउस ऑरेंज हाउस के छात्र छात्रा आपस मे खेलकर विजेता एवं उप विजेता बनेगें।इस पूरे आयोजन में स्पोर्ट्स टीचर्स रामेश्वरी साहू यमुना बिलोधिया अवतार सिंह, संतोष कुमार ठाकुर पार्थ ज्योति कलिता का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया

अंतागढ़/नवप्रदेश। सर्व समाज अंतागढ़ द्वारा संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन गोंडवाना भवन में हुआ तथा अंबेडकर परिसर स्थित डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जी की विशाल मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर युवाओं ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए नए संकल्प लिए।सर्वप्रथम भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। इसके पश्चात् युवाओं ने डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए शपथ ली कि वे संवैधानिक आदर्शों–न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता–को जीवन में उतारेंगे तथा शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता के लिए निरंतर कार्य करेंगे।बौद्ध समाज अंतागढ़ के सचिव श्री तरुण खापर्डे ने कहा कि यह आयोजन संविधान निर्माता डॉ. भीम राव

अम्बेडकर जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और ग्रामीण क्षेत्र में संवैधानिक जागरूकता फैलाने का प्रयास है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय अंतागढ़ के प्रोफेसर श्री प्रशांत रंगारी जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहाः

÷डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर ने संविधान को केवल कानून नहीं, बल्कि एक जीवंत दर्शन बनाया। युवा इसे किताबों से निकालकर जीवन में उतारें–यही सच्ची संविधान पूजा है।÷

कार्यक्रम में श्री कुलदीप खापर्डे, संतराम दुग्गा, रौशन केमरो, बहादुर नेताम, मिनेष मरकाम, रामचरण दर्रो, प्रेमचरण गावड़े तथा नगर के सभी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

मनेंद्रगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में मतदाता पुनरीक्षण के लिए घर-घर पहुँचकर अभियान

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा घर-घर पहुँचकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन, नए नामों का पंजीकरण तथा सुधार कार्य किया गया। स्थानीय वार्डों और ग्रामीण इलाकों में टीमों ने लोगों को फ़ॉर्म-6, 7 और 8 की जानकारी देते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ सही तरीके से आवेदन भरने के लिए मार्गदर्शन किया। कई स्थानों पर महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर प्रक्रिया में हिस्सा लिया। आयोजित कैंप में अधिकारी खुले स्थान पर बैठकर आवेदनों की जाँच करते नज़र आए। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने दस्तावेज जमा

कराए। टीम ने यह भी बताया कि जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन अवश्य भरें।

एक अन्य मौके पर स्वास्थ्य कारणों से घर में मौजूद एक युवक के लिए भी BLO ने वहाँ पहुँचकर फ़ॉर्म भरवाया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जाँच की। क्षेत्र में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना और त्रुटियों को दूर करना है। अधिकारियों ने बताया कि सभी फ़ॉर्मों की ऑनलाइन प्रविष्टि समयबद्ध तरीके से की जाएगी ताकि आगामी चुनाव में हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।

प्रथम पेज का शेष

भारत को मिली कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 ...

वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया गया है।

क्यों खास है कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी?

कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विजन का भी प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। सबसे ज्यादा 5 बार मेजबानी का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम है।

47000 कारोड़ की...

राज्य के रेल बजट में 22 गुना वृद्धि

–वहीं वर्ष 1853 से 2014 तक मात्र 1100 किलोमीटर का विस्तार हो सका था। पिछले दस वर्षों में राज्य के रेल बजट में 22 गुना वृद्धि और वर्ष 2025-26 में 6925 करोड़ रुपये का आवंटन इस परिवर्तन का प्रमाण है। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत और वाणिज्य सचिव रजत कुमार मौजूद रहे।

मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा...

तकनीकी विशेषज्ञता की कमी और लंबी परियोजना के लिए समयसीमा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बिना सरकारी समर्थन के वाणिज्यिक उत्पादन फिलहाल व्यावहारिक नहीं है। इसके अलावा, खनन से जुड़े पर्यावरणीय जोखिम इस क्षेत्र को और जटिल बनाते हैं।

भारत रेयर अर्थ के लिए सप्लाई चेन विकसित करने पर कर रहा काम

भारत ने अप्रैल से चीन द्वारा निर्यात नियंत्रण सख्त करने के बाद दुर्लभ पृथ्वी मैग्नेट सप्लाई चेन विकसित करने की गति तेज कर दी है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापारिक तनाव के बीच, चीन ने इन 17 महत्वपूर्ण तत्वों को रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में चेतावनी दी थी कि महत्वपूर्ण खनिजों को हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए और स्थिर, विविध आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करनी चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 2,270 टन दुर्लभ पृथ्वी धातु और यौगिक आयात किए, जो पिछले साल से लगभग 17' अधिक है। इनमें से 65' से ज्यादा आपूर्ति चीन से आई है।

डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस ...

सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इसमें नक्सलवाद, पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा चुनौतियां, सीमा प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक अशांति, साइबर अपराध और सूखे नशे के खिलाफरणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पुलिसिंग को आधुनिक बनाने, नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, राज्य और केंद्र के बीच समन्वय और सूचना साझा करने पर विशेष जोर रहेगा।

माओवाद को बड़ा झटका...

दोनों पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था। इसी तरह लक्खू कोरसा, बदरू पुनेम, सुखराम हेमला और मंजूला हेमला जैसे नामी कैडर भी सरेंडर करने वालों में हैं। पुलिस के मुताबिक, यह सफलता छत्तीसगढ़ सरकार की पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन नीति और नियद नेल्ला नार योजना का नतीजा है। सुरक्षा बलों के लगातार दबाव, स्थानीय लोगों का सहयोग और परिवार वालों की अपील ने इन कैडरों को हथियार छोडने के लिए मजबूर किया। आत्मसमर्पण करने वालों ने भारतीय संविधान में पूरा विश्वास जताया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में सम्मानजनक जीवन जीने का संकल्प लिया। सरकार की नीति के तहत हर सरेंडर करने वाले को तुरंत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके बाद पुनर्वास के लिए पूरी कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी।

संविधान में आस्था...

नागरिक को स्वतंत्रता के साथ अपनी बात रखने का अधिकार देता है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि विधायक और सांसद जैसे पदों पर आम नागरिकों का पहुँचना संविधान की ही उदार, समावेशी और लोकतांत्रिक व्यवस्था का परिणाम है।

छत्तीसगढ़ की संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री ने संविधान निर्मात्री सभा में देश के सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के संविधान निर्माण अमूल्य योगदान दिया को स्मरण किया। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ से भारत के संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठजनों का स्मरण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की यह ऐतिहासिक भागीदारी आज भी गर्व का विषय है और इन महान जनप्रतिनिधियों की विचारशीलता, लोकतांत्रिक मूल्य और राष्ट्रनिर्माण की दृष्टि सदैव प्रेरणा देती रहेगी।

संविधान दिवसः मोदी ने ...

राष्ट्र की सेवा करने के लिए सशक्त बनाया है और संसद तथा संविधान के प्रति अपने सम्मान के अनुभव साझा किए। उन्होंने वर्ष 2014 में संसद की सीढ़ियों पर झुकने और 2019 में सम्मान के प्रतीक के रूप में संविधान को अपने माथे पर धारण करने का स्मरण किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि संविधान ने असंख्य नागरिकों को सपने देखने और उन सपनों को साकार करने की शक्ति प्रदान की है। प्रधानमंत्री ने संविधान सभा के सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर और कई प्रतिष्ठित महिला सदस्यों को याद किया, जिनकी दूरदर्शिता ने संविधान को समृद्ध बनाया। उन्होंने संविधान की 60वीं वर्षगांठ के दौरान गुजरात में आयोजित संविधान गौरव यात्रा तथा इसकी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित संसद के विशेष सत्र और राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जिनमें रिकॉर्ड जन भागीदारी देखी गई।

संविधान राष्ट्रीय अस्मिता का...

चाहते थे कि संविधान के माध्यम से हमारा सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान सुनिश्चित रहे। मुझे यह कहते हुए बहुत प्रसन्नता होती है कि बीते दशक में हमारी संसद ने जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अत्यंत प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

बीएसपी स्कूल, मैत्री गार्डन और विद्युत व्यवस्था को लेकर विधायक रिकेश ने मैनेजमेंट से की चर्चा

■ **राज्य सरकार से भी जल्द होगी पहल**

भिलाई नगर/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के अधीन भिलाई टाउनशिप की विद्युत व्यवस्था, मैत्री गार्डन और स्कूल को लेकर आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा की। रिकेश ने टाउनशिप स्थित मैत्री बाग को राज्य सरकार के सुपुर्द करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सहमति बन गई है। विधायक सेन ने बताया कि इसके

लिए राज्य सरकार से चर्चा करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के पर्यटन और वन विभाग के सहयोग से मैत्री गार्डन का विकास और संचालन हो सकता है। सेन ने कहा कि मैत्री गार्डन राज्य सरकार के अधीन होने पर यहां कार्यरत कर्मचारियों की व्यवस्था भी आउटसोर्सिंग और केंटीन के आदि संचालन में हो सकेगी। इसी तरह टाउनशिप स्थित स्कूलों को बड़े शिक्षण ग्रुप्स को लीज पर दिया जा सकता है। इन स्कूलों में पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स का बारहवीं कक्षा तक शिक्षण शुल्क वर्तमान दर पर ही लिया जाएगा। आगामी 30 वर्ष के लिये लीज पर बड़े एजुकेशल ग्रुप्स को दिए जाने पर भी सहमति बन गई है।

बीएसपी मैनेजमेंट और छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के बीच हुए एमओयू में कुछ नियम ऐसे हैं, जिनको लेकर संयंत्र कर्मचारियों को नुकसान का अंदेशा है। इन नियमों को लेकर कर्मियों ने आपत्ति की है। विधायक रिकेश सेन ने इस संबंध में जल्द ही सीएसपीडीसीएल से चर्चा करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि विद्युत कंपनी से बैठक कर ऐसे क्लॉज हटाने के प्रयास किये जाएंगे।

आज हुई बैठक में बीएसपी एक्टिव जीएम टाउनशिप एबी श्रीनिवास, शिक्षा विभाग जीएम शिखा दुबे, जीएम डॉ नवीन जैन और डीजीएम टाउनशिप आरके गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बीएलओ से मारपीट, पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

■ **कलेक्टर पहुंचे अस्पताल, डॉक्टरों को बेहतर इलाज करने दिये निर्देश**

■ **खुर्सीपार इलाके में पेट्रोलिंग बढ़ाने दिये निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। भिलाई नगर विधानसभा के बूथ क्रमांक 117 के बीएलओ रूपेश जोशी पर खुर्सीपार के उडिय़ा मोहल्ले में वाद विवाद के बाद हमला किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उडिय़ा मोहल्ला निवासी जावेद हुसैन निवासी ने वाद विवाद करते हुए बीएलओ रूपेश जोशी पर हमला कर दिया। बीएलओ के सर पर चोट आई।

बीएलओ ने प्रशासन को घटना की खबर दी जिसके बाद एसडीएम हितेश पिस्दा और थाना प्रभारी खुर्सीपार आनंद शुक्ला तुरंत मौके पर पहुंचे और आरोपी जावेद हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, जानलेवा हमला की धाराओं के तहत एफआईआर की कार्यवाही की गई।

बीएलओ रूपेश जोशी को घटना के फौरन बाद इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चोट वाली जगह का सीटी स्कैन किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि सीटी स्कैन की रिपोर्ट नॉर्मल है और कोई इंटरनल इन जर्नी नहीं है। इलाज के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह बीएलओ का हालचाल जानने पहुंचे और बीएलओ से बातचीत की।

कलेक्टर ने सीएमएचओ और सिविल सर्जन को बेहतर इलाज के लिये निर्देशित किया है। पुलिस प्रशासन को सभी क्षेत्रों खास कर खुर्सीपार क्षेत्र में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग के लिये निर्देशित किया गया। आगे किसी के द्वारा भी बीएलओ के निर्वाचन कार्य में बाधा डालने और वाद विवाद करने पर प्रशासन द्वारा कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

न्यूज गैलरी

तालाब सौंदर्यीकरण और मुक्तिधाम निर्माण के लिए तीन करोड़ मंजूर

दुर्ग। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा दुर्ग जिले के पाटन नगर पंचायत में चार तालाबों के सौंदर्यीकरण और मुक्तिधाम निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपए से अधिक की राशि मंजूर की गई है। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद सूडा द्वारा इन कार्यों की स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सूडा द्वारा पाटन नगर पंचायत के वार्ड 1 में दुबे डबरी सौंदर्यीकरण और विकास कार्य के लिए 51 लाख 42 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-7 में सरगबुंदिया तालाब सौंदर्यीकरण व विकास कार्य के लिए 43 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक-8 में बुढ्ढु तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 84 लाख 61 हजार रुपए और वार्ड क्रमांक-12 में महामाया तालाब सौंदर्यीकरण व विकास कार्य के लिए 99 लाख 31 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड क्रमांक-5 में मुक्तिधाम के निर्माण के लिए भी सूडा द्वारा 23 लाख 14 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

आज 43,878.84 मेट्रिक टन धान की खरीदी

दुर्ग। जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य जारी है। 25 नवम्बर को 8367 किसानों से 43,878.84 मे. टन धान की खरीदी की गई है। जिले में कुल पंजीकृत 112446 किसानों से धान खरीदी हेतु अनुमानित लक्ष्य 6,16,435 मे. टन निर्धारित है। शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध की गई है।

एम एंड यू संगठन ने किया सुरक्षा केंद्रित क्विज़ का आयोजन

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के एम एंड यू संगठन द्वारा सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करने प्लांट गैरेज ऑपरेटरों के लिए अर्थ मूविंग इक्विपमेंट हाईवा, टिपर व अन्य भारी वाहनों के सुरक्षित संचालन पर आधारित क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी एम एंड यू बीके बेहरा थे। कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज़ विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों नियमित व ठेका ऑपरेटरों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बीके बेहरा ने भारी मशीनों के दैनिक संचालन में सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने ऑपरेटरों से प्री ऑपरेशनल चेक का सही क्रियान्वयन, स्पीड लिमिट का पालन, सतर्कता और अनुशासन बनाए रखने जैसी आदतों को मजबूती से अपनाने का आग्रह किया। महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष प्लांट गैरेज बीडी बाबू ने संयंत्र संचालन में कुशल व सुरक्षा सचेत ऑपरेटरों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अधिकांश घटनाएँ सही संचार ब्लाइंड स्पॉट की जागरूकता और एसओपीएस के कड़ाई से पालन से रोकी जा सकती हैं। प्रतिभागियों को क्विज़ से प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक संचालन में लागू करने और उच्चतम स्तर की सुरक्षा व व्यावसायिकता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व समन्वय वरिष्ठ प्रबंधक प्लांट गैरेज आशीष गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।

रुंगटा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव-प्रदर्शनी

भिलाई/नवप्रदेश। रुंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई में वार्षिक उत्सव और भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय अंतर आलोक - अंतर्निहित नायक का जागरण रहा, जिसका उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मानवीय मूल्यों को उजागर करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. सरोज पांडेय और विशिष्ट अतिथि विधायक रिकेश सेन सहित संस्था के अध्यक्ष चेयरमैन संजय रुंगटा, डायरेक्टर रजनी रुंगटा, डॉ. साकेत रुंगटा, हर्षा रूंगटा, बोर्ड मेंबर चतुर्भुज राठी, डॉ राजकुमार अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या दीप्ति सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों,

प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक सृजनशीलता को बताया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों ने देवा श्री गणेशा स्वागत नृत्य किया। मेधावी विद्यार्थियों का सर्टिफिक्रेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने विषय आधारित मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। साहस, आत्मविश्वास, देशभक्ति, प्रकृति संरक्षण, नेतृत्व, मानवता और नायकत्व जैसे जीवन मूल्यों को नृत्य, नाटक और गायन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। हिंदी नाटक आत्मचेतना, शिव तांडव के साथ मां काली का चित्रण नृत्य के रूप में और समूह गीत खुद अपने हीरो बनो ने प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विश्व संस्कृति, वास्तुकला, त्योहार, परंपराएँ और वैश्विक विविधता पर रचनात्मक मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा, मेहनत और प्रस्तुति की सराहना की। चेयरमैन संजय रुंगटा और अतिथियों ने बच्चों को ज्ञान के साथ संस्कार और आत्मविश्वास अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन स्मृति चिन्ह वितरण, धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

आईजी ने की इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंस पोर्टल की समीक्षा

महिला संबंधी अपराधों के त्वरित निराकरण पर दिया जोर

भिलाई/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने कार्यालय के सभागार में रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित कर 'इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंस' पोर्टल के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। महिला संबंधी अपराधों के त्वरित और प्रभावी निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि महिला अपराधों में न्यायालय में निर्धारित समय अवधि में चालान प्रस्तुत किया जाए और अनावश्यक विलंब से बचते हुए सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने आगामी दिसंबर माह तक रेंज स्तर पर लंबित मामलों के निराकरण में अधिकतम प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान पोर्टल के माध्यम से की जा रही कार्यवाही, केस ट्रैकिंग, कार्यप्रणाली और बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों पर भी चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर, डीएसपी शिल्पा साहू, कौशल्या साहू, उप-निरीक्षक राजकुमार प्रधान, सहायक उप निरीक्षक सीता गोस्वामी और पुलिस पीआरओ प्रशांत शुक्ला मौजूद रहे।

आज वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह

कुम्हारी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा वार्षिकोत्सव एवं

सम्मान समारोह का आयोजन प्रेस क्लब सभागार वार्ड 14 में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, अति वशिष्ठ अतिथि एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर करेंगे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार मुरारीलाल साव व सेवानिवृत्त प्राचार्या पीएमश्री सेजेस शिक्षक लता रघुकुमार एवं लोक कलाकार एवं दूरदर्शन प्रस्तोता राजेन्द्र साहू का आयोजक द्वारा सम्मान किया जाएगा। वहीं पत्रकार शैलेन्द्र खरे को चन्द्रशेखर साहू पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित होगें।

पीएससी में योगेंद्र की कामयाबी पर जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

पाटन/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के भनसुली निवासी योगेंद्र निर्मल ने पीएससी में 32 वां रैंक हासिल किया। नायब तहसीलदार का दायित्व मिलने पर गृह ग्राम भनसुली में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए बधाई दी। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ योगेन्द्र निर्मल के निवास पहुंचकर 32 वां रैंक प्राप्त करने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। वर्मा ने कहा कि योगेन्द्र निर्मल का प्रेरणादायक सफर उनकी अदम्य इच्छाशक्ति, सतत परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और अटूट लगन का प्रतीक है। वासुदेव निर्मल पिता योगेंद्र निर्मल का परिवार प्रारंभ से ही धार्मिक व ओजस्वी बुद्धि वाला परिवार है, सामाजिक कार्यक्रमों में भी उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी होती है। नपं अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा कि योगेन्द्र निर्मल शुरू से ही

मेधावी छात्र रहे हैं। इस अवसर पर रानी बंछोर भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष, पाटन नपं अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, देवेंद ठाकुर, योगेश सोनी, चंद्रप्रकाश देवांगन, केशव बंछोर, सरपंच भगवती साहू, उप सरपंच पद्ममन साहू, समाज अध्यक्ष महेन्द्र हिरवानी, मंथीर साहू, विनोद साहू, अजय निर्मल, गजाधर प्रसाद हिरवानी, नीलमणि हिरवानी, बाहरुराम निर्मल, धीरेन्द्र साहू, बल्लू साहू, डोमेश देवांगन, सोनू सेन, पप्पू साहू कार्यकर्तागण, ग्रामवासी उपस्थित थे।

लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है - विधायक चंद्राकर

■ **श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में एसआईआर के अंतर्गत लोकतांत्रिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वीप नोडल अधिकारी ठाकुर देवराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में हुनर फेस्ट 2025 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में विभागीय अध्यक्ष चुनाव और समग्र ओवर ऑल अध्यक्ष चुनाव

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न कराए गए। चुनावों का उद्देश्य विद्यार्थियों में मतदाता जागरूकता, नेतृत्व क्षमता, निर्णय क्षमता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ विकसित करना था। उन्होंने मतदान पद्धति और चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी छात्रों के साथ साझा कीं। मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और प्रत्येक मत अमूल्य है। हर नागरिक को मतदान अवश्य करना चाहिए। समारोह में विधायक ललित चंद्राकर ने चुनाव में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। स्वीप एम्बेसडर स्वाति बिसेन ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, नागरिक कर्तव्यों और युवाओं की सामाजिक भूमिका के प्रति जागरूक किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि स्वीप के माध्यम से महाविद्यालय में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय डीन अकैडमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और जब वे मतदान के महत्व को समझकर लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी करते हैं, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

संसार ही समुद्र है और इसमें हमेशा कर्म का मंथन होता है : भरत महाराज

■ **हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल के नारों से पूरा पंडाल गूंज उठा**

दुर्ग/नवप्रदेश। स्थानीय किल्ला मंदिर तमेरपारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस चित्रकूट से पधारे भरत महाराज ने समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार ही समुद्र है और इसमें हमेशा कर्म का मंथन होता है। मंथन करने वाले देवता और दैत्य प्रवृत्तियों के लोग होते हैं। कर्म का मंथन करने पर सबसे पहले असफलता का विष प्राप्त होता है लेकिन जो उसमें अडिग रहा तो अंत में उसकी सफलता का अमृत भी मिलता है। समुद्र से निकले हुई अनेक रत्न की

व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा सब कुछ संसार में उपलब्ध है। लक्ष्मी उसी को प्राप्त होती है जो उद्योग करता है अर्थात कर्मशील होता है। भरत महाराज ने राजा बलि की कथा सुनाते हुए कहा कि जीव को ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पित होना चाहिए, तभी भगवान उसके रक्षक यानी चौकीदार बनते हैं। भक्ति मय भजनों में झूमते हुए श्रोताओं को उन्होंने कृष्ण जन्म की बड़ी ही सरस और मार्मिक कथा सुनाई। जब वासुदेव और देवकी यानी जीव और सद्बुद्धि का मिलन होता है तो भगवान का प्राकट्य होता है। उसको भी कंस जैसा अहंकार नष्ट करने का प्रयास करता है। भगवान आते तो मथुरा में है लेकिन कंस रूपी अहंकार का राज्य होने के कारण छोड़कर गोकुल चले जाते हैं। कृष्ण जन्म का आनंद समस्त श्रद्धालुगणों ने लिया, सुंदर झांकियां का भी दर्शन सभी लोगों को हुआ।

शबरी मानस मंडली के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में तमेरपारावासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। भारी संख्या में दुर्ग शहर से श्रोता उपस्थित होकर कथा का आनंद ले रहे हैं। कथा के अंत में 'हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल के' नारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। उल्लास के साथ नाचते गाते हुए कृष्ण जन्म का आनंद लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों की प्रेरक पहल

दुर्ग/नवप्रदेश। समाज में स्वच्छता, सेवा और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने जिला न्यायालय दुर्ग में चलाए गए स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान न्यायालयीन कर्मचारियों और निगम कर्मचारियों ने स्वच्छता कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों को संचालित किया गया। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने जिला न्यायालय व निगम कर्मचारियों को मफ्लर व टोपी का वितरण किया। बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी और मानवीय पहल सिद्ध हुआ। जिला न्यायाधीशगण ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत जिम्मेदारी है। न्यायालय परिसर की स्वच्छता यहाँ आने वाले पक्षकारों, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को बेहतर वातावरण प्रदान करती है। इस दौरान निगम एवं न्यायालय के कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों से सफाई अभियान चलाया।

आयोजन... नैनो मेडिसिन फॉर प्रिसीजन थेरेपी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

नैनो टेक्नोलॉजी से प्रिसीजन मेडिसिन को मिल रही नई दिशा

कुम्हारी/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 21 व 22 नवंबर को किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक व प्राचार्य प्रो. एस. प्रकाश राव ने किया। डॉ. तिलोतमा साहू ने संयोजक व आस्था वर्मा ने सह-संयोजक के रूप में भूमिका निभाई।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो एस दहरवाल, निदेशक, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने आधुनिक फार्माकोलॉजी में नैनो टेक्नोलॉजी की परिवर्तनीय क्षमता और लक्षित उपचार विकसित करने में इसकी बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में कई ज्ञानवर्धक तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहला सत्र प्रो. शेखर वर्मा, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उनके व्याख्यान में नैनो कणों द्वारा दवा की घुलनशीलता, जैव उपलब्धता और लक्षित डिलीवरी में होने वाले सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई।

दूसरे सत्र में डॉ. बीना गिडवानी ने नैनो टेक्नोलॉजी द्वारा प्रिसीजन मेडिसिन को कैसे नई दिशा मिल रही है और किस प्रकार आनुवंशिक एवं आणविक प्रोफाइल के आधार पर व्यक्तिगत उपचार संभव हो रहा है, इस पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. एजाजुद्दीन रजिस्ट्रार एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर (आर एंड डी), रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भिलाई ने विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने दवाओं की स्थिरता, फार्माकोकाइनेटिक्स और लक्षित डिलीवरी में होने वाले लाभों को रेखांकित किया।

संगोष्ठी का अंतिम सत्र डॉ. मवेन्द्र सिंह करछुली, सीनियर मैनेजर, प्री क्लिनिकल एवं टॉक्सिकोलॉजी, बैक्सटर (अहमदाबाद) द्वारा लिया गया। उन्होंने नैनोमेडिसिन की विषाक्तता मूल्यांकन पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षा परीक्षण की अनिवार्यता व क्लिनिकल अनुप्रयोग में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। दो दिवसीय कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में नैनो मेडिसिन, प्रिसीजन थेरेपी और उन्नत दवा वितरण प्रणाली के क्षेत्र में शोध व नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण व्याख्यान हुए।

थिंक बिज प्रतियोगिता में मैत्री विद्या निकेतन का जलवा

भिलाई/नवप्रदेश। केके मोदी विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित थिंक बिज़ 4.0 व्यवसाय एवं उद्यमिता प्रतियोगिता में मैत्री विद्या निकेतन के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन में क्षेत्र के 12 प्रमुख विद्यालयों की 27 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत एक कठिन क्वालीफाइंग राउंड से हुई, जिसमें से केवल छह टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। मज़बूत उद्यमशीलता कौशल और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन करते हुए मैत्री विद्या निकेतन ने तीन टीमों को मैदान में उतारा।

टीम टेस्ट रूट्स के सदस्य पीएम अविनाश, पर्व अग्रवाल, खुशी गोसाई, शौर्य पुन्नल, टीम ग्रीन लीफ के सदस्य गौरव वारिवे, सत्यम मिश्रा, मोनिका साहू, ट्विंकल मेरिहारे, टीम वारिवे सैनिस्ट्री के सदस्य दुर्गेश ठाकुर, कुमरानी साहू, सुभाना सदफ । गौरव वारिवे के नेतृत्व में टीम ग्रीन लीफ ने व्यवसायिक कौशल और नवाचार का प्रदर्शन किया और शीर्ष 6 फाइनलिस्टों में स्थान हासिल किया।

टीम ग्रीन लीफ को थिंक बिज़ 4.0 का दूसरा रनर-अप घोषित किया गया। उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए एक ट्रॉफी, 3000 रुपए का नगद पुरस्कार और उपलब्धि प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्कूल प्रबंधन और संकाय ने टीमों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी और इस प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालयीन कार्यक्रम में मैत्री विद्या निकेतन के उनके सराहनीय प्रतिनिधित्व की सराहना की।

डोंगरगांव क्षेत्र में धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन के तुगलकी निर्देशों से किसानों में भारी आक्रोश

कलेक्टर का तुगलकी फरमान – समिति प्रबंधकों को अनावरी रिपोर्ट के आधार पर प्रति एकड़ केवल 15 से 17 क्विंटल धान खरीदने का निर्देश

किसानों में गहरा असंतोष, खरीदी केंद्रों में हड़कंप

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) के महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव सदस्य ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भाजपा की विष्णु देव सायं सरकार में किसानों की परेशानियाँ लगातार बढ़ती जा रही हैं।

आज राजनांदगांव कलेक्टर श्री जितेंद्र यादव द्वारा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर बंद कमरे में समिति प्रबंधकों को यह मौखिक निर्देश दिया गया कि अनावरी रिपोर्ट के आधार पर किसानों से प्रति एकड़ केवल 15 से 17 क्विंटल धान खरीदा जाए। इस तुगलकी आदेश ने किसानों में तीखा रोष पैदा कर दिया है।

श्री यादव ने कहा– ÷जब-जब प्रदेश में भाजपा की सरकार आती है, किसानों को किसी न किसी आदेश और दमनात्मक प्रक्रिया के जरिए परेशान किया जाता है। कलेक्टर का यह निर्देश दर्शाता है कि सरकार की मंशा किसानों का पूरा धान खरीदने की नहीं है, बल्कि बहाने बनाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।÷

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में किसानों को सम्मान, न्याय और उनकी उपज का पूरा मूल्य मिलता था। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार में किसानों को खरीफ फसल के लिए खादङ्कबीज के लिए भटकना पड़ा, यहां तक कि आंदोलन करना पड़ा। मजबूरी में किसानों को यूरिया और डीएपी दोगुनी कीमत पर निजी हाथों से खरीदना पड़ा।

उन्होंने महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया– ÷कई किसानों की उपज प्रति एकड़ 25 से 30 क्विंटल तक होती है। क्या सरकार कलेक्टर के इस फरमान के अनुसार किसानों की पूरी उपज खरीदेगी? या फिर किसानों को 15ङ्क17 क्विंटल तक सीमित कर दिया जाएगा?÷

उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के बाद कई किसानों ने फोन कर अपनी परेशानी बताई। मौके पर पहुँचने पर एक किसान ने बताया कि उसकी 2 एकड़ 31 डिसमिल जमीन है और वह सामान्यतः 48 क्विंटल धान बेचता था, लेकिन नए निर्देश के बाद समिति ने केवल 40 क्विंटल धान ही खरीदा और बाकी वापस कर दिया।

श्री यादव ने कहा– यह किसानों के साथ खुला अन्याय है। सरकार की घोषणा के अनुसार पूर्ण क्विंटल धान की खरीदी अनिवार्य है। यदि किसानों का हक़ छीना गया तो मैं क्षेत्र के किसानों के साथ सड़क पर उतरकर संघर्ष करने के लिए बाध्य हो जाऊँगा।÷

लंबित महंगाई भत्ता हेतु एक मांग एक मंच के कोर ग्रुप की बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 1 जनवरी 2025 से बढ़ा हुआ 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवंत जनवरी 2017 से दिए गए मंहगाई भत्ता के एरियर्स राशि की एक सूत्रीय मांग को समर्थन देने वाले कर्मचारी संगठनों के प्रांताध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को बैठक 24 नवंबर को इंद्रावती भवन में करण सिंह अटे रिया द्वारा आयोजित की गई बैठक प्रमुख रूप से अनिल शुक्ला प्रांतीय संयोजक कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा,जितेंद्र सिंह ठाकुर प्रांताध्यक्ष प्रदेश कोषालयीन कर्मचारी संघ,करण सिंह अटेरिया प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी संघ,महेंद्र सिंह पूर्व अध्यक्ष मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अतिरिक्त पवन साहू मंत्रालयीन कर्मचारी संघ,वाय कुरैशी उपस्थित थे। धमतरी शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ के एवं संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक दीपक शर्मा ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एक मांग एक मंच को जिला एवं ब्लॉक तहसील स्तर पर सक्रिय करने के लिए प्रत्येक जिला में इस मांग को समर्थन देने वाले संगठन के जिलाध्यक्षों का एक का एक जिला कोर ग्रुप गठित किया जाएगा*।समस्त संगठन के प्रांताध्यक्ष अपने अपने संज्ञक जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारी की सूची श्री अटे रिया जी के व्हाट्सअप में 30 नवंबर तक जरूर पोस्ट करेंगे।छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकास शील से प्रतिनिधि मंडल आगामी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में मिलकर चर्चा करेगा।

स्वामी आत्मानंद स्कूल गरियाबंद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां संविधान दिवस

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में आज 75वां संविधान दिवस बड़े ही गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीमा कंवर (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरियाबंद), बी.आर. साहू (जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, गरियाबंद) तथा यशवंत वासनीकर (जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक, गरियाबंद) रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया तथा यह संकल्प लिया गया कि सभी अपने मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के पालन हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। मुख्य अतिथि सीमा कंवर ने अपने उद्बोधन में संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों और मूल कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद बी.आर. साहू ने कहा कि संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा का अधिकार प्रदान किया है, जबकि संविधान बनने से पहले समाज के कुछ वर्गों को शिक्षा और अन्य अधिकारों से वंचित रखा जाता था।

नगर पालिका अध्यक्ष ने किया मितानिन बहनों का सम्मान

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के हाथों क्षेत्र की मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष श्री डोंगरे ने सभी मितानिन बहनों को शाल श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मान करते हुए कहा कि सरकार और जनता के बीच मितानीन हीं एक ऐसी कड़ी है जो समय -समय पर सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुचाती है और समय रहते उन्हें लाभ दिलाने के लिए अहम कार्य करते आ रही है । यही नहीं दिन हो या रात मितानिन बहने किसी भी विपरीत परिस्थिति में जनता को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए कार्य करती है । ज्ञात हो कि नगर पालिका चुनाव के दौरान अध्यक्ष रमन डोंगरे ने सभी मितानिन बहनों को एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान करने की बात कही थी जिस पर उन्होंने आज पहल करते हुए क्षेत्र की लगभग 50 से 60 मितानिन बहनों का सम्मान कर अपने कार्य के प्रति हमेशा सक्रिय रहने का संदेश दिया है ।

धान खरीदी केंद्रों में पारदर्शिता रखने सुगमता से धान खरीदी के दिए निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिला अधिकारियों से विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने हर विभाग को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में चल रहे धान खरीदी कार्यों की प्रगति, तौल व्यवस्था, बोरा उपलब्धता, परिवहन प्रबंधन, टोकन वितरण प्रणाली, भुगतान प्रक्रिया एवं खरीदी केन्द्रों की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करते निर्देश दिए कि सभी खरीदी केन्द्रों में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित की जाए। तथा किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। भुगतान प्रक्रिया समयबद्ध हो, भीड़ प्रबंधन सुचारू रहे और प्रत्येक केंद्र का निरीक्षण नियमित रूप से किया जाए।

प्रभारी सीईओ पर वसूली, फर्जी बिल और भुगतान रोकने के गंभीर आरोप

छुरा जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार का बम फूटा

छुरा/नवप्रदेश। छुरा जनपद पंचायत इन दिनों विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, वसूली और प्रशासनिक संरक्षण के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। ताजा मामला एक वाहन मालिक से जुड़ा है, जिसने छह महीने से भुगतान नहीं होने, जबरन पैसे वापस लेने, कोरा बिल पर हस्ताक्षर कराने और शिकायत करने पर मोबाइल नंबर ब्लॉक करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन चुका है।

वाहन मालिक शरीफ खान ने बताया कि उन्होंने अपना चार पहिया वाहन जनपद पंचायत छुरा में कार्यालयीन कार्यों के लिए लगाया था। तय नियमों के अनुसार वाहन का मासिक किराया मिलना था, लेकिन छह माह बीत जाने के बावजूद उन्हें 30 हजार रुपए से अधिक की राशि नहीं दी गई। भुगतान के लिए वे लगातार कार्यालय के चक्कर काटते रहे, सीईओ से मिलने की कोशिश करते रहे, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया।



8 हजार रुपए वापस लेने का सनसनीखेज आरोप

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि पहले उनके खाते में राशि डलवाई गई और बाद में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास शाम करीब 7 बजे बुलाकर उसमें से 8 हजार रुपए नकद वापस ले लिए गए। वाहन मालिक का कहना है कि यह खुली वसूली है, जिसे कथित तौर पर नौकरी और ठेकों के खेल की तरह अंजाम दिया जा रहा है।

शरीफ खान के अनुसार मजबूरी में उन्होंने प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी को व्हाट्सएप और मोबाइल मैसेज भेजकर भुगतान की गुहार लगाई। उन्होंने साफलिखा कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वे मुख्यमंत्री, विधायक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायत करेंगे। इसके बाद भी भुगतान तो नहीं हुआ, उल्टा उनका मोबाइल नंबर ही ब्लॉक कर दिया गया।

कोरा बिल का खेल, सिस्टम में लोचा: शरीफखान ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद पंचायत में वाहन लगाने के बदले कोरा बिल पर हस्ताक्षर करवाए जाते हैं। जो व्यक्ति ऐसा करता है, उसी का वाहन चलता है। यदि कोई व्यक्ति नियम से सही बिल देना चाहता है तो उसका भुगतान रोक दिया जाता है। इससे स्पष्ट है कि बिल-वाउचर के जरिए बड़े स्तर पर गड़बड़ी की आशंका है।

आरटीआई से भागने का आरोप: सूत्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि सूचना का अधिकार के तहत मांगी जा रही जानकारियां जानबूझकर रोकी जा रही हैं। नियमों के तहत निर्धारित समय में जानकारी नहीं दी जा रही, जिससे यह आशंका और मजबूत हो गई है कि पंचायत के भीतर फर्जीवाड़ा और वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा खेल चल रहा है।

जनाक्रोश, आंदोलन की चेतावनी: स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों में इस मामले को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जनपद पंचायत का घेराव और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। आम जनता पूछ रही है–क्या छुरा जनपद पंचायत अब भ्रष्टाचार का सुरक्षित अड्डा बन चुका है?

राजनीतिक संरक्षण की छाया?

इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि अब तक कोई सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई? सूत्र बताते हैं कि जिला पंचायत के सीईओ ने इस पूरे मामले में आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, रायपुर को दंडात्मक कार्रवाई के लिए पत्राचार किया था। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया। चर्चा है कि प्रभारी सीईओ को पद पर बैठाने में एक प्रभावशाली मंत्री के निजी सचिव की भूमिका रही है, जिसके चलते जिला कलेक्टर से लेकर मंत्रालय स्तर तक अधिकारी खुलकर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

मोबाइल बंद, लंबी छुट्टी!

जब मीडिया ने इस पूरे मामले में प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी से उनका पक्ष जानने की कोशिश की, तो उनका मोबाइल लगातार बंद मिला। जनपद पंचायत कार्यालय से बताया गया कि वे ÷लंबी छुट्टी÷ पर हैं। सवाल यह है कि जब इतने गंभीर आरोप सामने हैं, तो जिम्मेदार अधिकारी सार्वजनिक रूप से सामने आकर अपना पक्ष क्यों नहीं रख रहे?

लोकतंत्र और प्रशासन की साख दांव पर

यह पूरा मामला अब केवल एक वाहन भुगतान का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रशासनिक पारदर्शिता, सत्ता संरक्षण और भ्रष्टाचार के गठजोड़ का प्रतीक बन चुका है। सवाल यह नहीं है कि आरोप लगे हैं– सवाल यह है कि इन आरोपों पर कार्रवाई कब होगी? अब निगाहें मुख्यमंत्री कार्यालय, जिला प्रशासन और पंचायत विभाग पर टिकी हैं। यदि इस मामले में शीघ्र निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह साफ संदेश जाएगा कि कानून से बड़ा सत्ता का संरक्षण है।

हड़ताल खत्म होते ही नए ऑपरेटरों की छुट्टी, बेरोजगार युवा फिर सड़क पर

- धान खरीदी अवधि तक सेवाएं जारी रखने की मांग तेज

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के उपार्जन केंद्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल के दौरान प्रशासन ने तात्कालिक व्यवस्था के तहत बेरोजगार युवाओं को अस्थायी रूप से ऑपरेटर की जिम्मेदारी सौंपी थी। धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए इन युवाओं ने पूरी तत्परता से डेटा एंट्री, खरीद अद्यतन और तकनीकी कार्यों का संचालन किया। उन्हें मौखिक रूप से यह भरोसा भी दिलाया गया था कि धान खरीदी सीजन के दौरान उनकी सेवा निरंतर जारी रहेगी। वही जैसे ही हड़ताली ऑपरेटर काम पर लौटे, प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के नवङ्कनियुक्त युवाओं को कार्यमुक्त कर दिया। अचानक लिए गए इस फैसले से नाराज युवा बुधवार 26 नवंबर को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अपनी पीड़ा अधिकारियों के समक्ष रखी।

धान खरीदी तक सेवा जारी रखने की मांग

युवाओं का कहना है कि उपार्जन केंद्रों में वे लगातार मेहनत से कार्य कर रहे थे। कई केंद्रों में डेटा एंट्री और खरीद संबंधी पूरा कार्य उनके भरोसे ही चल रहा था। हड़ताल के बीच प्रशासन ने भरोसा दिलाया था कि खरीदी अवधि तक उनकी सेवाएं कायम रहेंगी। लेकिन हड़ताल समाप्त होते ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। युवाओं ने कलेक्टर से मांग की कि पूर्व दिए गए आदेश और मौखिक निर्देशों के आधार पर उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया जाए तथा धान खरीदी अवधि तक सेवा जारी रखने की अनुमति दी जाए। अचानक सेवा समाप्त होने से वे एक बार फिर बेरोजगारी की स्थिति में पहुँच गए हैं।

प्रशासन की कार्रवाई पर युवाओं में रोष

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में युवाओं ने कहा कि प्रशासनिक आश्वासन पर भरोसा करते हुए उन्होंने पूरी निष्ठा से काम किया, परंतु अब उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है, जो सरासर अन्याय है। युवाओं का कहना है कि जब तक उनका न्यायोचित समाधान नहीं होता, वे अपनी आवाज लगातार उठाते रहेंगे।

तीन सवारी वाले दुपहिया वाहनो पर पुलिस कार्यवाही

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे बाइको मे तीन सवारी चलने वालो पर सख्ती बरतते जिला पुलिस ने अभियान चलाकर कार्यवाही करते वाहन चालको पर सख्ती बरती है । पिछले 12 दिनों मे दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 57 प्रकरणों मे 12600/- रूपये का जुर्माना करते भविष्य मे यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए है । शहर सहित बाहर भी अलग अलग चौक चौराहो पर आकस्मिक सघन वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर तीन सवारी मोटर सायकल चलाने वालो के विरुद्ध मोटर अधिनियम के तहत चालकों पर चालानी कार्यवाही जारी है, वाहनों मे एच एस आर पी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाने वाहनचालको को जागरूक किया जा रहा है ।

14 प्रकरणों में 1 करोड़ 8 लाख 3 हजार 500 रूपए मूल्य के 3485 क्विंटल अवैध धान जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 14 प्रकरणों में 1 करोड़ 8 लाख 3 हजार 500 रूपए मूल्य के 3485 क्विंटल (8713 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 65 प्रकरणों में 3 करोड़ 30 लाख 2 हजार 600 रूपए मूल्य के 10646 क्विंटल (26615 बोरा) अवैध धान एवं 3 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 4 प्रकरण में 60 लाख 4 हजार 700 रूपए मूल्य के 1937 क्विंटल (4843 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 3 प्रकरणों में 22 लाख 63 हजार रूपए मूल्य के 730 क्विंटल (1285 बोरा) एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 7 प्रकरणों में 25 लाख 35 हजार 800 रूपए मूल्य के 818 क्विंटल (2045 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 26 प्रकरणों में 2 करोड़ 5 लाख 9 हजार 600 रूपए मूल्य के 6616 क्विंटल (16540 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 23 प्रकरण में 78 लाख 30 हजार 600 रूपए मूल्य के 2526 क्विंटल (6315 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 16 प्रकरणों में 46 लाख 62 हजार 400 रूपए मूल्य के 1504 क्विंटल (3760 बोरा) अवैध धान एवं 1 वाहन जप्त किया गया है।

सेहत | 40 से अधिक मरीज हूए डिस्चार्ज, लोगों में दहशत का महौल

नया करेला में डायरिया का प्रकोप, इलाज के बाद मिली राहत

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के नया करेला मे तीन दिन से डायरिया पीड़ितों को इलाज के बाद राहत मिलनी शुरू हो गई है । मंगलवार को स्थानीय सिविल अस्पताल मे लगभग 52 से अधिक मरीज डायरिया से पीड़ित होकर इलाज के लिए भर्ती किए गए थे । जिसमे से इलाज के बाद स्वास्थ्य सुधार होते ही बुधवार को 39 मरीजो को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया । सिविल अस्पताल मे फिलहाल 8 पूराने और बुधवार को एक नए मिले मरीज का इलाज जारी है । राजनांदगांव जिला चिकित्सालय भेजे गए पांच मरीज भी बेहतर स्थिति मे है । नया करेला के एक ही गली मे बसे वार्ड मे 23 नवंबर से डायरिया के मरीज मिलने शुरू हूए थे । जो मंगलवार को बढक़र 52 तक पहुँच गए थे । मंगलवार को ही बड़ी संख्या मे गांव से मरीज उल्टी दस्त की शिकायत के बाद भर्ती कराए गए थे । मंगलवार को गांव मे स्थिति बिगडऩे की डर से स्वास्थ्य विभाग मे कैंप लगाकर ग्रामीणो की जांच की और दवाई वितरण किया । बुधवार को हालत सुधरने लगे ।

पाइपलाइन से दूषित पानी कारण

सिविल अस्पताल के बीएमओ डा विवेक बिसेन ने बताया कि नया करेला मे एक ही गली मे डायरिया पीड़ित सामने आए है । उस गली मे सप्लाई वाली पाइपलाइन मे लिकेज से गंदे पानी की सप्लाई को फिलहाल कारण माना जा रहा है । जानकारी के बाद लोकस्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को सूचना दी गई है वे जांच कर रहे है । पानी टंकी से सप्लाई भी रोकी गई है । लोगो को निजी बोर से पेयजल आपूर्ति का उपयोग करने कहा गया है । इधर ग्रामीणो ने पाइपलाइन और टंकी की नियमित सफाई नही करने पर पीएचई और पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाया है । ग्रामीणो ने सफाई मे लापरवाही करने, गंदे पानी की सप्लाई होने से डायरिया बढऩे का अंदेशा जताया है । डा बिसेन ने बताया कि गांव मे घर घर संपर्क कर स्वास्थ्य कार्यकर्ता ग्रामीणो की जांच मे जूटे है । दवाई वितरण भी कराया गया है । फिलहाल स्थिति सामान्य होने लगी है ।

न्यूज गैलरी

विवाह वर्षगांठ पर 39वां रक्तदान, सुमित-पूजा ने दिया मानवता का संदेश

मनेन्द्रगढ़ एमसीबी/नवप्रदेश। सामाजिक सेवा और मानवीय मूल्यों की मिसाल पेश करते हुए सुमित अग्रवाल और उनकी पत्नी पूजा अग्रवाल ने अपनी 14वीं विवाह वर्षगांठ पर रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। सुमित-पूजा का विवाह 26 नवंबर 2011 को हुआ था। वर्ष 2012 में बेटी के जन्म के समय सुमित ने पहली बार पत्नी को रक्तदान किया और उसी दिन एक परेशान महिला को भी रक्त उपलब्ध कराया। तभी से उनका यह नेक कार्य निरंतर जारी है। सुमित अग्रवाल पिछले कई वर्षों से न केवल अपने क्षेत्र बल्कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत हैं। उनका कहना है कि जिन लोगों ने रक्त की आवश्यकता के लिए संपर्क किया, उनमें से लगभग 90 प्रतिशत लोगों को सफलतापूर्वक रक्त उपलब्ध कराया गया। वे दाताओं और जरूरतमंदों के बीच सेतु बनकर समाज में जीवन बचाने का कार्य कर रहे हैं। अपनी 14वीं विवाह वर्षगांठ के मौके पर सुमित अग्रवाल ने 39वां रक्तदान कर फिर यह संदेश दिया कि विशेष दिनों को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि समाजहित और मानव सेवा के रूप में भी मनाया जा सकता है।

पत्रकार के घर आबकारी विभाग की टीम ने ली तलाशी, बैरंग लौटे

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। अवैध मादक पदार्थ शराब बिक्री के रोकथाम के लिए वर्तमान में लगातार आबकारी विभाग के द्वारा जगह-जगह तलाशी ले कर अवैध शराबखोरी बेचने पर रोक लगाने कार्यवाही की जा रही है। लेकिन अचानक लखनपुर क्षेत्र के जमगाला निवासी एक युवा पत्रकार राजेश गुप्ता के घर में भी आबकारी तलाशी टीम ने धावा बोल दिया आबकारी विभाग के अधिकारी के निर्देश पर कर्मचारियों ने घर की तलाशी ली । घर में कुछ नहीं मिला,और उन्हें खाली हाथ बैरंग वापस लौटना पड़ा 7आबकारी विभाग के इस कृत्य से पत्रकार राजेश प्रसाद गुप्ता आहत हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद ही नशा को खत्म करने के पक्षधर में हूं मेरे साथ राजनीति करके मुझे फसाने की साजिश की जा रही है। आज आबकारी विभाग के टीम ने मेरे घर की तलाशी ली है। जहां से उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ा, ।पहले भी राजनीति करके मुझे कई बार फसाने की प्रयास अदावत रखने वाले कई लोगों द्वारा किया जा चुका है। मैं प्रशासन से अनुरोध करता हूं कि मेरे सुरक्षा का इंतजाम करें। अन्यथा आने वाले समय में मुझे बहुत बड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है। आबकारी उप निरीक्षक आकाश कुमार साहू ने बताया कि आपके खिलाफ अवैध शराब रखने बेचने शिकायत प्राप्त हुआ था सूचना के आधार पर ही आपके घर की तलाशी ली गई है जहां मुझे कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव का मुंगेली में मित्र मंडली ने जन्मदिन समारोह आयोजित किया

नगर की जनता का प्यार और आशीर्वाद ही सबसे बड़ी पूंजी: अरुण साव

मुंगेली/नवप्रदेश। स्थानीय रेस्ट हाऊस में उपमुख्यमंत्री के मित्र मंडली द्वारा एक जन्मदिन समारोह के आयोजन पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा की इस आत्मीय आयोजन के लिए अपने मित्र मंडली, सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगर की जनता का प्यार और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, और वह हमेशा इस क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि वह प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे। श्री साव ने कहा कि यह यादगार पल है मै अपने परिवार जनों के बीच आया हूं जिस

उत्साह खुशी एवं आदर के साथ आपने आर्शीवाद दिया है यह मेंरे जीवन भर याद रखने वाला पल है।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और जिले के लोकप्रिय नेता अरुण साव का 57वां जन्म दिवस उनके गृह नगर में बड़े ही आत्मीय और सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। स्थानीय रेस्ट हाऊस में उपमुख्यमंत्री के मित्र मंडली द्वारा एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मित्र मंडली द्वारा आयोजित जन्मदिन समारोह के पूर्व मुंगेली व्यापार मेला का शुभारम्भ किया, तथा केक काट कर अपना जन्म दिन मनाया।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्मदिन–जन्मदिन समारोह देर तक हुआ। जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं और मित्रों ने गर्मजोशी से उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। श्री साव ने सभी उपस्थित लोगों के बीच अपना जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस अवसर पर, उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और माला पहनाकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके दीर्घायु, स्वस्थ जीवन और उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह– समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों, वरिष्ठ पदाधिकारियों, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यकर्ताओं ने अपने नेता के प्रति अटूट विश्वास व्यक्त करते हुए प्रदेश के विकास में उनके नेतृत्व की सराहना की। एक स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा, यह नगर के लिए गर्व का क्षण है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री आज भी अपने साथियों और आम जनता के बीच इतने सरल ढंग से अपना जन्मदिन मनाते हैं। उनकी सादगी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरववानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद पंचायत अध्यक्ष, रामकमल सिंह, जिला पंचायत सभापति उमाशंकर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिश शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष शैलेश पाठक, प्रेम आर्य सहित मित्र मंडली के आशीष मिश्रा, संजय वर्मा, सुनील पाठक, राणाप्रताप सिंह, जयप्रकाश मिश्रा, मोहन मल्लाह, अमितेश आर्य, विनोद यादव, सौरभ बाजपेई, बब्बू सिंह सहित बडी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने स्टार्स ऑफटुमारो टीम को सराहा

व्यापार मेला जिले की रचनात्मक पहचान: उपमुख्यमंत्री अरुण साव

मुंगेली/नवप्रदेश। व्यापार मेला धीरे-धीरे अपने दसवें वर्ष तक पहुंच गया । बीते 9 वर्षों में मुंगेली व्यापार ने क्षेत्र में अपनी नई पहचान स्थापित किया है । उद्योग और व्यापार के साथ-साथ कला और संस्कृति के क्षेत्र में टीम ने अनुकरणीय कार्य किया है । मुंगेली व्यापार मेला इस वर्ष नये स्वरूप में दिख रहा है । अगर व्यवस्था, साज सज्जा और कार्यक्रम को देखें तो निरंतर वर्ष दर वर्ष मेला का एक शानदार स्वरूप शहर को देखने मिल रहा है ।

पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां वीणापाणी, विघ्नहर्ता गणेश जी व मां भारती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अपने उद्बोधनन में कहा - मुंगेली की मिट्टी का संस्कार मेरे साथ हमेशा रहा । मुंगेली में रचनात्मक कार्यों के लिए युवाओं ने जो किया है, वह प्रशंसनीय है । मुंगेली

व्यापार मेला प्रदेश के बेहतरीन आयोजननों में से एक है । अपने जन्मदिन पर उर्जावान टीम के साथ समय बिताना सुखद संयोग है । जन्मदिन के अवसर पर इस टीम ने मुझे हजारों लोगों से आशीर्वाद दिलाया है। इन युवाओं को देखकर मुझे अपना विद्यार्थी जीवन याद आता है । मैं स्टार्स आफ टुमारो टीम को बधाई देता हूं। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा- छोटे से जिले में इतने भव्य आयोजन के लिए स्टार्स ऑफ टुमारो टीम की जितनी प्रशंसा की जाये कम है । यह मेला निरंतर उन्नति की ओर रहे, शुभकामनाएं देता । इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा - स्टार्स आफ टुमारो टीम ने वास्तव में शहर को एक त्यौहार दिया है । जिसकी प्रतीक्षा शहर के लोग वर्ष भर करते हैं । इस विशेष अवसर पर मैं उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई देता हूं एवं स्टार आफ टुमारो को सफल आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं । भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा दसवें वर्ष में और अधिक रौनक, विस्तारित और नया स्वरूप देखने को मिल रहा है । जिस तरह से नौ वर्षों से सफल और शानदार मेला का आयोजन कर रहे हैं साथ ही पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण भी कर रहे हैं । मैं पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं । कार्यक्रम का स्वागत भाषण में स्टार्स आफटुमारो के संयोजक रामपाल सिंह ने कहा - मुंगेली व्यापार मेला स्टार्स ऑफटुमारो का मेला नहीं बल्कि पूरे शहर का है । इसमें आप सबका सहयोग है और अपेक्षा है अपना सहयोग करते हैं । आप सभी का इस आयोजन में हार्दिक अभिनंदन है । मुंगेली व्यापार मेला लघु कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का एक उद्देश्य है । हम स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर देने के उद्देश्य से विद्यालयीन व महाविद्यालयीन छात्रों के साथ साथ नगर के नव प्रतिभा को मुंगेली गाट टैलेंट, साहित्य , मेहंदी, चित्रकला आदि प्रतियोगिता के माध्यम से शहर व प्रदेश के सामने लाना चाहते हैं । कार्यक्रम का संचालन सहसंयोजक रामशरण यादव ने किया।

विदेशी शराब से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर नाले में पलटी

■ 25 से 35 कार्टून क्षतिग्रस्त, चालक बाल-बाल बचा

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बिलासपुर से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जा रही विदेशी शराब से भरी एक गाड़ी सोमवार देर रात बड़े हादसे का शिकार हो गई। बिलासपुर-शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर जुनेजा पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पहले वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में पलट गया। गाड़ी में गोवा बियर ब्रांड की 495 कार्टून शराब लदी थी, जिनमें से लगभग 25 से 35 कार्टून क्षतिग्रस्त होकर टूट गए। हादसा रात करीब 12 बजे के आसपास होने की जानकारी है। सूचना मिलते ही पामगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पामगढ़ थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। इसके अलावा आबकारी विभाग के सुपरवाइजर व अन्य अधिकारी कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। सुबह तक शराब और वाहन की शिफ्टिंग का कार्य जारी रहा। हादसे के दौरान वाहन चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। राहत की बात है कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

छात्रावास में अव्यवस्था देख भड़के कलेक्टर, अधीक्षक को थमाया नोटिस

■ कलेक्टर ने अजा बालक छात्रावास का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आज मुंगेली स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में साफ-सफाई, भोजन और अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और छात्रावास अधीक्षक संतोष जांगड़े के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तत्काल प्रभाव से छात्रावास में स्वच्छता व्यवस्था सुधारने तथा बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास बच्चों के भविष्य निर्माण का केंद्र है, यहां शैक्षणिक वातावरण के साथ उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने मॉडल छात्रावास के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था करने, छात्रावास में सुरक्षा एवं निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने, बच्चों की पढ़ाई में तकनीकी सहयोग हेतु स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित खेलकूद गतिविधियों के आयोजन के भी निर्देश दिए, ताकि बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, एसडीओपी श्री मयंक तिवारी सहित आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त शिवकुमार बांधे मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविदा भर्ती के आदेश जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट अकाउंट असिस्टेंट, फिजियोथेरेपिस्ट, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर, ओटी टेक्निशियन, हाउस कीपिंग सहित अन्य पदों पर भर्ती हेतु 27 फरवरी 2024 को आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसका नियमानुसार प्रक्रिया उपरांत प्रतीक्षा सूची उपरांत नियुक्ति आदेश जारी किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए का अवलोकन किया जा सकता है।

चिरायु योजना के तहत छात्र की मोतियाबिंद का किया ऑपरेशन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना का जिले में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में योजना के तहत चिरायु टीम द्वारा जिले में स्कूलों और आंगनबाड़ियों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में चिरायु दल बी द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झझपुरीकला में कक्षा 07वीं में अध्ययनरत अश्वनी का स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान मोतियाबिंद समस्या का होना पाया गया। उसके पश्चात पिता ओंकार

साहू को ईलाज में होने वाली प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। उनकी सहमति के पश्चात जांच हेतु सिम्स चिकित्सालय ले जाया गया, जहां इन्हें आपरेशन की सलाह दी गई। आपरेशन के लिए चिन्हांकित दिवस में भर्ती किया गया और उपचार के पश्चात अश्वनी स्वस्थ होकर अपने घर वापस आ गए। अब अश्वनी के आंखों को नई रोशनी मिल गई। अश्वनी के माता-पिता ने शासन-प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिरायु दल का आभार व्यक्त किया। सिम्स में डॉ. प्रभा सोनवानी (एसोसिएट प्रोफेसर) द्वारा अश्वनी का सफल आपरेशन किया गया। चिरायु के नोडल अधिकारी डा. कमलेश खैरवार, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी. एस. दाऊ, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र पांडेय, डॉ. अखिलेश बंजारे एवं चिरायु टीम के डा. ज्योत्सना बिंझवार सहित चिकित्सकों का सहयोग रहा।

सजकता की पहचान होती है कानून की जानकारी: मजिस्ट्रेट केशरी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। संत शिरोमणि गुरु घासीदास महाविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,कर्मफल पब्लिक स्कूल पामगढ़ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आज भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ शिलू केशरी थे। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे थे सम्माननीय के जे राय सर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे राधाकांत केशरी, दिलीप कुमार सुमन सुरेन्द्र भार्गव प्राचार्य महाविद्यालय) अतिथियों द्वारा विश्व रत्न आधुनिक भारत के निर्माण करता संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के तैल चित्र में धूप द्वीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिले में धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। टोकन वितरण को लेकर किसानों के बीच बनी आशंकाओं को दूर करते हुए जिला प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब भूमि आधारित टोकन की संख्या तय होगी। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना ने बताया कि 02 एकड़ तक खेती करने वाले किसान 01 टोकन में पूरा धान बेच सकेंगे। 02 एकड़ से अधिक तथा 10 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को 02 टोकन प्रदान किए जाएंगे।

समिति अध्यक्ष को जान से मारने की मिली धमकी, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति ग्राम चांदो अध्यक्ष के साथ ग्राम बेलदगी अमदला के चार शराबियो द्वारा मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक परमेश्वर पोर्ते वल्द स्व0 आनंद राम पोर्ते उम्र 36 साल जाति गोड़ साकिन चांदो थाना लखनपुर 20 नवम्बर को धान खरीदी केंद्र कर्मचारियों के साथ था आपसी बातचीत कर रहे थे तभी आरोपी समरथ पैकरा, सुखनंदन पैकरा दोनों निवासी ग्राम बेलदगी तथा3- वीरपाल एवं एक अन्य अपरिचित व्यक्ति दोनों निवासी ग्राम अमदला थाना लखनपुर नशा किये हुये हालात आकर समिति अध्यक्ष कर्मचारियों जंप सदस्य ग्राम सरपंच को अश्लील गालियां देते हुये जान से मारने के धमकी

दिये।जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी परमेश्वर राम पोर्ते ने 25 नवंबर को थाना लखनपुर में उपस्थित आकर दर्ज कराया है। पुलिस मामले में धारा सदर 296 (ख) 351(2) 3(5) बीएनएस क़ायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

कार्यालय नगर पंचायत भानुप्रतापपुर जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग)

क्र./619/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 भानुप्रतापपुर, दिनांक 26/11/2025

-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत निम्न कार्य हेतु लो.नि.वि. द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 के प्रचलित दर पर निम्नानुसार आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का नाम	प्रांकल्लन राशि (लाख में)	अमानत राशि (टी.डी.आर./एफ.डी.आर. में)	समयावधि
1	180348	सामुदायिक भवन निर्माण कार्य भानुप्रतापपुर	50.00	37500.00	12 माह

उपरोक्त निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्तें उल्लेखित वेबसाईट एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

ई-प्रोक्यूरमेंट बीड सबमिट करने की अंतिम तिथि 23.12.2025 को शाम 5.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 26.12.2025 को शाम 5.30 बजे तक तथा ई-निविदा खोलने की तिथि 29.12.2025 को शाम 5.30 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर जिला कांकेर छ.ग.

शपथ पत्र

मै संजय नेताम पिता सुदेसिंह नेताम आयु 40 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम- कोकपुर तहसील कांकेर, जिला कांकेर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि मेरी पुत्री आनिया नेताम पिता संजय नेताम जिसका आधार कार्ड सं. 9225 5875 7139 है ।
3. यह कि प्राप्त आधार कार्ड मे पुत्री का नाम हिन्दी वर्णमाला के अनुसार नाम त्रुटिपूर्ण- I मात्र दर्ज नही है जिसमे पुत्री का नाम अन्या नेताम दर्ज है जो गलत है ।
4. यह कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम आन्या नेताम पिता संजय नेताम जाति गोंड है जो सही एंव सत्य है। [AANYA NETAM] सही नाम मेरे सभी दस्तावेजों पर इसी नाम अनुसार दर्ज है जो संलग्न कर पेश है।
5. यह कि मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड में कंडिका 04 के अनुसार दर्ज करा प्राप्त करना चाहता हूँ इस हेतु नियमों एवं शर्तों का पालन करने को तैयार हूँ ।

06. यह कि मेरे पुत्री के आधार कार्ड में मेरे पुत्री का नाम अनिया नेताम को सुधार आन्या नेताम को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं शासकीय / अर्द्धशासकीय दस्तावेजो व अन्य अभिलेखो में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तेवेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक यह सत्यापित करता / करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से कंडिका क्र 05 में दी गई सभी जानकारी सही व सत्य है मैने आज दिनांक 28.07.2025 को स्थान कांकेर मे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया / की हूँ।

सत्यापनकर्ता
संजय नेताम

प्रारूप-एक
(नियम 11 देखिए)
कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
अधिसूचना

भू-अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है अर्थात :-

जिला	तहसील	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल (हे.में)	लोक प्रयोजन का विवरण
रायगढ़	खरसिया	भागोडीह	0.436	लेवल क्रासिंग 316 पर रेलवे ओव्हर ब्रिज एवं अण्डर ब्रिज में भूमि अधिग्रहण एवं युटिलिटी शिफ्टिंग कार्य हेतु।

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 10/12/2025 को समय 11.00 बजे स्थान प्रा.शा.भ.भागोडीह पर नियत की गई है :-

प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

(1) लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण- रेलवे ओव्हर ब्रिज एवं अण्डर ब्रिज में भूमि अ धिग्रहण एवं युटिलिटी शिफ्टिंग कार्य हेतु।
(2) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या- 05
(3) अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या - निरंक
(4) प्रभावित क्षेत्र में निजी मकान तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या- निरंक
(5) प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकान तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या- निरंक
(6) क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ? - हां
(7) क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है?- हां
(8) परियोजना की कुल लागत - 54.80 लाख
(9) परियोजना से होने वाला लाभ- आवागमन हेतु पहुंच मार्ग का निर्माण
(10) प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिए उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय- 05 लाख
(11) परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक- निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सह भू-अर्जन अधिकारी, खरसिया जी-252605032/2 **कलेक्टर रायगढ़ (छ.ग.)**

बाघमारा व शिलांग में केंद्रीय की योजनाओं की व्यापक समीक्षा

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का तीन दिवसीय आधिकारिक दौरा शुरु, लोगों तक लाभ समय पर मिले सुनिश्चित करने पर जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने मेघालय के दक्षिण गारो हिल्स जिले के बाघमारा में अपने तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे की शुरुआत की। बाघमारा हेलीपैड पर उनके आगमन पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

अपने आधिकारिक कार्यक्रमों के तहत, श्री साहू ने बाघमारा सर्किट हाउस में विभिन्न क्षेत्रों के विभागाध्यक्षों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति और चुनौतियों पर गहन चर्चा की गई। श्री साहू ने कहा कि 'विकास पहलों में गति, शहरी चुनौतियों का समाधान और विभागीय लक्ष्यों को केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाना आवश्यक है। 'दोपहर बाद श्री

साहू शिलांग पहुँचे, जहाँ उन्होंने मेघालय सचिवालय में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सचिव एवं आयुक्त विजय कुमार, विभिन्न मंत्रालयों के मिशन निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं, विशेषकर शहरी विकास पहलों के क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान–योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों तक लाभों की समयबद्ध पहुँच सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

आवास, सुरक्षा व सामुदायिक सशक्तिकरण पर फोकस

दौरे के दौरान श्री साहू ने कई परियोजना स्थलों का निरीक्षण किया, जिनमें शामिल हैं रेन्टल हाउसिंग कॉम्प्लेक्सः निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की तथा समय-अवश्यंभावी पूर्णता के निर्देश दिए।

पीएमएवाई-अर्बन लाभार्थी भ्रमणः एक लाभार्थी के घर पहुँचकर योजना से प्राप्त हो रहे प्रत्यक्ष लाभों और जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन का आकलन किया।

बीएसएफ बॉर्डर आउटपोस्टः सुरक्षा अवसंरचना का निरीक्षण करते हुए तैनात जवानों से संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं पर चर्चा की।

स्वयं सहायता समूह : स्थानीय महिला समूहों से मिलकर उनके आजीविका प्रयासों, उपलब्धियों और चुनौतियों को जाना तथा उनके सतत आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित किया।

पूर्वोत्तर के समग्र विकास के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई

श्री साहू ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में संतुलित, समावेशी और तीव्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने राज्य प्रशासन, जिला अधिकारियों और विभिन्न हितधारकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि बहु-क्षेत्रीय विकास के लिए निरंतर समन्वय और सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

■ न्यूज गैलरी

जिला कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय बिलासपुर में आज 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। संविधान की मूल भावना के अनुरूप काम करने का सबने संकल्प लिया। आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने संविधान को अंगीकार किया था। जिसको याद में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। अपर कलेक्टर सुश्री ज्योति पटेल ने जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। शासन के निर्देशानुसार अन्य जिला कार्यालयों में भी संविधान दिवस मनाया गया।

संविलियन से पहले शिक्षा विभाग में नहीं थे शिक्षाकर्मी

हाईकोर्ट ने कहा- क्रमोन्नति के लिए पात्र नहीं; 1188 शिक्षकों की याचिकाएं खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने 10 साल सेवा अवधि के बाद शिक्षकों की क्रमोन्नति की मांग वाली 1188 याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस एनके व्यास ने अपने फैसले में कहा है कि संविलयन से पहले शिक्षाकर्मी स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन नहीं थे। इसलिए उन्हें क्रमोन्नति पाने की पात्रता नहीं है।

दरअसल, पंचायत विभाग में नियुक्त शिक्षाकर्मी ग्रेड-3, 2 और 1 का शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया। इसके बाद उन्हें सहायक शिक्षक (एलबी), शिक्षक (एलबी) और व्याख्याता (एलबी) पदनाम दिया गया। लेकिन, इन शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ नहीं दिया गया, जिस पर प्रदेश भर के 1188 शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं लगाई। इसमें कहा गया कि वे 10 साल की सेवा पूरी करने के बाद क्रमोन्नति के हकदार हैं।

लेकिन विभाग ने 2017 का वह आदेश लागू नहीं किया, जिसमें 10 साल बाद वेतनवृद्धि (क्रमोन्नति) देने की बात कही गई थी। शिक्षकों ने सोना साहू के मामले में हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच के फैसले के आधार पर क्रमोन्नति का लाभ देने की मांग की थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की तरफ से बताया गया कि याचिकाकर्ता शिक्षाकर्मी ग्रेड-3/ सहायक शिक्षक (पंचायत) के रूप में पंचायत राज अधिनियम, 1993 के तहत नियुक्त हुए थे और उनकी सेवा व नियंत्रण जनपद पंचायत के अधीन था। ऐसे में उन्हें संविलियन से पहले राज्य शासन का नियमित सरकारी सेवक नहीं माना जा सकता। वे क्रमोन्नति देने के लिए 10 मार्च 2017 को जारी सर्कुलर के आवश्यक मानदंड पूरी नहीं करते, क्योंकि उनकी सेवा अवधि की गणना केवल 1 जुलाई 2018 यानी संविलियन की तारीख से ही की जा सकती है। इसी के चलते वे 10 वर्ष की अनिवार्य योग्यता पूरी ही नहीं करते। हाईकोर्ट ने शासन के इन तर्कों को सही माना है।

संविलियन नीति के तहत किसी भी लाभ का दावा नहीं किया जा सकता

याचिकाकर्ताओं ने अपने पक्ष में सोना साहू मामले का हवाला दिया था। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि सोना साहू केस के तथ्य पूरी तरह अलग है, इसलिए समानता का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि संविलियन नीति 30 जून 2018 में स्पष्ट है कि पूर्व शिक्षाकर्मी केवल संविलियन की तारीख से ही शासकीय शिक्षक माने जाएंगे और उससे पहले के किसी भी लाभ, वेतन वृद्धि या क्रमोन्नति का दावा नहीं किया जा सकता।

श्री सप्तशती वैभव लक्ष्मी का हुआ हवन-पूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री सप्तशती वैभव लक्ष्मी का जप 6 महीनो से हर शुक्रवार को, श्री साईं कृपा हॉस्पिटल, सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा चल रहा है। सभी साधक एक साथ माता का आवाहन करते है, आवाहन के बाद माता का श्रृगार होता है फिर एक साथ सामूहिक जप 701 मन्त्रों का होता है और अंत में आरती होती है, समापन में उनको खीर का भोग लगाया जाता है। माता को कमल्हास्ता भी कहा जाता है, वह कमल के आसन पर विरजमान होती है और उनके हाथों में कमल शुषोभित रहता है। माता का जप सभी साधक कमलगट्टे की माला से कर रहे हैं माता के हवन का आयोजन 28 नवम्बर शुक्रवार को शाम 4 बजे किया जायेगा। यह पूर्णतः निशुल्क है, कोई जटिल नीयम है मां लक्ष्मी जिनकी कृपा के बिना यज्ञ हवन नहीं होता, खान-पान का वैभव नहीं होता, सुख सुविधाओं से संपन्न जीवन संभव नहीं होता। उस मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए महालक्ष्मी हवन किया जाता है। साथ मिलकर, यह मंत्र आध्यात्मिक विकास, मानसिक स्पष्टता, भौतिक समृद्धि और चुंबकत्व के लिए एक संपूर्ण आह्वान बन जाता है। नियमित जप मन को शुद्ध करने, आंतरिक ऊर्जाओं को संरेखित करने और जीवन में दैवीय और सांसारिक दोनों प्रकार के आशीर्वाद प्राप्त करने में मदद करता है।

पीएमश्री स्कूल मल्हार में हंगामाः छात्र की मौत ने खोल दी अव्यवस्था की पोल

■ **विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन**

मल्हार/नवप्रदेश। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का धैर्य बुधवार सुबह टूट गया। एक दिन पहले बीमार पड़े छात्र की मौत ने पूरे परिसर को अंदर तक हिला दिया और इसी गुस्से ने आज स्कूल गेट के बाहर भारी विरोध प्रदर्शन का रूप ले लिया। छात्रों का कहना है कि बीमार छात्र को समय पर उचित इलाज नहीं मिला और मौत की यह घटना किसी सामान्य चूक का नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही लापरवाही और कमजोर प्रबंधन व्यवस्था का परिणाम है।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आरोप लगाया है कि हॉस्टल और स्कूल परिसर में अव्यवस्था बढ़ती जा रही है, समस्याओं को बार-बार बताने के बावजूद प्रबंधन चुप्पी साधे रहता है और कई बार बच्चों से ऐसे काम करवाए जाते हैं, जो उनकी पढ़ाई और दिनचर्या के खिलाफ हैं। छात्राओं ने भी बहादुरी से सामने आकर कहा कि कैंपस में निगरानी व्यवस्था बेहद कमजोर है और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की गंभीर कमी है। उनका आरोप है कि मौत से जुड़ा मामला इसी गैर-जिम्मेदारी की देन है, जिसे अब किसी भी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। स्कूल प्रबंधन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, जबकि परिसर के अंदर और बाहर तनाव का माहौल बना हुआ है। छात्रों का कहना है कि यह विरोध सिर्फ एक मौत का मामला नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन है, जिसने समय रहते चेतावनी संकेतों को अनसुना कर दिया और कीमत एक मासूम जीवन को चुकानी पड़ी।

दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

सुबह गेट पर जमा हुए छात्रों ने नारेबाजी करते हुए मांग की कि मौत की पूरी जांच हो, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए और स्कूल में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएँ। उनका कहना है कि जब तक प्रशासन खुलकर जवाबदेही तय नहीं करेगा और सुधार की ठोस पहल नहीं होगी, उनका विरोध जारी रहेगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँच गए हैं, लेकिन छात्रों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा।

महिला आयोग की सुनवाई 28 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 28 नवम्बर 2025 को प्रार्थना भवन में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य पीड़ित महिलाओं के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सुबह 11 बजे से शुरू होगी। सुनवाई में बिलासपुर जिले से प्राप्त पीड़ित महिलाओं के आवेदनों और शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

जिला कार्यालय में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय बिलासपुर में आज 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। संविधान की मूल भावना के अनुरूप काम करने का सबने संकल्प लिया। आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने संविधान को अंगीकार किया था। जिसको याद में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। अपर कलेक्टर सुश्री ज्योति पटेल ने जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। शासन के निर्देशानुसार अन्य जिला कार्यालयों में भी संविधान दिवस मनाया गया।

कलेक्टर ने अनोखे अंदाज में किया बीएलओ का सम्मान

मॉल में पसंदीदा फिल्म दिखाने के साथ कराया सपरिवार लंच

बिलासपुर/नवप्रदेश। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर तखतपुर ब्लॉक के ग्राम बेलपान की बीएलओ दशमत ध्रुव को कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर शत प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य पूरा किया। आज बीएलओ दशमत ध्रुव को पुरस्कार स्वरूप परिवार सहित मैग्नेटो मॉल में फिल्म दिखाने और लंच की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई। दशमत ध्रुव ने बताया कि उनके क्षेत्र के 420 मतदाताओं का पूरा डेटा ऑनलाइन एंट्री के साथ समय पर पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि गांव में बाहर से आई बहुओं के डेटा एकत्र करने में प्रारंभिक कठिनाई आई, लेकिन उन्हें पूरी जानकारी समझाने के बाद आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हो सके। इससे उनका संपूर्ण कार्य समय पर पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि वे अपना कार्य पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से किया जिससे लक्ष्य पूरा हो सका। उन्होंने कहा कि कलेक्टर द्वारा सम्मानित किए जाने पर वे बहुत खुश है और गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। साथ ही पुरस्कार स्वरूप परिवार साहित फिल्म देखने और लंच ने उनके उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है, भविष्य में भी अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन बेहतर ढंग से करेंगे। उन्होंने बताया कि मॉल में उन्होंने 120 बहादुर फिल्म का आनंद लिया।

समूह की महिलाओं ने संविधान दिवस मनाया

बिल्हा /नवप्रदेश। संविधान दिवस पर आज 26 नवंबर को नगर पंचायत बिल्हा द्वारा समूह की महिलाओं द्वारा वार्ड क्रमांक 3 अग्रसेन वार्ड में संविधान दिवस मनाया गया। समूह के सभी सदस्यों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। यह भारत के मूल संविधान जैसे न्याय स्वतंत्रता सामान्य और बंधुत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की हटाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया। यह कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में मिशन प्रबंधक नेहा मितानिन समूह संगठन मंजूषा कुर्रे उपस्थित रहीं।

निरीक्षण | महात्मा गांधी उद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, बिल्हा हथनी पंचायत दुर्ग के कुलसचिव ने किया निरीक्षण

उद्यानिकी व वानिकी से जुड़े छात्रों को तकनीकी और व्यवहारिक ज्ञान से पूर्ण करना प्राथमिकताः कैरम

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा हथनी महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव यशवंत कैरम ने आज विश्वविद्यालय के अधीन संचालित महाविद्यालय बिल्हा हथनी का निरीक्षण किया। उनके साथ डीन डॉ. तोरण लाल साहू भी उपस्थित रहे। इस दौरान कुलसचिव ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान कार्यों तथा प्रायोगिक खेतों का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें सुरेश कुमार, सहायक प्राध्यापक (फ्लोरिकल्चर एवं लैंडस्केप आर्किटेक्चर), पुष्पांजलि पंकज, सहायक प्राध्यापक (सब्जी विज्ञान), डॉ. राकेश गिरी गोस्वामी, अतिथि शिक्षक (मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन), डॉ. यामिनी सिवाना, अतिथि शिक्षक (सब्जी विज्ञान),डॉ. संध्या साहू, अतिथि शिक्षक (पादप रोग विज्ञान), डॉ. मक्सूदन वर्मा, अतिथि शिक्षक (फलों का विज्ञान), डॉ. मुकेश पटेल, अतिथि शिक्षक (कीट विज्ञान), डॉ. रोहित कुमार, अतिथि शिक्षक (अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन) प्रमुख रूप से शामिल रहे। कुलसचिव ने प्रायोगिक खेतों में जारी फसल प्रदर्शन, छात्र प्रैक्टिकल गतिविधियों तथा शोध कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता, व्यावहारिक शिक्षा को और सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर कुलसचिव ने महाविद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उद्यानिकी एवं वानिकी से जुड़े छात्रों को तकनीकी और व्यवहारिक ज्ञान से परिपूर्ण करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निर्वहन करने तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रेरित किया। दौरा सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ और संकाय सदस्यों द्वारा कुलसचिव एवं डीन का आभार व्यक्त किया गया।

बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान....

तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और अंडमान में होगी जोरदार बारिश

नई दिल्ली। उत्तर भारत में अब कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू हो गई है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद उत्तर भारत में सर्दियों ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। वहीं, बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान की स्थिति बन रही है।

अगले 24 घंटे के भीतर अंडमान सागर में मौसम अचानक करवट ले सकता है। स्काईमेट ने अगले 48 घंटों के दौरान सेन्यार चक्रवाती तूफान के टकराने के संकेत दिए हैं। इस अवधि में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हवाएं चलेंगी और बादलों के गरजने के साथ भारी बारिश दर्ज की जाएगी।आईएमडी ने 25 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच कई दक्षिणी राज्यों में भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है। इस तूफान के कारण भारत के दक्षिणी और तटीय राज्यों में भारी बारिश, तेज हवाएं और बाढ़ की संभावना है। प्रभावित होने वाले प्रमुख राज्य हैं- तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र।

इन राज्यों में चलेगी शीतलहर

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में शीतलहर चलने के साथ-साथ बर्फबारी की संभावना है, जिसका असर हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान से लेकर बिहार और मध्य प्रदेश तक रहेगा।

दिल्ली में छाएगा कोहरा

दिल्ली में आज मौसम ठंडा रहेगा और सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। दिन में मौसम मुख्य रूप से साफ और धूप वाला रहेगा। अधिकतम तापमान लगभग 23एष्ट से 24एष्ट के बीच रहने की उम्मीद है और न्यूनतम तापमान लगभग 8°C से 10°C तक गिर सकता है। दिल्ली में पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट और अधिकतम तापमान 01 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया।

बांग्लादेश में यूनुस के खिलाफ हल्ला बोल, इस्तीफे की मांग

शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग ने उठाया झंडा

ढाका। बांग्लादेश की बर्खास्त पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सजा-ए-मौत मिलने के बाद भी उनकी पार्टी अवामी लीग ने देश के अंदर संघर्ष की राह नहीं छोड़ी है. अवामी लीग पार्टी की ओर से मंगलवार को घोषणा की गई कि वह 30 नवंबर तक पूरे देश में विरोध प्रदर्शन और प्रतिरोध मार्च आयोजित करेगी. पार्टी की ओर से यह फैसला उस समय लिया गया, जब बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल की ओर से हसीना को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। 17 नवंबर को इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल ने 78 साल की शेख हसीना और उनके कार्यकाल के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल को मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में फांसी की सजा दी थी. यह मुकदमा शेख हसीना की गैर-हाजिरी में हुआ, इसलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी आलोचना हुई, जबकि बांग्लादेश इसी फैसले की बिनाह पर भारत से हसीना का प्रत्यर्पण चाहता है. फिलहाल हसीना भारत में मौजूद हैं और बांग्लादेश का दावा है कि मौत की सजा पाए पूर्व गृहमंत्री कमाल भी भारत में ही छिपे हुए हैं। हसीना की पार्टी अवामी लीग ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि यह फैसला मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार की साजिश है, ताकि हसीना और उनकी पार्टी को अगले साल फरवरी में होने वाले चुनाव से बाहर रखा जा सके।

दिल्ली बम ब्लास्ट: सफेदपोश आतंकी का सातवां मददगार शोएब गिरफ्तार

घटनाक्रम और आरोपी की भूमिका

सूत्रों के अनुसार, शोएब की गिरफ्तारी के बाद मामले की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शोएब को पहले भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और फिर छोड़ दिया गया था। हालांकि, ताजा खुलासों के बाद उसे दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

फरीदाबाद। लाल किले के पास हुए कार बम धमाके के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। एनआईए ने फरीदाबाद से शोएब नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शोएब ने आतंकी उमर नबी को धमाके से ठीक पहले न केवल पनाह दी, बल्कि लॉजिस्टिक सपोर्ट भी मुहैया कराया था। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात हो गई है।

यह भी बताया जा रहा है कि शोएब ही मुख्य आतंकी डॉक्टर उमर को मेवात और नूंह जैसे इलाकों में ले गया था। वहां पर डॉक्टर उमर शोएब की बहन की घर ही ठहरा था।

दिल्ली के लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर 2025 को एक कार में हुए धमाका हुआ था। इस धमाके में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के बाहर हुए कार बम धमाके ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। घटना के तुरंत बाद एनआईए ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। ह्वद्ब की सघन जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आतंकी उमर उन नबी, जो इस हमले का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, को फरीदाबाद के धौज निवासी शोएब ने पनाह दी थी।

बरामदगी और एनआईए की जांच में नया अपडेट

गिरफ्तारी का यह महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब एक अन्य गिरफ्तार आरोपी, डॉक्टर मुज्जमिल ने पूछताछ के दौरान शोएब के घर का खुलासा किया। डॉक्टर मुज्जमिल की निशानदेही पर NIAने शोएब के घर से कुछ महत्वपूर्ण चीजें बरामद की हैं, जिनमें एक ग्राइंडर और अन्य सामग्रियां शामिल हैं। यह माना जा रहा है कि इन सामग्रियों का इस्तेमाल बम बनाने या अन्य आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा सकता था। एनआईए वर्तमान में शोएब से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि इस आतंकी मॉड्यूल के अन्य सदस्यों और उनके नापाक इरादों का पता लगाया जा सके।

गुलामी की मानसिकता को खत्म करता है संविधान: राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली। पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में बुधवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज के दिन 26 नवंबर 1949 में संविधान सभा के सदस्यों ने भारत संविधान के निर्माण का कार्य संपन्न किया था। आज के दिन हम भारत के लोगों ने अपने संविधान को अपनाया था।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'स्वाधीनता के बाद संविधान सभा ने भारत की अंतरिम संसद के रूप में भी कर्तव्य का निर्वाहन किया। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर हमारे संविधान के प्रमुख निर्माता में से थे। बाबा साहब के 125 वीं जयंती के वर्ष में यानी 26 नवंबर 2015 में प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था।'

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान राष्ट्र की पहचान की आधारशिला है और गुलामी की मानसिकता को त्यागने तथा राष्ट्रवादी सोच अपनाने का मार्गदर्शक दस्तावेज भी है।

इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने तीन तलाक, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), अनुच्छेद 370 समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि तीन तलाक से जुड़ी सामाजिक बुराई पर अंकुश लगाकर संसद ने हमारी बहनों और बेटियों के सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि जीसएटी के रूप में आजादी के बाद सबसे बड़ा कर सुधार देश के आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के खत्म होने से एक ऐसी बाधा हटी, जो देश के समग्र राजनीतिक एकीकरण में बाधा बन रही थी।

पुलिस थानों में सीसीटीवी को लेकर एससी की राज्य सरकारों को चेतावनी

नई दिल्ली। पुलिस स्टेशनों में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने 14 अक्टूबर को मामले पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकारों से जवाब मांगा था, लेकिन अभी तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने जवाब देने के लिए 3 हफ्ते का समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पुलिस स्टेशनों में ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों के काम न करने पर 3 हफ्ते में जवाब नहीं दिया गया, तो अगली सुनवाई में राज्यों के मुख्य सचिवों को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ दवे के अनुसार, अभी तक सिर्फ 11 राज्यों ने ही सुप्रीम कोर्ट के सवालों का जवाब दिया है। वहीं, केंद्र सरकार ने भी ह्वद्ब जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के संबंध में अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। केंद्र की तरफ से कोर्ट में मौजूद अटॉर्नी जनरल तुषार मेहता ने अदालत से 3 हफ्ते का समय मांगा है। दरअसल 4 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कस्टोडियल डेथ पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले पर कार्यवाही शुरू की थी। पिछले 7-8 महीनों में पुलिस कस्टडी में 11 लोगों की मौत हुई है।

नदी में गिरी कार पांच की मौत

बहराइच। लखीमपुर खीरी में शादी समारोह से लौट रही कार नदी में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी बहराइच के हैं। भतीजी की शादी से लौट रहे चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज के कर्मचारियों की कार मंगलवार देर रात लखीमपुर के शारदा नहर के पास सोती साइफन में गिर गई।

फिर फंसे कॉमेडियन कामरा, बीजेपी ने दी एक्शन की चेतावनी

नई दिल्ली। कॉमेडियन कुणाल कामरा ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस विवाद की वजह उनकी एक टी-शर्ट है। जिसे पहनकर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक फोटो शेयर की है। इस टी-शर्ट में कथित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मजाक उड़ाने की कोशिश की गई है। मामला सामने आने के बाद बीजेपी भड़क कई है और कॉमेडियन कामरा को कड़ी चेतावनी दी है। भाजपा नेताओं ने इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे अपमानजनक और भड़काऊ बताया है। वहीं, विवाद सामने आए के बाद कुणाल कामरा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया कि आरएसएस का संदर्भ देने वाली तस्वीर किसी कॉमेडी क्लब में नहीं खींची गई थी।

पुलिस कार्रवाई की चेतावनी

कुणाल कामरा के टी-शर्ट को लेकर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और मंगलवार को पुलिस कार्रवाई की चेतावनी दी है।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

दुर्लभ धातुओं पर सरकार का बड़ा कदम, कैबिनेट से 7280 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कुल ?19,919 करोड़ रुपये की चार बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें ?7,280 करोड़ की दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट निर्माण योजना शामिल है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा क्षेत्र के लिए अहम मानी जा रही है। इसके अलावा, पुणे मेट्रो विस्तार के लिए ?9,858 करोड़, देवभूमि द्वारका (ओखा)-कनालस रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए ?1,457 करोड़ और बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए ?1,324 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बक योजना के लिए 7,280 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को होने वाली बैठक में दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट के लिए एक नई प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए करीब 7,280 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित है, जो पहले के 2,500 करोड़ रुपये के अनुमानित पैकेज से लगभग तीन गुना अधिक है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब चीन ने निर्यात नियंत्रण कड़े कर दिए हैं। चीन वैश्विक दुर्लभ पृथ्वी कच्चे माल का 60-70त्न और प्रोसेसिंग का 90त्न हिस्सा नियंत्रित करता है।

केंद्रीय सरकार ने दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बक निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह की पहली योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य सिंटर किए गए ऋश्वरू के उत्पादन के लिए एकीकृत विनिर्माण सुविधाएं विकसित करना है, जिसमें दुर्लभ मृदा ऑक्साइड को धातुओं में, धातुओं को मिश्रधातुओं में और आखिर में मिश्रधातुओं को तैयार चुम्बकों में बदलने की प्रक्रिया शामिल होगी। योजना पर लगभग ?7,200 करोड़ का निवेश होगा। इसके तहत 1,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MTPA) की क्षमता का सृजन और 1,200 MTPA क्षमता वाली इकाइयों की स्थापना की जाएगी। योजना की अवधि कुल 7 वर्ष होगी, जिसमें विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 2 वर्ष का समय निर्धारित है।

गुवाहाटी टेस्ट में भारत की करारी हार, 408 रन से हारी टीम इंडिया

गुवाहाटी। साउथ अफ्रीका ने गुवाहाटी टेस्ट में भारत को 408 रन से हरा दिया है। टीम ने भारत को कोलकाता टेस्ट में 30 रन से हराया था। साउथ अफ्रीका ने 25 साल बाद भारत को उसके घर में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले साल 2000 में दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से हराया था। जसप्रीत बुमराह ने पहले मैच के दौरान साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा को बौना कहा था। बरसापारा स्टेडियम में बुधवार को 549 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम 140 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका ने चौथे दिन मंगलवार को अपनी दूसरी पारी 260/5 के स्कोर पर घोषित कर दी। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीत कर पहली पारी में 489 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 201 रन सिमट गई थी। इस तरह भारत को टेस्ट जीतने के लिए 549 रन का टारगेट मिला था। साइमन हार्मर प्लेयर ऑफद सीरीज साउथ अफ्रीकी स्पिनर साइमन हार्मर को प्लेयर ऑफद सीरीज चुना गया। उन्होंने 2 मैच की सीरीज में 17 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 93 रन बनाए और 48 रन देकर 6 विकेट झटके। यानसन को दूसरी पारी में भी एक विकेट मिला।

3 बीवियों के साथ कन्फ्यूजन और धमाल लेकर आ रहे कपिल

मुंबई। एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। कपिल शर्मा की मचअवेटेड फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 का दमदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म धमाकेदार कंफ्यूजन, ड्रामा और हंसी के ठहाकों से भरी पड़ी है जो आपको पेट पकड़कर हंसने के लिए मजबूर कर देगी। ये ट्रेलर आपको एक झलक देगा कि कैसे कपिल शर्मा कई सारी शादियों में फंस जाते हैं। इस पागलपन के साथ, कपिल शर्मा निकाह से लेकर फेरों और गुरुद्वारे तक, हर तरह की शादी में खुद को पाते हैं। ट्रेलर का कन्फ्यूजन और नॉन स्टॉर कॉमेडी ये वादा करती है कि 12 दिसंबर को जब फिल्म रिलीज होगी तब मनोरंजन का जबरदस्त डोज मिलने वाला है। ट्रेलर जारी करते हुए कपिल ने लिखा,÷4 पत्नियां...!! इसे घर पर ट्राई न करें, यह स्टंट हमारे एक्सपर्ट ने किया है..ऌकिसकिसकोप्यारकरूं2 सिनेमाघरों में 12 दिसंबर 2025 को।÷ इसके ट्रेलर को देखकर पता चल रहा है कि तीन बीवीयों वाले कपिल चौथी बीवी की तलाश में हैं। इस ट्रेलर की शुरुआत में कपिल साफ कहते हुए दिख रहे हैं,'एक लड़की से प्यार करता हूं, उसके लिए हिंदू से मुसलमान बना और मुसलमान से क्रिश्चियन बना लेकिन फिर भी वो मुझे नहीं मिली। बल्कि तीनों धर्मों से एक-एक बीवी मिल गई फादर।' यानी साफहै कि कपिल की जिंदगी में ढेर सारा तूफान आने वाला है।

एचडीएफसी बैंक, कांतार ब्रांड्स की इंडिया के सबसे वैल्यूएबल ब्रांड्स 2025 की लिस्ट में नंबर 1 पर

मुंबई। भारत के लीडिंग प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक को कांतार ब्रांड्स की टॉप 100 सबसे वैल्यूएबल इंडियन ब्रांड्स रिपोर्ट के अनुसार देश का सबसे वैल्यूएबल ब्रांड माना गया है। यह वैल्यूएशन बैंक के डिजिटल इनोवेशन और कस्टमर-सेंट्रिक स्ट्रेटेजी के प्रति कमिटमेंट की वजह से है। एचडीएफसी बैंक की ब्रांड वैल्यू 2024 में 38.3 बिलियन डॉलर से 18 परसेंट बढ़कर 44.9 बिलियन डॉलर हो गई। 2014 में जारी पहली ब्रांड्स इंडिया रिपोर्ट के बाद से इसमें 377 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के 12 सालों में से आठ सालों में बैंक को नंबर 1 रैंक मिला है। अपने एडिटोरियल में कांतार ने कहा, ÷एचडीएफसी बैंक की ग्रोथ लगातार इनोवेशन और कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए नई टेक्नोलॉजी में इन्वेस्टमेंट से हुई है, जिसमें विजिल आंटी का लॉन्च भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी, 238 पदों पर होगी भर्ती

■ 1 दिसंबर से भरे जाएंगे आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा-2025 का विज्ञापन जारी कर दिया है। इस भर्ती के माध्यम से राज्य की विभिन्न सेवाओं में कुल 238 पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

2024 में 246 पदों के लिए नोटिफिकेशन था, इस वर्ष 238 पदों के साथ भर्ती जारी की गई है। यह संख्या पिछले कई वर्षों की तरह लगभग 200-250 के दायरे में बनी हुई है, जिससे राज्य में प्रशासनिक सेवाओं की निरंतर मांग दिखती है।

आयु सीमा, आरक्षण व अन्य पात्रता

- आयु सीमा (सामान्य वर्ग के लिए)- 1 जनवरी 2025 को 21 से 30 वर्ष
- छत्तीसगढ़ स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष (35 + 5 साल छूट)
- अन्य आरक्षित श्रेणियां- अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला उम्मीदवार, विधवा/ परित्यक्ता, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग नियमानुसार अतिरिक्त आयु छूट दी गई है।
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री। अंतिम वर्ष/सेमेस्टर परिणाम घोषित न हुआ हो तो भी प्रारंभिक परीक्षा दे सकते हैं; लेकिन मुख्य परीक्षा तक डिग्री अनिवार्य होगी।

इस बार सर्वाधिक 51 पद नायब तहसीलदार के लिए हैं, जो राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित होंगे। इसके बाद 29 पद मुख्य नगर पालिका अधिकारी (कक्षा 'ग'), और 28 पद राज्य पुलिस सेवा (उप पुलिस अधीक्षक) के लिए आए हैं।

अन्य महत्वपूर्ण पद

- मुख्य नगर पालिका अधिकारी (कक्षा 'ख'): 18 पद
- छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी: 15 पद
- छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा (उप जिलाधिकारी): 14 पद
- राज्य कर निरीक्षक: 16 पद
- उप पंजीयक: 12 पद
- आबकारी उप-निरीक्षक: 11 पद
- राज्य कर सहायक आयुक्त: 10 पद

चयन प्रक्रिया

- परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी
- प्रारंभिक परीक्षा (स्क्रीनिंग टेस्ट)- दो पेपर: सामान्य अध्ययन और योग्यता परीक्षा, वस्तुनिष्ठ आधार पर।
- मुख्य परीक्षा- वर्णनात्मक पेपर, भाषा (हिंदी/अंग्रेजी/छत्तीसगढ़ी), निबंध, सामान्य अध्ययन सहित विविध विषय।
- साक्षात्कार / व्यक्तित्व परीक्षण- लिखित परीक्षा + साक्षात्कार के आधार पर कुल अंक 1500 में से उम्मीदवारों का चयन होगा।
- पिछले एक दशक के आंकड़ों पर नजर डालने से पता चलता है कि राज्य सेवा परीक्षा में पदों की संख्या में उतार-चढ़ाव रहा है। वर्ष 2015 में सर्वाधिक 352 पदों की भर्ती हुई थी, जबकि कोविड वर्ष 2020-21 में 171-175 पदों तक संख्या घट गई थी।

आवेदन तिथि व परीक्षा की रूपरेखा

- **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ:** 1 दिसंबर 2025, दोपहर 12:00 बजे
- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 30 दिसंबर 2025, रात्रि 11:59 बजे
- **त्रुटि सुधार** : 31 दिसंबर 2025 - 2 जनवरी 2026 (मुफ्त)
- **सशुल्क त्रुटि सुधार:** 3 - 5 जनवरी 2026 (500 शुल्क)
- **प्रारंभिक परीक्षा की संभावित तिथि:** 22 फरवरी 2026 (सुबह 10:00-12:00 और दोपहर 3:00-5:00 बजे)
- **मुख्य परीक्षा की संभावित तिथियां:** 16, 17, 18 एवं 19 मई 2026
- आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे; किसी भी प्रकार के डाक या मैन्युअल आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

27 नवंबर से रायपुर की रोड पर वन-वे होगा लागू

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में बन रहे स्काई वॉक पर स्लैब और गर्डर लॉन्चिंग का काम शुरू होगा। इसके लिए शास्त्री चौक से मेकाहारा, मल्टीलेवल पार्किंग और जयस्तंभ चौक जाने वाली सड़क 27 नवंबर से रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक एक महीने के लिए वन वे होगा।

शास्त्री चौक से मेकाहारा चौक तक वन-वे होगा लागू

प्रशासन ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। पहले शास्त्री चौक से मल्टीलेवल पार्किंग तक जयस्तंभ चौक जाने वाली सड़क 15 दिन तक, इसके बाद शास्त्री चौक से मेकाहारा चौक तक जाने वाली सड़क 15 दिन तक वन वे होगी।

कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि सड़क के वन वे किए जाने के बाद सड़क पर पर्याप्त संख्या में रिफ्लेक्टिव बेरिकेड्स लगाकर बंद करेंगे। वाहनों को परिवर्तित करने एवं यातायात संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में गार्ड्र्स की व्यवस्था करेंगे। वहीं बंद सड़क के शुरुआत और अंत में वन वे का सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य है।

भारी वाहन चालकों की आंखों की होगी जांच

पिछले साल छह दिन चला था यह अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में भारी वाहन चालकों की आंखों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाने की संभावना है। पिछले साल यह अभियान 23 से 28 दिसंबर तक नेशनल हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा पर चला था। इन्हीं स्थानों पर ड्राइवरों की आंखों की जांच की गई थी। चश्मा नंबर लगने पर सामान्य नंबर का चश्मा मौके पर दिया गया। वहीं गंभीर समस्या होने पर आंबेडकर अस्पताल समेत बड़े चिकित्सालयों में भर्ती कर इलाज किया गया। जिन जिलों में टोल प्लाजा है, वहां 5 नेत्र सहायकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक नेत्र परीक्षण किया जाएगा। 6 दिनों तक चलने वाले नेत्र परीक्षण में सभी ड्राइवर कवर नहीं पाए थे। जानकारों के अनुसार ड्राइवरों की आंखों की जांच साल में कम से चार से पांच बार होनी चाहिए। दरअसल कई ड्राइवर की आंखें कमजोर होती हैं। इस कारण भी सड़क दुर्घटना होती है। उन्हें चश्मे लगाने की भी जरूरत होती है, वे भी नहीं लगाते। कई ड्राइवरों को कलर विजन की समस्या होती है। ऐसे में वे कलर नहीं पहचान पाते। सिग्नल का कलर नहीं पहचानने से भी दुर्घटना हो सकती है। नेत्र रोग विशेषज्ञों के अनुसार 40 या इससे अधिक उम्र के लोगों को सालभर में एक बार आंख की जांच जरूर करानी चाहिए।

गैंगस्टर सुनील को प्रोडक्शन वारंट पर झारखंड से लाकर पूछताछ करेगी पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। झारखंड की जेल में बंद गैंगस्टर सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को रायपुर लाकर पुलिस पूछताछ करेगी। उसे प्रोडक्शन वारंट पर 10 दिसंबर को लाने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार सिंह ने आदेश जारी किया है। आरोपी सुनील जुलाई 2024 में तेलीबांधा स्थित पीआरए ग्रुप के दफ्तर में हुए शूटआउट मामले में प्रमुख आरोपित है। इस घटना में गैंगस्टर अमन साव के शूटरों ने ऑफिस के बाहर फायरिंग की थी। बता दें कि अमन को अक्टूबर 2024 में प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लाया गया था। झारखंड वापस ले जाते समय भागने की कोशिश करने और पुलिस दल पर हमला के दौरान मुठभेड़ में वह मारा गया था। इसके बाद गैंग को सुनील ऑपरेट कर रहा था। इंटरपोल की मदद से अजरबैजान में गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा गया है। सुनील को इंटरनेशनल गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई का करीबी भी माना जाता है और अमन एवं लारेंस नेटवर्क के बीच कड़ी के रूप में काम करने के इनपुट भी मिले हैं। उक्त सभी के संबंध में रायपुर पुलिस पूछताछ करेगी।

टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टॉफ भर्ती के लिए आवेदन 8 तक

रायपुर/नवप्रदेश। हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर में टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती के लिए आवेदन जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से 8 दिसंबर की शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें टीचिंग में स्टाफ में प्रोफेसर के 11, एसोसिएट प्रोफेसर के 13, असिस्टेंट प्रोफेसर के 29 पदों में भर्ती की जाएगी। वहीं, नॉन टीचिंग में फाइनेंस ऑफिसर के 1, असिस्टेंट लाइब्रेरियन के 1 पद, सिस्टम मैनेजर के 1, पर्सनल सेक्रेटरी के 1, असिस्टेंट ग्रेड 2 के 1, सब इंजीनियर सिविल के 1, सब इंजीनियर इलेक्ट्रिकल के 1, अकाउंट्स असिस्टेंट के 1, मल्टीमीडिया डिजाइनर के 1, स्पोर्ट्स असिस्टेंट कम जीम इंस्ट्रक्टर मेल और फीमेल के 1-1, ड्राइवर के 3, ऑफिस असिस्टेंट के 2, गार्डनर कम अटेंडेंट के दो पदों के लिए वैकेंसी निकाली गई है।

मुद्रण-लेखन सामग्री विभाग के पदों की परीक्षा 30 को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने मुद्रण व लेखन सामग्री विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों की लिखित भर्ती परीक्षा के प्रवेश-पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षा 30 नवंबर को सुबह 11 बजे से 12.15 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के जरिए विभाग के कॉपी होल्डर, प्लेट मेकर, ग्रेनिंग मशीन ऑपरेटर, फास्ट डिजिटल प्रिंटर ऑपरेटर, कनिष्ठ सिंगल कलर मशीन ऑपरेटर, सिंगल कलर सीटफेड ऑपरेटर, ट्रेसर/ रिटेचर/पेस्टर, जूनियर रीडर के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा होगी। अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र के संबंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन 07712972780 एवं 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं।

796 बकायादारों के जीपीएस से काटे गए कनेक्शन, मचा हड़कंप

रायपुर/बिलपासपुररायपुर/नव प्रदेश। विद्युत वितरण कंपनी स्मार्ट मीटर लगने के बाद स्मार्ट हो गया है। पहले बकायादारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने के लिए घर-घर घूमना पड़ता था। ओएण्डएम सर्किल के तीनों डिवीजन के 796 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन सीधे जीपीएस से ऑफिस से काट दिए गए। इससे बकायादारों में हड़कंप मच गया। 260 बकायादारों ने ऑफिस पहुंचकर बकाया बिल का भुगतान किया। तब उनके कनेक्शन जोड़े गए।

सोमवार को सुबह 10 बजे एक स्थान ओएण्डएम सर्किल के तीनों डिवीजन के 796 बकायादारों के घर और दुकानों की बिजली सीधे जीपीएस के माध्यम से रायपुर स्थित स्मार्ट मीटर के सरवर रूम से काट दिया गया। इसके साथ ही बकायादारों के प्रतिष्ठानों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। कनेक्शन कटने के साथ ही बकायादारों में हड़कम्प मच गया। उनके द्वारा बिजली ऑफिस से संपर्क किया गया। वहां जाने के बाद उनको बकाया राशि का भुगतान करने के बाद विद्युत कनेक्शन जोड़ने की बात कहीं गई।

पहले ही दिन 260 बकायादारों ने बिजली ऑफिस पहुंचकर बिजली बिल का भुगतान किया। इसके बाद उनका विद्युत कनेक्शन बहाल कर दिया गया। कंपनी द्वारा पिछले साल करीब चौदह सौ बकायादारों के विद्युत कनेक्शन जीपीएस से पिछले साल काटे गए थे। इस साल पहली बार उक्त तरीके से बकायादारों बिजली बंद किए गए हैं। ज्ञात हो कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पुराने इलेक्ट्रानिक मीटर के स्थान पर नया स्मार्ट मीटर लगाए जा रहा है। यह मीटर जीपीएस से ऑपरेट होता है। उसमें कई सुविधाएं है। उपभोक्ताओं के घरों में जाए बिना रीडिंग दर्ज कर बिजली बिल जारी किया जा सकता है। साथ ही मीटर में किसी प्रकार की छेड़छाड़ होने पर सिस्टम एलर्ट कर देता है। वहीं किसी भी कारणों से खपत कम होने पर भी चेतावनी मिल जाती है। स्मार्ट मीटर को आगे चलकर प्री पेड मीटर में भी बदलने की योजना है। जिससे विद्युत कंपनी की बकाया राशि की समस्या का स्थाई रूप से समाधान हो जाएगा।

एक ही दिन में हुई 28 लाख रुपए की बकाया वसूली

विद्युत वितरण कंपनी के ओएण्डएम डिवीजन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, मुंगेली और पेण्ड्रा में स्मार्ट तरीके से बकायादारों से मीटर काटने के बाद पहले ही दिन दो सौ साठ उपभोक्ताओं ने 28 लाख रूपए की वसूली हुई। वहीं शेष बकायादारों की विद्युत कनेक्शन बिल भुगतान के बाद जोड़े जाएंगे। बिना भुगतान जोड़ने पर उनके खिलाफ पुलिस एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

कनेक्शन काटने से पहले तीन दिन दिया गया अल्टीमेटम

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर वाले बकायादारों की बिजली सीधे नहीं काटी जा रही है। लंबे समय तक बिल का भुगतान नहीं करने पर उनको तीन दिनों तक लगातार एसएमएस भेजा जा रहा है। इसके बाद भी उनके द्वारा बिल भुगतान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाने पर विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया जा रहा है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इस तरह की कार्रवाई आगे भी किया जाएगा।

अगर छत्तीसगढ़ को बचाना है तो सभी को एक होना पड़ेगा : अमित जोगी

रायपुर/नवप्रदेश। जनता छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कांग्रेस के साथ जाने का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि ये समय साथ आने का है। अगर छत्तीसगढ़ को बचाना है तो सभी को साथ आना होगा। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार से मेरा पारिवारिक संबंध है। वो हमेशा मुखिया रहेंगे।

'कांग्रेस में इनकमिंग बंद, केवल आउटगोइंग चल रही'

अमित जोगी ने कहा, 'अगर छत्तीसगढ़ को हमको अडानीगढ़ बनने से बचाना है तो फासीवादी ताकतों को हमको रोकना पड़ेगा। आपस में लड़कर उनको नहीं रोका जा सकता है। देश में कांग्रेस की क्या स्थिति है, ये किसी से छिपी नहीं है। पार्टी की इनकमिंग बंद है, केवल आउटगगोइंग ही चल रही है। ऐसे में देश मे 42 पहचान वाली राजनीतिक पार्टियां है। हमने विलय का प्रस्ताव देश और प्रदेश हित में दिया गया है। कोई व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए ये प्रस्ताव नहीं दिया गया है। मुझे लगता है कि हमको मिलकर भाजपा की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। हमको लगता है कि विलय की प्रक्रिया ये टॉप टू डाउन नहीं होनी चाहिए। ये नीचे से ऊपर होनी चाहिए। यहां के लोगों को तय करना चाहिए।'

'मेरे बच्चे का नाम सोनिया गांधी ने रखा था'

वहीं गांधी परिवार से अमित जोगी ने पारिवारिक संबंध बताया है। अमित जोगी ने कहा, 'जहां तक सोनिया गांधी राहुल गांधी की बात है, तो मैं मानता हूं और मेरे पिताजी भी मानते थे। वो जोगी परिवार के तब भी मुखिया थे और अभी भी मुखिया हैं। मेरे बेटे का नाम जब रखने की बात आई तो मेरे बेटे के नाम मैंने और मेरी मां ने नहीं रखा था। मेरे बेटे का नाम सोनिया गांधी ने रखा था। लेकिन पारिवारिक संबंध अपनी जगह हैं। लेकिन मैं चाहता हूं कि प्रदेश के सभी नेता एक हो जाएं। क्योंकि मुझे उन्हीं नेता के साथ मिलकर काम करना है।'

स्टूडेंट को हर माह 3.30 करोड़ स्टायपेंड बांट रहा कॉलेज

रायपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज हर माह 629 विद्यार्थियों को 3 करोड़ 29 लाख 12 हजार 200 रुपए स्टायपेंड बांट रहा है। इनमें 228 इंटर्न व बाकी पीजी यानी एमडी, एमएस व एमसीएच के स्टूडेंट शामिल हैं। पीजी का एडमिशन अभी शुरू नहीं हुआ है। विद्यार्थियों के आने के बाद स्टायपेंड की राशि बढ़ जाएगी।

नेशनल मेडिकल कमीशन ने छत्तीसगढ़ समेत देश के सभी मेडिकल कॉलेजों को पत्र लिखकर इंटर्न व पीजी छात्रों को दिए जाने वाले स्टायपेंड की जानकारी मांगी थी। एनमएसी को शिकायत मिली थी कि कुछ निजी मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट्स को कम स्टायपेंड दे रहे हैं। विद्यार्थियों ने इसकी शिकायत ऑनलाइन भी की थी। इसके बाद सभी कॉलेजों ने एनएमसी को स्टायपेंड की जानकारी भेजी है। नेहरू मेडिकल कॉलेज एमडी-एमएस की 146 व डीकेएस में एमसीएच की 18 के करीब सीटें हैं।

इंटर्न को हर माह 15600 रुपए, पीजी फर्स्ट ईयर को 67500 रुपए, सेकंड ईयर को 71450 रुपए व फाइनल ईयर वालों को 74600 रुपए स्टायपेंड दिया जा रहा है। एमसीएच के लिए भी यही स्टायपेंड दिया जा रहा है। निजी मेडिकल कॉलेजों में सरकारी जैसे स्टायपेंड दिया जाता है। हालांकि कुछ कॉलेज खेल भी कर देते हैं। भिलाई स्थित एक निजी कॉलेज कम फीस का हवाला देकर कम स्टायपेंड दे रहा है। मामला हाईकोर्ट में भी गया था। दरअसल निजी मेडिकल कॉलेजों में नॉन क्लीनिकल सीटों की फीस 7 लाख व क्लीनिकल की 10 लाख सालाना फीस है। नॉन क्लीनिकल सीटों के लिए कॉलेजों को जेब से स्टायपेंड देना होगा। हालांकि निजी कॉलेजों में ये सीटें कभी नहीं भरतीं।

रायपुर रेलवे स्टेशन पर खुलेगा एग्जीक्यूटिव पेड लाउंज, हेल्दी फूड कैफे, स्वास्थ्य समेत वाई-फाई और चार्जिंग सुविधा भी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेलवे स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। अब यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर खड़े होकर ट्रेन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि रेलवे ने एग्जीक्यूटिव पेड लाउंज के लिए टेंडर फाइनल कर दिया है। स्टेशन पर यह सुविधा एक सप्ताह के भीतर शुरू हो जाएगी।

रायपुर रेलवे स्टेशन पर खुलेगा एग्जीक्यूटिव पेड लाउंज, मिलेगी कई सुविधा: एग्जीक्यूटिव पेड लाउंज में यात्रियों को एक घंटे के लिए 30 और दो घंटे के लिए 60 रुपए देने होंगे। यह लाउंज पूरी तरह वातानुकूलित होगा, जिसमें आरामदायक एर्गोनॉमिक कुर्सियां, टीवी, खाने-पीने की व्यवस्था, वाई-फाई, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट और अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा यात्री यहां योग और ध्यान भी कर सकेंगे। हेल्दी ड्रिंक और हेल्दी फूड कैफे भी लाउंज का हिस्सा होंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, टेंडर फाइनल हो गया है और कंपनी जल्द काम संभाल लेगी। यह लाउंज प्लेटफॉर्म 1 पर बनाया जा रहा है।

भीड़ से मिलेगी राहत

रायपुर स्टेशन हावड़ा-मुंबई मार्ग का प्रमुख स्टेशन है। यहां चार वेटिंग हॉल हैं- दो एसी और दो नॉन एसी-जिनमें कुल 1200 से ज्यादा यात्री रुक सकते हैं, लेकिन त्योहारों में यात्रियों की संख्या 70 हजार से बढ़कर एक लाख तक पहुंच जाती है, जिसके कारण वेटिंग हॉल अक्सर भर जाते हैं। ट्रेनें लेट होने पर यात्री जगह-जगह बैठने को मजबूर हो जाते हैं।

मिनट टू मिनट अपडेट जानकारी प्लेटफार्म पर लगाई जा रही स्क्रीन पर ही मिलती रहेगी

स्क्रीन पर ही दिखाई देगा ट्रेन का रनिंग स्टेटस

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही ऑटोमेटेड पैसेंजर इनफॉर्मेशन सिस्टम (एपीआईएस) प्रारंभ किया जाने वाला है। इससे यात्रियों को ट्रेन आने के चार घंटे पहले से ही मिनट टू मिनट अपडेट जानकारी प्लेटफार्म पर लगाई जा रही स्क्रीन पर ही मिलती रहेगी। इसके चलते यात्रियों को ट्रेन के संबंध में जानकारी लेने पूछताछ केंद्र नहीं जाना पड़ेगा। वहीं यात्रियों को बार-बार मोबाइल एप्लीकेशन पर अपडेट देखने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। रेलवे ने एपीआईएस का ट्रॉयल भी प्लेटफार्म पर कर लिया है। रेलवे अफसरों ने बताया कि इसकी शुरुआत रायपुर मंडल में सबसे पहले रायपुर स्टेशन से की जाएगी। इसके बाद इसे बाकी स्टेशनों पर लगाया जाएगा। इससे यात्रियों को बार-बार मोबाइल फोन पर ट्रेन का स्टेटस देखने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

एपीआईएस में सिम-आधारित इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ प्लेटफार्मों पर स्क्रीन लगाई जा रही है, जो क्रिस के सर्वर से सीधे ट्रेन संचालन से जुड़ा डेटा दिखाएगी। ट्रेन किस समय आएगी, कितनी देरी चल रही है, किस प्लेटफार्म पर आएगी यह सभी जानकारी रियल टाइम अपडेट होगी। तकनीकी वजहों से यदि प्लेटफार्म बदलता है, तो यह भी तुरंत स्क्रीन पर दिख जाएगा। स्क्रीन पर इंजन के पीछे कोचों का क्रम भी दिखाई देगा।

कस्टम मिलिंग घोटाले में जेल भेजे गए दीपेन्द्र की रिमांड 5 तक बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। कस्टम मिलिंग घोटाले में जेल भेजे गए दीपेन्द्र चावड़ा की न्यायिक रिमांड को 5 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। आरोपी को ईओडब्ल्यू ने मिलिंग घोटाले में 2000 करोड़ रुपए वसूली कर उसे सिंडिकेट में शामिल लोगों तक पहुंचाने के आरोप में 12 सितंबर को गिरतार किया था। बता दें कि इस घोटाले में फरवरी 2025 में तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी एवं रोशन चन्द्राकर के खिलाफ विशेष न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है। इस प्रकरण में मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर को जमानत पर रिहा किया गया है। वहीं पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा एवं कारोबारी अनवर ढेबर के खिलाफ विवेचना चल रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com